
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए अधिकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार




# जागरूक जनता

jagrukjanta.net

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - त्रयोदशी, संवत 2078 | पृष्ठ : 8+6 (डिजिटल) | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-19, 7 जुलाई - 13 जुलाई, 2021 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## कोरोना को आमंत्रण देती जन्मदिन पर एकत्र होती भीड़!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

कोरोना महामारी की त्रासदी से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार सख्ती से लॉकडाउन का पालन करवा रही है और जनता को वेक्सीन लगवाने के लिए समझा रही है। गाइड लाइन के अनुसार कहीं भी भीड़ जुटाने की मनाही की जा रही है। यहां तक कि शादी-विवाह और मांगलिक कार्यों एवं दाहसंस्कार में भी बहुत ही सीमित 20-25 आदमियों की इजाजत दी जा रही है। मगर कुछेक लोग और जन प्रतिनिधियों के ऊपर इन तमाम बातों का कोई असर ही नहीं दिखाई दे रहा है। उनके लिए तो ये गाइड लाइन है ही नहीं। जनप्रतिनिधि किसी भी बहाने अपनी लोकप्रियता का मूल्यांकन करते ही रहते हैं। कहीं शादी-विवाह में तो कहीं जन्म दिन मनाने के नाम पर भीड़ जुटा ही लेते हैं। और जब भीड़ जुटाने की बात आती है तो कोई न कोई बहाना बनाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। अप्रैल-मई में जिस वक्त कोरोना से आमजन त्राहि-त्राहि कर रहे थे उस समय इनका कोई अता-पता भी नहीं था। सामाजिक संस्थाएं हमेशा किसी न किसी बहाने समाज के लिए अच्छा ही करती रहती हैं। अभी पिछले हफ्ते सांसद का जन्म दिन क्षेत्र में बड़े जोरशोर से मनाया गया। इसी बहाने सामाजिक संस्थाओं ने कई जगह रक्तदान शिविर लगाए गए। रक्तदान शिविर इसलिए कि महामारी के चलते अस्पतालों में रक्त की कमी न हो और बीमार के जीवन की रक्षा की जा सके। मगर रक्तदान शिविर के दौरान जैसे कोई शादी विवाह का उत्सव चल रहा हो, ऐसी भीड़ इकट्ठी हो गई। नाश्ता, पानी और धक्कमपेल देखी गई। रक्तदान शिविर में रक्तदाता कम और छुटभैये नेता और वार्ड पार्षदों सहित पार्षद पतियों ने भी बड़े जोर शोर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रक्तदान शिविर में आए कई पार्टी कार्यकर्ताओं के मुंह पर मास्क भी नहीं था। अगर था तो वह मास्क ठोडी पर लटका हुआ था। यहां तक मंच पर बैठे लोगों का भी यही हाल था। सांसद की नजर में आने के लिए और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए धक्का-मुक्की तक हुई। सोचने की बात है सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटाकर हम कोरोना से बचाव नहीं उसे आमंत्रित ही कर रहे हैं। कोरोना अभी गया नहीं है वो तो आक्रमण करने के लिए भीड़ की तलाश में ही रहता है। एक तरफ उद्यमी लॉकडाउन में सरकार से छूट की गुहार लगा रहे हैं तो दूसरी ओर ये नेता भीड़ जुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे।

hivdayalmishra@gmail.com

### कैबिनेट से थावर चंद को निकालकर कर्नाटक का राज्यपाल बनाया, सिंधिया के लिए जगह बनाई

## पहली बार एक साथ 8 राज्यों के राज्यपाल बदले

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को 8 राज्यों में नए गवर्नर नियुक्त किए हैं। इनमें मोदी कैबिनेट में शामिल सामाजिक न्याय मंत्री थावर चंद गहलोत का नाम भी शामिल है। उन्हें कर्नाटक का गवर्नर बनाया गया है। ये बदलाव तब हुआ है, जब मध्य प्रदेश भाजपा लीडर ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम अगले कैबिनेट विस्तार के लिए करीब-करीब तय हो गया है। 73 साल के थावर चंद 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लगातार उनकी कैबिनेट में शामिल रहे हैं। माना जा रहा है कि थावर चंद को राज्यपाल बनाकर मध्य प्रदेश कोटे से सिंधिया के लिए कैबिनेट में जगह खाली की गई है। हालांकि, सिंधिया का प्रोफाइल क्या होगा, ये अभी तय नहीं है। ये चर्चा जरूर है कि मोदी उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपेंगे। अभी तक मध्य प्रदेश से मोदी कैबिनेट में 4 मंत्री थे। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, थावर चंद गहलोत और फग्गन सिंह कुलस्ते।

**चार, जो पहली बार राज्यपाल बने**




**चार, जिनके राज्य बदले गए**




**8 राज्यों में नए गवर्नर नियुक्त, 4 नए**

1. पीएस श्रीधरन पिल्लई मिजोरम के राज्यपाल थे, जो अब गोवा के गवर्नर बनाए गए हैं।
2. सत्यदेव नारायण आर्य हरियाणा के राज्यपाल थे, जो अब उन्हें त्रिपुरा का गवर्नर बनाया गया है।
3. रमेश बैस त्रिपुरा के गवर्नर थे, उन्हें अब झारखंड का गवर्नर नियुक्त किया गया है।
4. सोशल जस्टिस मिनिस्टर थावर चंद गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया है।
5. बंडारू दत्तात्रेय हिमाचल के गवर्नर थे, उन्हें अब हरियाणा का राज्यपाल बनाया गया है।
6. हरिबाबू कम्भमपति को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया है।
7. मंगूभाई छगनभाई पटेल को मध्य प्रदेश का गवर्नर बनाया गया है।
8. राजेंद्र विश्वनाथ आरलेकर को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है।

**अगस्त 18 में 7 राज्यों के गवर्नर बदले गए थे**

इससे पहले अगस्त 2018 में एक साथ 7 राज्यों के राज्यपाल बदले गए थे। उस समय हरियाणा के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी को त्रिपुरा की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं, मेघालय के राज्यपाल गंगा प्रसाद को सिक्किम और त्रिपुरा के राज्यपाल तथागत राय को गंगा प्रसाद की जगह मेघालय भेजा गया। साथ ही, बेबी रानी मौर्य को उत्तराखंड, सत्यदेव नारायण आर्य को हरियाणा, सत्यपाल मलिक को जम्मू-कश्मीर और लालजी टंडन को बिहार का राज्यपाल बनाया गया था।

## राजनीतिक एजेंडे के चलते जांच एजेंसियों की साख बर्बाद कर रही भाजपा-गहलोत

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उत्तर प्रदेश में सीबीआई छापों को लेकर आरोप लगाया है कि भाजपा अपने राजनीतिक एजेंडे के चलते जांच एजेंसियों की साख को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि जब भी किसी प्रदेश में चुनाव आते हैं या फिर राजनीतिक संकट पैदा किया जाता है, तो विशेष निर्देशों के साथ सीबीआई, इनकम टैक्स एवं ईडी को एक्टिव कर दिया जाता है। गहलोत ने कहा कि यूपी में चुनाव पास आते ही सीबीआई ने छापे मारना शुरू कर दिया है। पहले पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों में भी इन संस्थाओं का दुरुपयोग हुआ। गहलोत ने कहा कि इन सभी केन्द्रीय संस्थाओं की विश्वसनीयता मौटे तौर पर वर्षों तक निष्पक्ष तरीके से काम करने की रही थी। लेकिन जिस तरह भाजपा अपना राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए इन एजेंसियों को निर्देश दे रही है, उससे इनकी साख बर्बाद हो गई है। इन संस्थाओं में काम कर रहे अधिकांश अधिकारियों के खुद के जेहन में ये बात आ चुकी है। फिर भी मजबूरी में उन्हें कार्रवाई करनी पड़ती है। गहलोत ने कहा कि मुझे विश्वास है कि समय आने पर केन्द्रीय संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग करने वाली भाजपा को जनता माकूल जवाब देगी।

## मोदी कैबिनेट का विस्तार आज संभव

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को कैबिनेट का विस्तार कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, मोदी 2.0 का पहला विस्तार बुधवार को सुबह 11 बजे होगा। कैबिनेट में अभी 28 मंत्री पद खाली हैं और बताया जा रहा है कि 17-22 सांसदों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक मोदी ने 2 दिन तक गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ कैबिनेट विस्तार पर बैठकें की हैं। चर्चा है कि मोदी कैबिनेट में उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के अलावा लद्दाख, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान से भी शपथ लेते देखे जा सकते है।

## जागरूक खबरें

### अहमदाबाद-बीकानेर को रोडवेज सेवा शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर से अहमदाबाद और बीकानेर के लिए रोडवेज की लग्जरी बस सेवा शुरू कर दी गई है। साथ ही, चंडीगढ़ वाया हिसार और जयपुर-पाटन के लिए बस सेवा 7 जुलाई से शुरू होगी। सीएमडी राजेश्वर सिंह ने बताया 10 मई से बंद बस सेवाएं दोबारा बहाल की जा रही हैं। जयपुर से चंडीगढ़ के लिए रात 9:30 बजे, अहमदाबाद के लिए रात 9:30 बजे, चंडीगढ़ वाया हिसार सुबह 6 बजे, बीकानेर 05:45 बजे, जयपुर-पाटन रात्रि 10:15 बजे बसें उपलब्ध होंगी।

### उपचुनाव : सदस्य पद के लिए 26 को मतदान और 28 को मतगणना

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल को लेकर कांग्रेस में चल रही सियासी खींचतान के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने 9 जिलों में होने वाले नगर निकायों के उपचुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया है।

**उपचुनाव 9 जिलों के निकायों में होंगे :** अजमेर, भरतपुर, चूरू हनुमानगढ़, झालावाड़, झुंझुनूं, नागौर, प्रतापगढ़ और पाली। » अधिसूचना 12 जुलाई को आएगी। » नामांकन 16 जुलाई तक चलेंगे। » 20 जुलाई को चुनाव चिह्न मिलेंगे। » मतदान 26 जुलाई सुबह 8 से शाम 6 बजे तक होगा। » मतगणना 28 जुलाई को होगी। उसी दिन परिणाम।

### धौलपुर-सिरोही मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए सहमति पत्र जारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज जल्द ही मूर्त रूप लेने लगेंगी। राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरएसआरडीसी) ने धौलपुर व सिरोही मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए एलओए (सहमति पत्र) जारी कर दिया है। सहमति पत्र के अनुसार धौलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए प्रथम चरण में 61 करोड़ 29 लाख 63 हजार 471 एवं सिरोही मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल के विकास के लिए 84 करोड़ 9 लाख 29 हजार 616 रुपए के निर्माण कार्य करवाए जाएंगे।




राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@rediffmail.com

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 37°C | 30°C |
| जोधपुर | 39°C | 29°C |
| अजमेर | 36°C | 28°C |
| उदयपुर | 32°C | 25°C |

सूर्योदय ▸ प्रात : 05 :51 बजे सूर्यास्त ▸ सांय : 06 :50 बजे चन्द्रोदय ▸ 06 : 50 बजे चन्द्रास्त ▸ 03 : 21 बजे (दूसरे दिन)

## पुलिस से जानकारी लेने पर धारा 151 लगा दी जाती है...

# युवक को किया धारा 151 के तहत बंद

### दूसरे दिन कोर्ट से मिली जमानत

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पुलिस से सवाल पूछना या किसी बात की जानकारी लेना, शांतिभंग की श्रेणी में शामिल करके धारा 151 के तहत आपको बंद किया जा सकता है। जी हाँ, यह कोई परिकल्पना नहीं, सच है। बीते दिनों भट्टा बस्ती, थाने में किसी मामले में पुलिस द्वारा उठाए गए व्यक्ति की जानकारी लेना उसके भाई को भारी पड़ गया। विधाधर नगर सैक्टर 4 निवासी लोकेश त्रिपाठी को नशा मुक्ति अभियान के तहत सुबह भट्टा बस्ती थाने में गिरफ्तार करके लाया गया। जिसे यहां से कोर्ट में पेश किया गया और शाम को जमानत पर छूट गया। घर नहीं पहुंचने पर चिंता के कारण त्रिपाठी के पिता सुरेश चन्द त्रिपाठी और भाई शैलेन्द्र त्रिपाठी जब थाने गए तो उन्हें यह कहकर भगा दिया गया, कि जाओ कोर्ट में पता करो। यह पुलिस की संवेदशीलता है कि जाओ यहां से कोर्ट में पता करो। हालांकि पिता और बेटा शैलेन्द्र जब कोर्ट पहुंचे तो कोर्ट बंद हो चुका था। वापस जब वे थाने गए तो यहां तैनात (पुलिस अधिकारी) से भाई और बेटे के बारे में पूछा तो पुलिस ने शांति भग के आरोप में शैलेन्द्र त्रिपाठी को धारा 151 के तहत बंद कर दिया और पिता को यह कहकर भगा दिया कि जाओ यहां से नहीं तुझे भी बंद कर देंगे। पुलिस का कहना है कि शैलेन्द्र में पुलिस ऑफिसर्स से बदत्तमीजी की है। शैलेन्द्र के पिता ने बताया कि मेरे सामने ही शैलेन्द्र को तीन-चार पुलिस ऑफिसर्स ने बुरी तरह मारा है। धारा 151 के तहत बंद शैलेन्द्र के पिता ने जागरूक जनता को बताया कि पुलिस से बेटे के बारे में पूछना क्या अपराध की श्रोणी में आता है। जागरूक जनता रिपोर्टर द्वारा जब भट्टा बस्ती थाने में फोन से सम्पर्क किया गया तो पहले तो यह कहकर मना कर दिया गया कि थाने में शैलेन्द्र नाम के व्यक्ति होने की हमें जानकारी नहीं है। रिपोर्टर जब थाने पहुंचा तो पता चला की शैलेन्द्र को धारा 151 के तहत बंद किया गया है। इसे कल कोर्ट में पेश किया जाएगा, वहां से रिहा होगा। शैलेन्द्र को कोर्ट से जमानत मिल गई है।

### धारा 151 के तहत क्या होता है...

भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-151 शांतिभंग की आशंका में इस्तेमाल की जाती है। यदि मारपीट के मामलों में चिकित्सीय परीक्षण में गंभीर प्रकृति की चोट या हथियार के इस्तेमाल की बात आती है तो सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फिर से गिरफ्तारी होती है। इस धारा का प्रयोग पुलिस जनसामान्य को नियंत्रित करने के दौरान सबसे ज्यादा करती है। कभी-कभी इस धारा के तहत गांव के गांव मजिस्ट्रेट के सामने भेज दिए जाते हैं। इस धारा के तहत पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी को थाने से ही जमानत का प्रावधान होता है। यह एक ऐसा मनमाना प्रावधान है, जिसके तहत अपराध हुआ नहीं और पुलिस के मुताबिक ये कहा जाता है कि अपराध किया जा सकता था। इस प्रावधान के चलते कभी भी, किसी को भी गिरफ्तार करके हवालात में बन्द कर देना पुलिस के बायें हाथ का खेल है। आजादी से पहले यह कानून अंग्रेजों द्वारा उनके विरुद्ध आवाज उठाने वाले भारतीयों को कुचलने के लिये बनाया गया था। वहीं 2010 में संशोधित हुए कानून के अनुसार धारा 151 में गिरफ्तार आरोपी को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाता है। जहां से जेल भी भेजा जा सकता है। *(साभार)*

### क्या पता तुम खाने में कुछ मिलाकर ले आए हो-पुलिस

**दूसरे** दिन जब पिता सुरेश चन्द त्रिपाठी बेटे के लिए सुबह भोजन लेकर थाने गए तो यहां उपस्थित पुलिस अधिकारी ने यह कहकर खाने खिलाने से मना कर दिया कि क्या पता तुम इसमें कुछ मिलाकर लाये होंगे। इसे हम यहां थाने में ही खिला देंगे खाना। पिता ने जब कहा कि क्या पता तुम इसे खाने में कुछ खिला दो तो। इस पर यहां उपस्थित पुलिस अधिकारी ने कहा कि पहले तुम इसमें से कुछ खाकर दिखाओ जब खिलाने देंगे। पिता ने चपाती और सब्जी में कुछ खाया इसके बाद शैलेन्द्र को भोजन दिया गया। क्या एक पिता अपने बेटे के लिए भोजन में कुछ मिलाकर ले जाएगा। जो स्वयं अपने बेटे की गिरफ्तारी के बाद भूखा-प्यासा था।

### युवक का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं

**धारा** 151 के तहत बंद किए गए 28 वर्षीय युवक शैलेन्द्र का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पिता मोटर गैराज में कार्य करते हैं। माँ गृहणी है। शैलेन्द्र के पिता ने बताया कि शैलेन्द्र की कभी किसी से कोई रंजिश या लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ है।

### पुलिस कितनी संवेदनशील

**आमजन** में विश्वास और अपराधियों में डर की कहावत कभी-कभी आमजन के लिए भारी साबित हो जाती है। पुलिस से आमजन का व्यवहार किस प्रकार का है, यह किसी से छिपा नहीं है। हालांकि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए होती है। किन्तु कभी-कभी पुलिस असंवेदनशीलता दिखाते हुए आमजन के लिए डर का कारण बन जाती है। शैलेन्द्र को भी पुलिस ने अपनी छवि के अनुरूप कार्य करते हुए गिरफ्तार किया है।

### धारा 151 में जमानत कैसे मिलती है?


**इस** धारा के तहत पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी को थाने से ही जमानत का प्रावधान होता है। यह एक ऐसा मनमाना प्रावधान है, जिसके तहत अपराध हुआ नहीं और पुलिस के मुताबिक ये कहा जाता है कि अपराध किया जा सकता था। इस प्रावधान के चलते कभी भी, किसी को भी गिरफ्तार करके हवालात में बन्द कर देना पुलिस के बायें हाथ का खेल है।

### धारा 151 कहाँ लगायी जाती है

- दो पक्षों में मनमोटाव के दौरान,
- चुनावी घोषणा के दौरान जब ये लगे कि हिंसा भड़ सकती है,
- कहीं भी शांति व्यवस्था भंग करने के दौरान,
- मारपीट के दैरान।

## जागरूक खबरें

### इंटरनेट से बच्चों के दिमाग और शरीर प्रभावित होते हैं-डॉ. मनीषा



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गौड़ मेंटल हैल्थ क्लीनिक की निदेशक मनोवैज्ञानिक मनीषा गौड़ ने डिजीटल बाल मेला में बच्चों के साथ सोशल मीडिया और इंटरनेट से होने वाले मानसिक प्रभाव पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का नशा दिमाग के साथ ही शरीर पर भी प्रभाव डालता है और सोचने की क्षमता पर असर डालता है। इसलिए बच्चों को एक लिमिट और गाइडलाइन के साथ इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। डॉ. मनीषा गौड़ ने डिजीटल बाल मेला के कोरोना काल में चल रहे सैशंस को बच्चों के लिए एक अच्छी पहल बताया। इस अवसर पर मनोवैज्ञानिकों से शगुन अग्रवाल ने पूछा कि माता-पिता की अपेक्षा होती है कि उनका बच्चा हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ रहे, ये कितना सही है, के जवाब में डा. मनीषा ने कहा कि बच्चों को डांटने के बजाए अभिभावकों को धैर्य से काम लेना चाहिए। कार्यक्रम में संवाद का लीडर शगुन को घोषित किया गया।

### अर्जुन सिंह निर्वाणी ने लगाया वाटर कूलर



**जयपुर @ जागरूक जनता।** चिलचिलाती धूप और पसीनों से भीगे राहगीरों के लिए समाजसेवी अर्जुनसिंह निर्वाणी ने ठंडे पानी की व्यवस्था करते हुए 'अमृत जल सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत वाटर कूलर लगा दिया। मानसरोवर के वार्ड नंबर 76 में क्षिप्रा पथ पर निर्वाणी ने अपनी स्व. धर्मपत्नी पुष्पादेवी की पुण्य स्मृति में लगाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन कांग्रेस के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर भगवती सिंह, डॉ. के.पी. सिंह नाथावत, योगेश श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### टीम 10 अर्पण एक प्रयास के 7 वर्ष पूर्ण, केक काट कर मनाई वर्षगांठ



**जयपुर @ जागरूक जनता।** टीम 10 अर्पण एक प्रयास के 7 वर्ष पूर्ण होने सभी ने केक काट कर वर्षगांठ मनाई। टीम 10 के 7 वर्ष पूर्ण होने पर कई भामाशाह ने 2100 पेड़ ग्रीन कॉरीडोर में लगाने के लिए टीम को भेंट किये। सभी की मेहनत विद्याधरनगर में हरियाली के तौर पर देखने को मिलती है।पहले जहाँ कचरा पड़ा रहता था वही आज हरे भरे पेड़ देखने को मिलते है। ग्रीन कॉरिडोर, पार्क गलियां आदि सभी में टीम 10 मेम्बर्स ने बहुत मेहनत की है। आपका हौसला ही हम सभी की जान है।पौधरोपण में संचालक सुशील अग्रवाल मनोज गोयल समता महेंद्र चौधरी विश्व हिंदू परिषद मीडिया प्रवक्ता मुकुल सिंह साँचोरा अभिमन्यु सौरभ गिरिराज मनोज खोवाल उमेश गोयल अनिता पार्षद रघुवंशी आदि टीममेम्बर मौजूद रहे।

### प्रदीप शर्मा ने दिया वृक्षारोपण के लिए 30 हजार का चेक



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सेक्टर 5 विद्याधर नगर निवासी उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने 'ग्रीन जयपुर क्लीन जयपुर' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण के लिए 30 हजार रुपए भेंट किए। जानकारी के अनुसार विद्याधर नगर की टीम-10 ने ग्रीन जयपुर क्लीन जयपुर कार्यक्रम के 7 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें प्रदीप शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। जहां शर्मा ने वृक्षारोपण के लिए 30 हजार रुपए की राशि का चेक भेंट किया।

### एसएमएस में कॉटेज वार्ड धन्वन्तरि ओपीडी ब्लॉक की पांचवीं मंजिल पर होगा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एसएमएस में आईपीडी टावर के कारण कॉटेज वार्ड अब धन्वन्तरि ओपीडी ब्लॉक की पांचवीं मंजिल पर शिफ्ट होगा। अस्पताल अक्षीधक डॉ.राजेश शर्मा ने बताया कि कॉटेज वार्ड को पूरी तरह से खाली करवा दिया गया है। कॉटेज वार्ड के लिए 43 कमरे आवंटित किए जाएंगे। पहले से बने कॉटेज वार्डों को जेडीए को हैंड ओवर कर दिया है। जब तक आईपीडी टावर बन नहीं जाता है, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी। डॉ.शर्मा ने बताया कि आईपीडी टावर का निर्माण जेडीए और स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी की ओर से किया जा रहा है।

## जयपुर में नशे के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप

# चरस, गांजा बेचने व पीने वालों पर कसा शिकंजा



### 13 पुलिस थानों की टीम ने 353 नशेड़ी गिरफ्तार किए, नशे के लिए चोरी की वारदात करते है

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी में नशे का अवैध कारोबार बढ़ता ही जा रहा है। जयपुर पुलिस रोजाना अवैध शराब, अफीम, चरस व गांजा बेचने वालों पर कार्रवाई करती है। पुलिस नशा करने वालों और बेचने वालों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप भी चलाया है। जयपुर में 13थानों की पुलिस ने कुल 353 नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। इन नशेड़ियों को पुलिस ने नशा करते हुए दबोचा है। ये नशा करने के बाद चेन स्नेचिंग, लूट व मकानों में चोरी, मोबाइल छीनने, महिलाओं के साथ छेड़छाड की वारदातों को करते है। डीसीपी नॉर्थ देशमुख परिस ने बताया कि गलतागेट में पुलिस ने 35 नशेड़ियों को पकड़ा है। रामगंज में पुलिस ने 3 को 552 चरस व गांज के साथ, 39 नशेड़ी, माणक चौक पुलिस ने 15 नशेड़ी, सुभाष चौक में 31 नशेड़ी, आमेर में 29 नशेड़ी, ब्रह्मपुरी में 24 नशेड़ी, कोतवाली में 21 नशेड़ी, नाहरगढ़ में 38 नशेड़ी, संजय सर्किल में 22 नशेड़ी, जालुपुरा में 11 नशेड़ियों को पकड़ा गया। इसके अलावा शास्त्रीनगर में भी 24 नशेड़ी, विद्याधरनगर में 32 नशेड़ियों को पकड़ा गया है। इन सभी को नशा करते हुए पकड़ा गया है। इनमें से कुछ के पास से नशे का सामान भी बरामद किया है।

### अब मोहल्ला मीटिंग शुरू करेंगे

**डीसीपी** का कहना है कि ये अभियान लगातार जारी रहेगा। अब अभियान से जनता को जोड़ने के लिए मोहल्ला मीटिंग भी शुरू की जाएगी। मोहल्ला मीटिंग में नशे के दुष्प्रभावों को रोकने व नशे के विरूद्ध कोई भी व्हाअसऐप नंबरों पर सूचना दे सकता है। उनकी सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी।

## नगर निगम ग्रेटर में पार्षद पतियों की 'नो एंट्री'

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर शील धाभाई ने ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय में पार्षद पतियों की एंट्री पर रोक लगा दी है। इसके लिए मुख्यालय के एंट्री पॉइंट पर बोर्ड लगाया जाएगा। धाभाई ने साफ किया है कि अगर को समस्या है या कोई काम करवाना है तो महिला पार्षद को खुद ही आना होगा। उनके पति के कहने पर कोई काम नहीं होगा। उधर, रोड लाइट्स नहीं लगने से नाराज पार्षदों ने धरने की चेतावनी दी है। अगर पार्षद पति को किसी समस्या के संबंध में मिलना है तो अलग से मिलकर समस्या बताएं। आपको बता दें कि ग्रेटर निगम आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव ने भी पिछले दिनों एक आदेश जारी करके साफ निर्देश दिए थे कि पार्षद पति नगर निगम के काम में दखल नहीं देंगे। किसी भी बैठक में उन्हें बैठने की परमिशन नहीं होगी। कर्मचारियों को भी पार्षद पति निर्देश नहीं देंगे। इस संबंध में निगम कार्मिकों ने निगम प्रशासन को शिकायत की थी। आयुक्त के आदेश में 20 साल पहले के आदेश का हवाला दिया गया था।

## रक्तदान शिविरों का हुआ आयोजन

# भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर मनाया सांसद बोहरा का जन्म दिन





### डिस्टेंसिंग और मास्क- ढूंढ़ते रह जाओगे

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शहर में कई स्थानों पर सांसद रामचरण बोहरा का जन्म दिन हर्ष और जोश के साथ मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जन्म दिन पर शहर में कई जगह सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं ने रक्तदान शिविर आयोजित किए, जिनमें कई हजार यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान से मौजूदा समय में अस्पताल में भर्ती मरीजों को जीवनदान मिलेगा।

जन्म दिन अवसर पर सबसे ज्यादा चर्चित रहा विश्वकर्मा इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन भवन में आयोजित रक्तदान शिविर। यहां मुरलीपुरा एवं विद्याधर नगर की संस्थाओं जैसे पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा, गायत्री परिवार, श्याम मित्र परिवार, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, जांगीड़ समाज, गायत्री कुंज परिवार, भारत विकास परिषद, सैंट्रस स्पाइन व्यापार परिषद एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किया।

शिविर में कई पार्षद, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए। मगर विधायक नरपत सिंह राजवी और उनके समर्थक वहां नजर नहीं आए। जबकि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी रहे सीताराम अग्रवाल (मंगला सरिया) अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। विधायक और सांसद के बीच की दूरियां पहली बार नहीं देखी गई। कुछ समय पूर्व विद्याधर नगर सैन्ट्रल स्पाइन व्यापार परिषद के चुनावों में भी ऐसा देखा गया। जहां दो-दो अध्यक्ष घोषित हुए। एक अध्यक्ष के शपथ समारोह में विधायक नरपत सिंह राजवी ने और दूसरे के शपथ समारोह में सांसद रामचरण बोहरा, कांग्रेस के सीताराम अग्रवाल मंगलासरिया एवं परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाग लिया था। रक्तदान शिविर में एकत्रित हुए गणमान्य नागरिक, कांग्रेस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने महामारी कोरोना से बचाव के लिए जारी सरकारी गाइड लाइन की जमकर धज्जियां उड़ाई।

गाइड लाइन के चलते शादी समारोहों में भी इतने लोग एकत्रित नहीं हो सकते, मगर यहां कोई सीमा नहीं थी। मंच पर विराजित एवं रक्तदान के दौरान कईयों के मुंह पर मास्क नजर नहीं आए, तो कईयों के ठोडी पर लटके हुए थे। डिस्टेंसिंग का तो कहीं अता-पता ही नहीं था। जानकारी के अनुसार अकेले इस रक्तदान शिविर में 670 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा

ANCHOR | पिंकसिटी प्रेस क्लब में बाल अभिरुचि शिविर का समापन

# आईपीएस अवाना ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

### बच्चों से इंटरेक्शन के दौरान बचपन की यादें हुई ताजा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में पिछले 10 दिन से चल रहे बाल अभिरुचि शिविर (वर्चुअल समर कैंप) का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में आईपीएस पूजा अवाना (एसपी सीआईडी सीबी) शामिल हुई और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पिछले 10 दिन से इस कैंप के जरिए सैकड़ों बच्चे वर्चुअली वेस्टर्न डांस, कथक- इंडियन डांस, योगा, मार्शल आर्ट और पेंटिंग के गुर सीख रहे बच्चों ने स्टेज पर मनभावन प्रस्तुतियां भी दी। पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं कार्यकारिणी ने आईपीएस पूजा अवाना का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईपीएस पूजा अवाना ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें करियर में सफलता पाने के टिप्स भी दिए। अपने स्कूल के दिनों को याद करते पूजा अवाना ने कहा कि मुझे उस समय इस तरह की कल्चरल एक्टिविटीज में शामिल होने का मौका कम मिला काश मैं भी ऐसे किसी कैंप में शामिल होकर यह सब सीख पाती। कुमकुम मिश्रा के एक सवाल के जवाब में आईपीएस अवाना ने कहा कि मैं 6 वर्ष की उम्र से ही न्यूज पेपर को नियमित पढ़ती थी। मैं अखबार पढ़ने के कारण जानकारी को लेकर हमेशा एक्टिव रहती थी। उन्होंने बच्चों के लिए आयोजित किए गए इस अभिरुचि शिविर के लिए पिंक सिटी प्रेस क्लब की कार्यकारिणी को भी बधाई दी। कार्यक्रम में बच्चों को भाजपा नेता विमल कटियार और उद्यमी मुकेश अग्रवाल की तरफ से गिफ्ट भी बांटे गए। संयोजक निखलेश शर्मा ने बताया कि 25 जून से शुरू हुए इस समर कैंप में 72 बच्चे एक्चुअल पार्टिसिपेशन और हर दिन बड़ी संख्या में लाइव लोग इससे जुड़े। कैंप में योग गुरु जितेंद्र शर्मा, कथक नृत्य के एक्सपर्ट गुरु राजेंद्र राव, मशहूर प्ले एक्टर हेमंत थपलियाल - मनोज स्वामी, वेस्टर्न डांस खुशी शर्मा, पेंटिंग टीचर शिप्रा वशिष्ठ व गोपाल भारती के साथ मार्शल आर्ट ट्रेनर आर्यन ने पत्रकारों के बच्चों को इन विधाओं के टिप्स दिए। समापन समारोह में क्लब उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य गिर्राज गुर्जर, मांगीलाल पारीक, अनीता शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह राजावत, ओमवीर भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा (किक्की), कानाराम कड़वा और मदन कलाल भी शामिल रहे। पिंकसिटी प्रेस क्लब के इस आयोजन को वर्चुअल अधिक से अधिक लोगों तक प्रसारित करने सफल आयोजन के लिए राजेंद्र शर्मा राजू, विजेंद्र जायसवाल और उनकी टीम ने भी लगातार 10 दिन बेहतर कोआर्डिनेशन किया।




केंद्र पर निशाना

## बढ़ती महंगाई मोदी सरकार की गलत नीति-नीयत का नतीजा -सीएम गहलोत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गहलोत ने केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए महंगाई के आंकड़ों पर बात करते हुए कहा कि अप्रैल में खुदरा महंगाई 4.23 प्रतिशत पर थी जो मई में बढ़कर 6.30 प्रतिशत हो गई। सीएम अशोक गहलोत ने बढ़ती महंगाई के लिए केन्द्र सरकार की गलत नीतियों और नीयत को जिम्मेदार बताया है। गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले सात साल में महंगाई को कम करने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जिसके कारण आज इतनी महंगाई हो गई है कि आम आदमी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। केन्द्र सरकार बुरी तरह असफल हो गई है, जिसके पास ना तो सही नीति है और ना ही साफ नीयत है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस से लेकर रोजमर्रा के इस्तेमाल की सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं। गहलोत ने केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए महंगाई के आंकड़ों पर बात करते हुए कहा कि अप्रैल में खुदरा महंगाई 4.23 प्रतिशत पर थी जो मई में बढ़कर 6.30 प्रतिशत हो गई। वहीं थोक महंगाई दर मई में बढ़कर रिकॉर्ड 12.94 फीसदी पर पहुंच गई। इसी प्रकार मई में खाद्य महंगाई 1.96 प्रतिशत से बढ़कर 5.01 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई।

21 दिन पहले जन्मा पैंथर का बच्चा मां से बिछड़ गया था, अमेरिका से मंगवाया गया ये खास दूध पाउडर, खिलाई जा रही मल्टीविटामिन गोलियां

# 20 हजार रुपए किलो का दूध पी रहा नन्हा पैंथर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ये नन्हा पैंथर शिवा है। अभी जयपुर के नाहरगढ़ बॉयोलॉजिकल पार्क में है। 10 दिन से डॉक्टर्स की निगरानी में है। शिवा को अमेरिका का बना हुआ 20 हजार रुपए किलो का पेटलेक किटन मिल्क दिया जा रहा है। साथ ही मल्टीविटामिन व मेडिसिन दी जा रही है। हर दो घंटे में दूध पिलाया जा रहा है। पहले काफी डरा हुआ था, लेकिन अब पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। वरिष्ठ वन्यजीव डॉक्टर अरविंद माथुर उसकी देखभाल कर रहे हैं। अब वे ही उसकी मां है। उन्होंने बताया कि नन्हे पैंथर शावक को शिवा नाम दिया गया है। जब उसे यहां पर लेकर आए तो काफी कमजोर था। उसे बहुत भूख भी लग रही थी। काफी डरा हुआ था। शुरू में उसे दूध पीने में काफी दिक्कत हो रही थी। तब उन्होंने उसकी भूख मिटाने का रास्ता निकाला। उसे पिंजरे से भी निकाल कर बाहर खुले में भी लेकर जाते हैं। अब पैंथर बाहर निकल कर खेलता है।



### पहाड़ी में फॉरेस्ट टीम को अकेला मिला

**24** जून को दोपहर करीब 2.30 बजे रायसर रेंज स्थित टोडा मीणा के पास गोल डूंगरी में पहाड़ी मंदिर के पास अकेला मिला था। वन विभाग की टीम ने वहां पगमार्क देखे तो पता लगा वह मां के साथ ही आया था। वहां से मां कहीं चली गई और वह बिछड़ गया। अगले दिन दोपहर तक रेंजर रघुवीर मीणा अपनी टीम के साथ शावक की मां को ढूंढते रहे। वन विभाग की टीम ने वहां पर तीन ट्रिप कैमरे भी लगाए। फिर भी शावक की मां का कुछ पता नहीं लगा। इसके बाद नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लेकर आए।

### अठखेलियां करने लगा शिवा

**शिवा** को जब नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में लाया गया था। उसकी आखें भी नहीं खुल रही थी। वह डरता था। अब पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। फ्रेंडली माहौल देने के लिए उसे पिंजरे से निकाल कर बाहर रखा जाता है। पिंजरे से बाहर निकलने पर अठखेलियां करता है। बाहर काफी खेलता है और दौड़ता है। हालांकि इंफेक्शन के डर से उसका पूरी तरह से ध्यान रखा जा रहा है।

### 500 ग्राम से एक किलो हुआ वजन

**डॉक्टर** अरविंद माथुर ने बताया कि शिवा को पिलाने के लिए अमेरिका से बना हुआ 20 हजार रुपए किलो का पेटलेक किटन मिल्क रिप्लेंसमेंट मंगवा कर पिलाया जा रहा है। दिल्ली की एक फर्म ने एजेंसी ले रखी है। जो कि शावक के लिए दूध भिजवा रही है। इससे शिवा के शरीर में ताकत बन रही है। यहां पर 24 घंटे सुरेश और माधव देखभाल कर रहे है। उसे हर दो घंटे में दूध पिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि जब उसे नाहरगढ़ बॉयोलाजिकल पार्क में लाया गया था। तब उसकी आंख भी नहीं खुली थी। अब उसका वजन भी 500 ग्राम से बढ़कर एक किलो हो चुका है। उनका कहना है कि उसे तीन महीने यही दूध पिलाया जाएगा। इसके बाद थोड़ा-थोड़ा खाने के लिए दिया जाएगा। बड़ा होने तक इसे नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में ही रखा जाएगा।

# गहलोत मंत्रिपरिषद समूह की बैठक आज, विस सत्र बुलाने पर होगी चर्चा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रिपरिषद समूह की बैठक 7 जुलाई को बुलाई है। 7 जुलाई को शाम 5 बजे कैबिनेट और 5:30 बजे मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मुख्यमंत्री आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होने वाली इस बैठक में कई मंत्री वर्चुअल तौर पर बैठक में शामिल होंगे। हालांकि बैठक को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से कोई अधिकारी एजेंडा जारी नहीं किया गया है। लेकिन माना जा रहा है कि विधानसभा के मानसून सत्र बुलाने और कोरोना की तीसरी लहर की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा होगी। इसके साथ ही कई अहम फैसले भी बैठक में लिए जा सकते हैं।

### तीसरी लहर की तैयारियों पर होगी चर्चा

**वहीं** दूसरी ओर मंत्रिपरिषद समूह की बैठक में डेल्टा प्लस वैरिएंट और कोरोना की संभावित तीसरी लहर की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रियों के सुझाव लेंगे और तैयारियों को लेकर क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं इस पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा मंत्रिपरिषद समूह की बैठक में वैक्सीनेशन की कमी को लेकर भी चर्चा होगी। प्रदेश में वैक्सीन की कमी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार केंद्र सरकार से मांग के अनुरूप वैक्सीन उपलब्ध करवाने की मांग करते आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रियों को कोरोना वैक्सीन के लिए लोगों को जागरूक करने और प्रदेश में शत-प्रतिशत व्यक्ति वैक्सीनेशन हो सके, इसके लिए भी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर वैक्सीनेशन का फीडबैक लेने के निर्देश देंगे। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना के बाद बिगड़े आर्थिक हालातों पर काबू पाने और मानसून के सक्रिय होने के बाद प्रदेश में सघन वृक्षारोपण को लेकर भी चर्चा होगी।

### विस सत्र बुलाने पर होगी चर्चा

विश्वस्त सूत्रों की माने तो गहलोत सरकार जुलाई माह के आखिर या फिर अगस्त के पहले सप्ताह में विधानसभा का मानसून सत्र बुला सकती है इसे लेकर कैबिनेट मंत्रिपरिषद समूह की बैठक में चर्चा होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय से जुड़े लोगों ने भी अगस्त के पहले सप्ताह तक विधानसभा का सप्तम सत्र बुलाए जाने के संकेत दिए हैं।

### छठे सत्र के सत्रावसान की फाइल को सीएम की मंजूरी का इंतजार

विधानसभा के छठे सत्र के सत्रावसान की फाइल को सीएम गहलोत की मंजूरी का इंतजार है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद प्रस्ताव राज्यपाल को भेजा जाएगा। जहां राज्यपाल कलराज मिश्र सत्रावसान करेंगे। सत्रावसान के बाद ही सरकार की ओर से सप्तम सत्र बुलाने को लेकर दोबारा फाइल भेजी जाएगी।

नगर पालिकाओं में नियुक्तियां

# गहलोत सरकार ने राज्य की 13 निकायों में मनोनीत किए 62 पार्षद

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में नगर पालिकाओं में राजनैतिक नियुक्तियों का दौर जारी है। स्वायत्त शासन निदेशालय ने आज देर शाम एक आदेश जारी करते हुए प्रदेश की अलग-अलग 13 नगर पालिकाओं में 62 पार्षदों को मनोनीत किया है। इनमें 16 सदस्य भरतपुर जिले की तीन नगर पालिकाओं के है, जबकि झुंझुनूं की 3 नगर पालिकाओं में 14 सदस्य है। विधायकों और स्थानीय नेताओं की सिफारिश पर सरकार ने भरतपुर की कुम्हेर और बयाना पालिका में 6-6, कामां में 5, झुंझुनूं जिले की पिलानी नगर पालिका में 2, नवलगढ़ में 6, मुकुंदगढ़ में 6, बांसवाड़ा में 3, टोंक जिले की टोडारायसिंह में 6, मालपुरा में 6, पाली के सुमेरपुर में 2, तख्तगढ़ में 6, बांसवाड़ा में 3 और चूरू नगर पालिका में 3 लोगों को पार्षदों का मनोनयन हुआ है। गौरतलब रहे कि इन सभी पार्षदों का कार्यकाल नगर पालिका के मौजूदा बोर्ड के कार्यकाल तक रहेगा।

### 23 जून को की थी 156 पार्षदों का मनोनीत

**सरकार** ने पिछले माह के आखिरी सप्ताह में भी बड़े स्तर पर निकायों में इसी तरह की राजनैतिक नियुक्तियां की थी। 23 जून को आदेश जारी करते हुए सरकार ने 30 नगरीय निकायों में 156 पार्षदों को मनोनीत किया था। मौजूदा सरकार के कार्यकाल के अब ढाई साल ही बचे है, ऐसे में पार्षदों की नियुक्तियों को लेकर स्थानीय विधायकों और नेताओं पर लोकल कार्यकर्ताओं का जबरदस्त दबाव रहता है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दी वित्त विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी

# संविदा कार्मिकों को मिलेगा लॉकडाउन अवधि का वेतन

### लॉकडाउन में कार्यस्थल पर नहीं पहुंचने से नहीं मिल सका था वेतन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में विभिन्न विभागों, राजकीय उपक्रमों में काम करने वाले संविदा कार्मिकों, आकस्मिक स्त्रोंतों के माध्यम से नियुक्त हुए कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत देते हुए अप्रेल 2021 में लागू लॉकडाउन की अवधि का वेतन अथवा पारिश्रमिक का भुगतान करने का निर्णय किया है। सीएम अशोक गहलोत ने यह फैसला कोरोना महामारी और लॉकडाउन से उपजी परिस्थितियों में संविदा कार्मिकों को आर्थिक संबल देने के लिए लिया है।

सीएम गहलोत ने इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार बड़ी संख्या में संविदा कार्मिकों के लॉकडाउन एवं अन्य प्रतिबंधों की वजह से अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित नहीं हो सके थे। इस कारण इस अवधि के लिए उनके वेतन या पारिश्रमिक आदि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अब उक्त कार्मिकों को वेतन का भुगतान करने के लिए मुख्यमंत्री ने सहमति प्रदान की है।

इस निर्णय से बड़ी संख्या में संविदा कार्मिकों, आकस्मिक एवं अन्य स्त्रोतों द्वारा नियुक्त कार्मिकों को पारिश्रमिक भुगतान का लाभ मिल सकेगा। गौरतलब है कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए गए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन प्रतिबंधों की स्थिति में भी संविदा कार्मिकों को लॉकडाउन अवधि के लिए वेतन का भुगतान किया गया था।

## जागरूक खबरें

### पोस्टमैन शहर में घर-घर जाकर 2 और 4 व्हीलर वाहनों का इंश्योरेंस करेंगे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर में अब पोस्टमैन भी घर-घर जाकर टू-व्हीलर और 4 व्हीलर वाहनों का इंश्योरेंस करेंगे। इसके लिए डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक व दो प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों के बीच करार हुआ है। इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए इच्छुक उपभोक्ता को अपने नजदीकी डाकघर या अपने क्षेत्र के पोस्टमैन से संपर्क करना पड़ेगा। जयपुर नगर मंडल प्रवर अधीक्षक डाकघर प्रियंका गुप्ता ने बताया कि 5 जुलाई से 17 जुलाई के दौरान जयपुर सिटी मंडल में कार व बाइक्स के इंश्योरेंस का एक महाअभियान चलाया जाएगा। घर-घर जाकर वाहनों का इंश्योरेंस करने के लिए भारतीय डाक विभाग ने प्रथम चरण में 65 पोस्टमैनों एवं डाक सेवकों को प्रशिक्षित कर दिया है। इंश्योरेंस करने से डाक विभाग का रेवेन्यू भी बढ़ेगा और पोस्टमैनों को प्रति बाइक का इंश्योरेंस पर 60 व कार के 250 रुपए का इंसेंटिव मिलेगा।

### बीवीजी नहीं, अब निगम साफ करेगा गंदी गलियां

**जयपुर @ जागरूक जनता।** हैरिटेज नगर निगम में गंदी गलियों से की सफाई निगम अपने संसाधनों से करेगा। बीवीजी से यह काम निगम नहीं कराएगा। इसका निर्णय महापौर मुनेश गुर्जर के साथ हुई अधिकारियों की बैठक में लिया गया। महापौर ने कहा कि लगातार गंदी गलियों को लेकर लोगों की शिकायतें आ रही हैं। बीवीजी कम्पनी काम ठीक से नहीं कर पा रही है। बैठक में महापौर ने पार्षद कार्यालयों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सभी वार्डों में जोन कार्यालय बनाए जाएं, ताकि पार्षद बेहतर तरीके से काम कर सकें। जहां जमीन की दिक्कत है, उसको भी दूर किया जाए। नाला सफाई को लेकर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की।

### एयरपोर्ट के पास ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एयरपोर्ट के 50 किमी दायरे में ड्रोन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एएआई निदेशक जेएस बलहारा ने बताया यूएएस नियम मार्च 2021 के अनुसार रोक लगाई गई है। लोगों को अथॉरिटी से ड्रोन संचालन से पहले मंजूरी लेनी होगी।

### पेंशनर्स डायरी आधार से जोड़ी जाएगी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के 4.5 लाख रिटायर्ड सरकारी पेंशनर्स की पेंशन डायरी आधार से जोड़ी जाएगी। इसके बाद दवाइयों और राशि का बैलेंस ऑनलाइन होगा। कॉनफेड के एमडी वीके वर्मा ने बताया पेंशनर्स दवाएं लेने जाएं तो आधार लेकर जाएं। फार्मासिस्ट सॉफ्टवेयर में डायरी, पीपीओ नंबर के साथ इसे लिंक कर देगा।

कोविड के अलावा सामान्य बीमारी से परेशान मरीजों की भी होगी भर्ती

# जयपुरिया अस्पताल में आज से इनडोर सर्विस शुरू

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर के मालवीय नगर स्थित रुकमणी देवी बेनी प्रसाद जयपुरिया अस्पताल में बुधवार से सामान्य मरीजों का भी इलाज हो सकेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से अस्पताल में कोविड और ब्लैक फंगस मरीजों के अलावा सामान्य बीमारियों से परेशान मरीजों का भी इलाज होगा। साथ ही मरीजों की भर्ती करके उनके ऑपरेशन या इलाज की सुविधा भी शुरू होगी। जयपुर सहित पूरे प्रदेश में कोरोना केस कम होने के कारण यह सेवाएं शुरू की है। जयपुरिया अस्पताल अभी कोरोना और ब्लैक फंगस से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वहीं पिछले सप्ताह यहां लोगों के लिए ओपीडी भी शुरू की थी। आईपीडी की सुविधा अब बुधवार से शुरू होगी। जयपुरिया अस्पताल के शुरू होने से मालवीय नगर, मानसरोवर, प्रताप नगर, जगतपुरा, गोपालपुरा, बजाज नगर, टोंक फाटक क्षेत्र में बसी कॉलोनियों के लोगों को फायदा होगा, क्योंकि इस अस्पताल की दूरी इस क्षेत्र के नजदीक है। वहीं इस अस्पताल के शुरू होने से अब लोगों को छोटे-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए SMS अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

### SMS अस्पताल का लोड होगा कम

जब से कोरोना के केस कम हुए है तब से जयपुर सहित प्रदेश के दूसरे शहरों से अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीज सवाई मानसिंह अस्पताल आने लगे है। यहां हर रोज लगभग 2 से ढाई हजार लोग ओपीडी में दिखाने आ रहे है। वहीं अस्पताल में आज की दिन 2 हजार से ज्यादा मरीज भर्ती है। जयपुरिया अस्पताल के शुरू होने से SMS अस्पताल का लोड कुछ कम होगा। जयपुरिया में अभी जनरल सर्जरी, जनरल मेडीसन, ईएनटी आदि सुविधाएं है।

## गरिमा हेल्पलाइन बंद, पुलिस ही सुनेगी पीड़िता की फरियाद

**जयपुर @ जागरूक जनता।** महिलाओं की सहायता के लिए जिला कलक्ट्रेट में संचालित गरिमा हैल्पलाइन (7891091111) को मंगलवार को प्रशासन ने बंद कर दिया। इसके नंबर को पुलिस की ओर से संचालित गरिमा हेल्पलाइन (1090) में जोड़ दिया गया। जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बताया कि महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 1 जनवरी 2013 को जिला कलक्ट्रेट में गरिमा हेल्पलाइन प्रारम्भ की गई थी। इस हेल्पलाइन पर शिकायतें प्राप्त होने पर उन्हें रजिस्टर में दर्ज कर प्रकरण सम्बन्धित को भेजा जाता था। वर्तमान में इस हेल्पलाइन पर प्रति दिन औसतन 4-5 प्रकरण प्राप्त हो रहे थे, जिसमे से अधिकांश पुलिस को ही भेजे जा रहे थे। इसलिए जयपुर कलक्ट्रेट परिसर में स्थित गरिमा हैल्पलाइन को पुलिस द्वारा संचालित गरिमा हैल्पलाइन में स्थानान्तरित करने का निर्णय किया गया है। पुलिस की गरिमा हैल्पलाइन-1090 पूर्ण संसाधनों के साथ 24 घंटे कार्यरत हैं। दरअसल, शहर में पुलिस की गरिमा हेल्पलाइन के साथ ही महिला आयोग की हेल्पलाइन 181 भी चल रही है। कई बार तीनों पर एक ही प्रकरण दर्ज किया जा रहा था। इससे संसाधनों का भी दोहराव हो रहा था। इसी कारण गरिमा हेल्पलाइन को पुलिस की ओर से संचालित गरिमा हेल्पलाइन से मर्ज कर किया गया है। साथ ही इसके सहायता नंबर 7891091111 को भी पुलिस कन्ट्रोल रूम को सौंप दिया गया है।





JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management
MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | Marketing Partner | Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com


ANCHOR | पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच राहत

# जयपुर-अलवर में सौ स्टेशन खुलेंगे

## शहर में सीएनजी की राह खुली, 6 महीने में 11 स्टेशन खुलेंगे

### दिल्ली-अजमेर हाइवे पर इस माह ही 10 पंप

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच वाहन चालकों के लिए यह खुश खबर है। अब जयपुर में भी सीएनजी पंप खुलेंगे। पहले चरण में जयपुर में 11 सीएनजी स्टेशन खुलेंगे। एक पंप अलवर में खोला जाएगा। इन पंपों को खोलने का जिम्मा टोरंट गैस प्राइवेट लिमिटेड का है। पहले चरण में खोले जाने वाले 11 पंपों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छह माह में जयपुर में सीएनजी पंप शुरू होंगे। हालांकि जयपुर-अजमेर हाइवे व जयपुर-दिल्ली हाइवे पर जुलाई में दस स्टेशन शुरू हो रहे हैं वहां अभी टैंकर्स से सीएनजी सप्लाई की जाएगी। सीएनजी 61 रुपए/किलो, एवरेज मिलता है 30 का सीएजी 61 रु./किलो है। सीएनजी की गाड़ियां 30-32 का एवरेज देती हैं जबकि पेट्रोल की गाड़ियां 17 से 20 का एवरेज देती हैं।



### वैशाली, मानसरोवर और मालवीय नगर समेत यहां प्रस्तावित

**वैशाली** नगर, मानसरोवर में राजावत फार्म से सेंट एंसलम स्कूल तक की सड़क छोड़कर खोला जाएगा। मुरलीपुरा से नाहरी का नाका तक दादी का फाटक तक चिन्हित जगह पर पंप खोला जाएगा। मालवीय नगर में कैलगिरी रोड को छोड़कर पूरे इलाके में एक जगह पर पंप खोला जाएगा। महल रोड पर बालाजी रोड, मॉडल टाउन से हल्दीघाटी मार्ग जगतपुरा तक सड़क के दोनों और एक जगह चिन्हित की जाएगी।

### जयपुर में अभी कूकस में पंप, दिल्ली की गाड़ियों की लगी रहती है भीड़

**जयपुर** में दो साल से सीएनजी पंप की राह अटकी हुई है। कूकस तक लाइन डली हुई है लेकिन कंपनियों के विवाद के चलते दो साल से यह लाइन आगे नहीं बढ़ सकी। अब एक कंपनी की ओर से मामला विड्रोल करने के बाद भारत सरकार ने जयपुर में पंप खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी। अभी जयपुर में दिल्ली रोड पर कूकस के पास एक पंप है। जहां दिल्ली से आने वाली सीएनजी गाड़ियों की भीड़ लगी रहती है।

### जयपुर में सीएनजी गाड़ियों के शोरूम हैं पर पंप नहीं होने से खरीदार कम

**जयपुर** में एक पंप होने के बाद भी शोरूम पर सीएनजी गाड़ियां बेची जा रही थी। मगर वे ही लोग खरीद रहे थे जो दिल्ली, अलवर,कोटा, बारां की तरफ जिनका रूट होता है। क्योंकि दिल्ली के साथ ही कोटा, अलवर, बारां, धौलपुर में सीएजी के 15 से ज्यादा पंप है। जहां आसानी से सीएनजी मिल जाती है। ऐसे में एक साथ 6 फिलिंग स्टेशन खोले जाने के बाद गाड़ियों की बिक्री भी बढ़ेगी और लोगों को राहत भी मिलेगी।

## सम्पादकीय

# दुश्मन ड्रोन

पाकिस्तान के हाथों में जैसे एक नया हथियार लग गया है, जिसका इस्तेमाल वह धड़ल्ले से कर रहा है। यह बड़े खतरे की बात है कि इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में भी ड्रोन की घुसपैठ सामने आई है। और तो और, जब भारत में जम्मू एयरबेस क्षेत्र में ड्रोन से हमला हुआ था, तभी इस्लामाबाद स्थित उच्चायोग पर ड्रोन मंडरा रहा था। तो क्या सुनियोजित रूप से पाकिस्तान की ओर से ड्रोन का इस्तेमाल जासूसी और सैन्य हमले के लिए किया जा रहा है? बीते शनिवार की रात इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के रिहाइशी खंड में ड्रोन के उड़ने का क्या मतलब है? भारत ने उचित ही आधिकारिक रूप से पाकिस्तान के सामने आपत्ति जताई है। अपनी सुरक्षा के प्रति यथोचित मंचों पर चिंता का इजहार जरूरी है। पाकिस्तान को ऐसी हरकत से बाज आना चाहिए। ड्रोन अब कोई खिलौना नहीं है, इसका विशेष सामरिक महत्व है। यह न केवल घातक सिद्ध हो सकता है, बल्कि इसके जरिए कूटनीतिक-सामरिक जासूसी संभव हो सकती है।

हालांकि, जब भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर संघर्ष-विराम की स्थिति है, तब ड्रोन का इस्तेमाल तनाव को जान-बूझकर बढ़ाए रखने की साजिश के अलावा और कुछ नहीं। क्या संघर्ष-विराम इसीलिए किया गया है, ताकि सीमा के आर-पार ड्रोन का इस्तेमाल आसानी से किया जा सके? जिस तरह से जम्मू में ड्रोन की मदद से हमला हुआ, जिसमें दो वायु सेना कर्मी घायल हुए, क्या उसे हल्के में उड़ा देना चाहिए? क्या यह संघर्ष-विराम तोड़ने की कोशिश नहीं है? क्या पाकिस्तान हमारे धैर्य की नई परीक्षा नहीं ले रहा है? ड्रोन से हो रहे हमले और जासूसी ने हमें नए सिरे से सोचने पर विवश कर दिया है। ड्रोन अटैक को लेकर खुद आर्मी चीफ एम एम नरवणे ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि ड्रोन का खुलेआम और आसानी से मिलना चिंता का विषय है। हमारी तैयारी चल रही है, पर इसके लिहाज से और सतर्क होने की जरूरत है। क्या ड्रोन के इस्तेमाल से हमारे सैन्य खर्च में बढ़ोतरी नहीं होगी? हम जगह-जगह चौकसी बढ़ाएंगे और ऐसा हो भी रहा है। अनेक सैन्य ठिकानों पर ड्रोन देखे गए हैं, ड्रोन से हमले की आशंका देखते हुए सभी सैन्य ठिकानों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा, जम्मू में एंटी ड्रोन सिस्टम से लेकर अन्य तमाम तकनीकी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध ड्रोन को मार गिराया जा सके। अतः यह आशंका निर्मूल नहीं है कि पाकिस्तान हमें परेशान करने और हमारे सैन्य खर्च को बढ़ाने की दृष्टि से ही ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। सीमा पर सैनिकों का जमावड़ा बढ़ाकर चीन की भी ऐसी ही साजिश रही है। अतः उचित मंच पर भारत को अपनी बात गंभीरता से रखनी चाहिए।

ऐसा पहली बार है, जब पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग में ड्रोन देखा गया। यह कूटनीतिक सभ्यता के विरुद्ध है। बताते हैं, उच्चायोग परिसर में जब ड्रोन देखा गया, तब वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। यदि भारत में भी पाकिस्तानी दूतावास की ड्रोन से निगरानी की जाए, तो सीमा पार कैसा एहसास होगा? कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय व्यवहार की एक गरिमा होती है, जिसे बनाए रखने से राष्ट्र का सम्मान बढ़ता है, लेकिन ड्रोन से जासूसी और हमले से किसी देश का सम्मान कतई नहीं बढ़ेगा। बेशक, ये ड्रोन अगर उड़ते रहे, तो दुश्मनी की दरारों को और बढ़ाएंगे।

**सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2021 के मसौदे को लेकर फिल्म उद्योग में गहरा आक्रोश है। जाने-माने अभिनेता, फिल्मकार कमल हासन ने तो सिनेमैटोग्राफ बिल के मसौदे की आलोचना करते हुए यहां तक कहा कि सिनेमा, मीडिया और साहित्यकार भारत के तीन प्रतिष्ठित बंदर नहीं हैं।**

# सिनेमाई धारा को नियंत्रित करने की कोशिश



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2021 का मसौदा केंद्र सरकार को उन फिल्मों की फिर से जांच करने की शक्ति देता है, जिन्हें सार्वजनिक स्क्रीनिंग के लिए सेंसर बोर्ड द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। यानी केंद्र सरकार सेंसर बोर्ड के फैसले को संशोधित करने में सक्षम होगी, यदि वह उचित समझे।**

जो लोग देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने के लिए लगातार जद्दोजहद कर रहे हैं और भरसक यह कोशिश कर रहे हैं कि बोलने और विचार व्यक्त करने की आजादी की हर कीमत पर रक्षा की जाए, उनके लिए केंद्र सरकार भी लगातार नई चुनौतियां पेश कर रही हैं। अभी करीब दो महीने पहले केंद्र सरकार ने फिल्म प्रमाणपत्र अपीलीय न्यायाधिकरण (एफसीएटी) को भंग कर दिया था और अब सरकार ने सिनेमैटोग्राफ एक्ट, 1952 में संशोधन का प्रस्ताव सामने रख दिया है। इस एक्ट में प्रस्तावित प्रमुख संशोधनों में केंद्र सरकार को किसी भी फिल्म की फिर से जांच करने की शक्ति देना भी शामिल है, जिसका अर्थ यह हुआ कि किसी भी फिल्म के खिलाफ किसी तरह की शिकायत मिलने पर सरकार पहले से ही प्रमाणित फिल्म की 'पुनर्परीक्षा' करने का आदेश दे सकती है। इस बिल का यह मसौदा केंद्र सरकार द्वारा फिल्म प्रमाणपत्र अपीलीय न्यायाधिकरण को समाप्त करने के कुछ ही हफ्तों बाद आया है, जो फिल्म निर्माताओं के पास उनकी फिल्मों के प्रमाणन को चुनौती देने के लिए एकमात्र अपीलीय निकाय था।

सिनेमैटोग्राफ एक्ट भारत में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रिलीज होने वाली फिल्मों के सर्टिफिकेशन को निर्देशित करने वाला एकमात्र कानून है। यह मुंबई में मुख्यालय वाले सीबीएफसी को नियंत्रित करता है, जिसे भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली प्रत्येक फिल्म को प्रमाणित करने का अधिकार है। वर्ष 2013 में सिनेमैटोग्राफ एक्ट के तहत प्रमाणन से जुड़े मुद्दों की पड़ताल के लिए न्यायमूर्ति मुकुल मुद्गल की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। इसके बाद फिल्म सर्टिफिकेशन के लिए व्यापक दिशानिर्देश विकसित करने के लिहाज से 2016 में फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल के नेतृत्व में एक और पैनल स्थापित किया गया था। दोनों पैनल ने उम्र के आधार पर प्रमाणन की मांग का समर्थन किया और सीबीएफसी की शक्तियों को सीमित करने के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं, लेकिन इनकी रिपोर्टों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इसके बाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पिछले साल लोकसभा में आईटी से संबंधित एक कमेटी की रिपोर्ट की समीक्षा की और यह नवीनतम मसौदा विधेयक उसी का परिणाम है।

इस मसौदा विधेयक में प्रस्तावित प्रावधानों पर भारतीय फिल्म उद्योग से कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली है, खास कर सरकार को पुनरीक्षण शक्तियां प्रदान करने वाले धारा के सन्दर्भ में। फिल्म उद्योग को आशंका है कि मसौदा विधेयक में प्रस्तावित प्रावधानों के आधार पर सरकार सुपर सेंसर की भूमिका में सामने आ सकती है और ऐसी कोई भी फिल्म जो सरकार को असहज करती हो, उसके प्रदर्शन को रोका जा सकता है। ज्यादातर लोगों का कहना है कि सरकार ने जब एफसीएटी को हटाया था, तभी उसने अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। एफसीएटी जैसे संवैधानिक निकाय को खत्म करने के बाद अब सेंसर बोर्ड को भी खत्म करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। माना जा रहा है कि सुपर सेंसर के रूप में कंटेंट पर सरकार का सख्त नियंत्रण कायम करने के लिए यह संशोधन किया गया है। हम जानते हैं कि सेंसर बोर्ड सरकार द्वारा स्थापित एक निकाय है और इसमें ऐसे लोग शामिल हैं, जिन्हें सरकार जिम्मेदार मानती है और जिनकी समाज में कुछ हैसियत है। और अगर सीबीएफसी नाम को कोई संस्था है, तो आपको किसी फिल्म का मूल्यांकन करने के लिए सीबीएफसी के ऊपर और उससे परे और भी कोई नियंत्रण क्यों चाहिए? जाहिर है कि इरादे नेक नहीं हैं और मीडिया को पूरी तरह अपने नियंत्रण में करने की तैयारी है। स्वाभाविक तौर पर सूचना-प्रसारण मंत्रालय की इस पहल के बाद फिल्मकार गहरे गुस्से में हैं और ज्यादातर फिल्मकारों का साफ तौर पर कहना है कि यह कदम मीडिया को नियंत्रित करने की दिशा में एक बड़ा गंभीर कदम है। श्याम बेनेगल जैसे वरिष्ठ फिल्मकार प्रस्तावित संशोधनों को गैर जरूरी बता चुके हैं। वे कहते हैं कि 'मैं वाकई समझ नहीं पा रहा हूं कि इसकी जरूरत क्या है। वे मीडिया को नियंत्रित करना चाहते हैं। हम लोकतांत्रिक देश हैं, हमारा मीडिया स्वतंत्र होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का तंत्र मौजूद है, तो किसी प्रकार का बाहरी नियंत्रण नहीं होना चाहिए, खास तौर पर सरकार का।

तीन हजार से अधिक लोगों ने प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय को एक पत्र भी भेजा है। इस पत्र पर जिन लोगों के हस्ताक्षर हैं, उनमें विशाल भारद्वाज, अनुराग कश्यप और शबाना आजमी भी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है, 'हम सिफारिश करते हैं कि केंद्र सरकार को किसी फिल्म के प्रमाणपत्र को वापस लेने की शक्तियां विधेयक में से हटाई जानी चाहिए।' पत्र में यह भी कहा गया है कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में संशोधन का सरकार का प्रस्ताव फिल्म बिरादरी के लिए एक और झटका है और इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक असहमति के खतरे में पड़ने की आशंका है।

सरकार को शायद इस बात की जानकारी नहीं है कि मौजूदा अधिनियम में पहले से ही यह प्रावधान है कि यदि कोई फिल्म 'घोर असंवैधानिक' या राष्ट्रीय अखंडता के लिए 'खतरा' है, तो सरकार उस फिल्म को वापस ले सकती है। फिल्म बिरादरी के कई प्रमुख सदस्यों ने पहले ही 1952 के सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में प्रस्तावित परिवर्तनों पर चिंता व्यक्त की है, जो देश के सिनेमा परिदृश्य की कथा को नियंत्रित करने में प्रत्यक्ष सरकारी हस्तक्षेप की अनुमति देता है। इस नए बिल से फिल्म निर्माता की आजादी और फिल्म की कमाई दोनों पर असर पड़ने वाला है। रचनात्मक अभिव्यक्ति पर पहले से ही शासी निकाय के पास इतनी शक्ति है। इस तरह के कानून के साथ, केवल एक ही कथा होने जा रही है और वो यह कि आप या तो सरकार समर्थक फिल्म निर्माता हो सकते हैं या बिल्कुल भी नहीं बोल सकते हैं।



## ओपिनियन

# देश के हक और हित के लिए



**मोहन भंडारी**
लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड)
@jagrukjanta.net


अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कोई भी किसी का न तो स्थाई मित्र होता है और न शत्रु। भू-सामरिक और भू-राजनीतिक मोर्चों पर राष्ट्रों के जो बदलते परिवेश होते हैं, उन्हीं के आधार पर समय-समय पर संबंध बनते-बिगड़ते रहते हैं। आज पूरे विश्व में राष्ट्रों के बीच जो भी संबंध हैं, वे केवल इसी बात पर आधारित हैं कि मेरे राष्ट्र का हित किसमें है? ये हित राज्य के विचार या विचारधारा के करीब होते हैं। अभी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का जो बयान है, वह चीन की विचारधारा को ही दर्शाता है। एक शब्द है- 'साइनोसेंट्रिज्म', चीन की नीति उसी के आधार पर तय होती है। चीनी मानते हैं कि दुनिया में हमसे ज्यादा परिष्कृत कोई नहीं। यदि हमारी चीज या हमारी नीति को आप मानते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय कानूनों को हम मानेंगे, और यदि आप हमारी बात नहीं मानेंगे, तो हम किसी अंतरराष्ट्रीय कानून को नहीं मानेंगे। चीन की अपनी बात और अपना हित सबसे ऊपर है। इसी सोच के तहत वह कार्रवाई करता है। बदलते परिवेश के साथ चीन अपने हित में यही मानता है कि सब मेरा है।

दरअसल, वह चाहता था कि लद्दाख में भारत को करारी हार मिले, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उसकी कोशिश उसके विरुद्ध चली गई, लेकिन यहां भी उसने कूटनीतिक चाल चली। इन दिनों कूटनीति में चीनी अच्छे हैं। उनके कूटनीतिज्ञ बहुत कम बोलते हैं, केवल अपने काम की बात कहते हैं। हमें कूटनीति में तो खास सफलता हासिल नहीं हुई, लेकिन चीन को हम तभी रोक पाए, जब हमारी विशेष फौज उन पहाड़ों पर चढ़ी, जहां कोई नहीं था। पिछले साल अगस्त में पूर्वी लद्दाख में कैलाश रेंज में भारतीय सैनिकों ने रणनीतिक चोटियों पर कब्जा किया, उसके बाद ही चीन कुछ दबाव में आया। चीनियों को पहली बार नुकसान हुआ था और वे कुछ पीछे हटने के लिए तैयार हुए। लेकिन हमसे चूक हुई, हम अपने इलाकों को पूरी तरह से खाली नहीं करा पाए। पिछले दौर की वार्ताओं में हमारी सोच बहुत परिपक्व नहीं रही, देपसांग, घोघरा का जो इलाका है, दौलतबेग ओल्डी के नीचे का जो इलाका है, वहां पर हमारी नियंत्रण रेखा बहुत विकट है। चीन ने इसी का फायदा उठाया। पूरे इलाके को खाली किए बिना चीन ने कहा, ठीक है, अब बहुत हो गया। ऐसा बयान भी आया, जो बचकाना भी है और दादागीरी से भरा भी। चीन ने कहा कि भारत अब उसी से खुश रहे, जो हमने उसे दिया है। यह आधिकारिक बयान सुनकर ताज्जुब हुआ। हमारी गलती रही, हमें उसी समय कैलाश रेंज वाले इलाकों को खाली नहीं करना चाहिए था। दरअसल,चीन पर वही हमारे दबाव का बिंदु था।

आज अगर हमें बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात करना पड़ा है, तो इसका कारण ही यही है कि जो भी कूटनीति होती है, जो भी बातचीत होती है, उसका एक नियम-कायदा है कि बातचीत और कूटनीति शक्तिशाली स्थिति में रहते हुए करनी चाहिए। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, समरथ को नहिं दोष गोसाईं। आपको समर्थ बनना ही पड़ेगा। कोई भी आपको तभी निशाना बनाता है, जब आप कमजोर नजर आते हैं। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चीन आज अमेरिका को भी पीछे छोड़ने में लगा है। भारत के साथ ही चीन का तनाव चल रहा है, लेकिन एक कटु हकीकत यह भी है कि वह हमारा बड़ा व्यापारिक साझीदार भी है। इन दिनों हमारी आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। दूसरी ओर, अगर बहुत सारे सैनिक आपने सीमा पर तैनात कर रखे हैं, तो उसने बिना युद्ध लड़े ही आपका खर्च बढ़ा दिया। सैनिकों का खाना-पीना, रहना, परिवहन, हानि इत्यादि बड़ा आर्थिक बोझ है। बगैर गोली चलाए, चीन ने अपना एक मकसद तो हल कर ही लिया है। चीन के रणनीतिकार पहले से ही बोलते रहे हैं कि आप बगैर लड़े अपने दुश्मन को हरा सकते हो।

## कटाक्ष

# मांग कम, फिर महंगाई क्यों?



**अरुण कुमार**
अर्थशास्त्री
@jagrukjanta.net

अर्थशास्त्र का यह सामान्य नियम है कि जब बाजार में मांग होती है, तब महंगाई बढ़ती है। पर मांग न होने के बावजूद यदि कीमतें आसमान छू रही हों, तो उसकी एक बड़ी वजह तंत्र की गड़बड़ी मानी जाती है। और, यदि मंशा कीमतें बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को संभालना हो, तो चढ़ती महंगाई मांग कम कर देती है, जिससे अर्थव्यवस्था का नुकसान ही होता है। भारत में फिलहाल ऐसी ही स्थिति है। कोरोना से ध्वस्त हो चुके भारतीय बाजार में मांग काफी कम हो गई है, फिर भी यह बेहिसाब महंगाई से जूझ रहा है। खाने के तेल से लेकर दाल, सब्जियां, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, दूध जैसी तमाम रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ गए हैं। इसकी सबसे ज्यादा मार असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों पर पड़ी है, जिनकी हिस्सेदारी भारतीय श्रम-बल में लगभग 94 फीसदी है। आंकड़े बताते हैं कि मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.3 फीसदी हो गई, जबकि अप्रैल में यह 4.23 फीसदी थी। थोक महंगाई दर भी अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई (12.94 फीसदी) पर है। चूंकि थोक मूल्य का असर उपभोक्ता मूल्य पर पड़ता है और पिछले मार्च से ही थोक मूल्य में तेजी दिख रही है, इसका मतलब है कि आने वाले महीनों में भी उपभोक्ताओं को शायद ही राहत मिल सके। हालांकि, महंगाई दर गिरने का अर्थ यह नहीं होता कि वस्तुओं के दाम कम हो रहे हैं। इसका मतलब होता है, कीमत बढ़ने की उसकी रफ्तार कम हो रही है। बहरहाल, सवाल यह है कि जब बाजार में मांग बहुत कम है, तब दाम क्यों चढ़ रहे हैं? इसकी कई वजहें हैं। सबसे बड़ा कारण तो आपूर्ति श्रृंखला का कमजोर होना है। कहा जा रहा है कि फसल वर्ष 2020-21 में देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और 2.66 फीसदी की वृद्धि के साथ यह रिकॉर्ड 30.5 करोड़ टन की ऊंचाई पर पहुंच गया है। इस रिकॉर्ड पैदावार के बावजूद यदि खाद्यान्न के मूल्य चढ़ रहे हैं, तो साफ है कि बाजार में उनकी पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही। यही हाल फल और सब्जियों का है, जिनके बारे में कयास हैं कि जमाखोरों द्वारा भंडारण किए जाने से यह स्थिति पैदा हुई है। पेट्रो उत्पादों का गणित अलग है। चूंकि चीन, अमेरिका जैसी अर्थव्यवस्थाएं सुधार की राह पर हैं, इसलिए कच्चे तेल, धातु आदि की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ रही हैं, जिसका नुकसान हम जैसी अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है, जो अब तक कोरोना से उबर नहीं सकी हैं। दिक्कत यह भी है कि हमने इन पर कई तरह के टैक्स लगा रखे हैं, जबकि यह जगजाहिर तथ्य है कि पेट्रो उत्पादों की कीमतों और महंगाई में सीधा रिश्ता होता है। पेट्रोल-डीजल के मूल्य बढ़ते ही सभी उपभोक्ता वस्तुओं के दाम चढ़ जाते हैं। सामान्य उपभोक्ताओं द्वारा इस्तेमाल के लिए खरीदे जाने वाले उत्पादों, यानी फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) के निर्माता भी महंगाई बढ़ने की एक वजह बता रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी लागत बढ़ने की वजह से एफएमसीजी के दाम बढ़ गए हैं। मगर उनका यह तर्क गले नहीं उतरता, क्योंकि तमाम मुश्किलों के बाद भी न सिर्फ अनिवार्य वस्तुओं की खरीदारी बनी हुई है, बल्कि कोरोना काल में बेरोजगारी में इजाफा होने से एफएमसीजी कंपनियों को कम कीमत पर श्रमिक भी उपलब्ध हो रहे हैं। जाहिर है, कारोबारी समाज का रुदन दिखावटी है। वे अब भी फायदा कूट रहे हैं, जिस पर सरकार को लगाम लगानी चाहिए। अर्थशास्त्र भी यही कहता है कि मांग कम होने के बावजूद यदि दाम बढ़ते हैं, तो उसका ज्यादातर लाभ कारोबारी उठाते हैं। महंगाई बढ़ने की एक वजह लोगों का स्वास्थ्य खर्च बढ़ना भी है, क्योंकि महामारी की वजह से इलाज और दवाओं पर लोगों के खर्च बढ़ गए हैं। विडंबना यह है कि महंगाई सूचकांक में इस क्षेत्र की नाममात्र की गिनती होती है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



जीवन में नित्य होने वाले अशुभ कर्मों की निवृत्ति के लिए पंचमहायज्ञ का विधआन किया गया है। गृहस्थ में चूल्हा, बुहारी आदि से न चाहते हुए भी नित्य जीव हत्या होने की संभावना रहती है।

**ब्रह्म यज्ञ**- स्वाध्याय, शास्त्र (धर्म ग्रंथ) पठन, पूजा, ध्यान, भजन कीर्तन आदि।

**देव यज्ञ**- विद्वान पुरुष, संत महात्मा आदि का सत्संग करना, उनका उपदेश सुनना, कथा भागवत आदि का आयोजन करना।

**पितृ यज्ञ**- श्राद्ध, तर्पण आदि करना, माता-पिता, गुरुदेव की सेवा, उनकी आज्ञा पालन, उनके वचनों में श्रद्धा।

**भूत यज्ञ**- इसे बलि वैश्व देव भी कहते हैं। भोजन को सर्वप्रथम अग्नि में आहूति देना, कुछ हिस्सा कुत्ता, गाय, चींटी, पक्षी आदि के लिए रखना।

**नर यज्ञ**-इसे अतिथि यज्ञ कहते हैं। घर पर अनायास आए विद्वान, साधु, संन्यासी, भूखे व्यक्ति को भोजन कराना, असहाय की सहायता करना, जल सेवा, दान, भिक्षा देना आदि।

10. सभी मतों में सुखी जीवन के लिए पंचशील का आचरण प्रमुख महत्व रखता है।

**सत्य**- सत्य वचन एवं सत्य आचरण।

**अहिंसा**- किसा भी प्राणी को मन, वचन व कर्म से कष्ट न पहुंचाना ही अहिंसा है।

**ब्रह्मचर्य**- वीर्य रक्षा, संयम, संतोष और सदाचार ब्रह्मचर्य का पालन है।

**क्रमशः**

## सीखने की बात

**अल्प बुद्धि व्यक्ति थोड़ा सा ज्ञान प्राप्त कर लेने पर ही स्वयं को महान विद्वान समझने लगता है।**

- अज्ञात

# ड्रोन रूप में मंडराता खतरा



**अरुण भगत**
पूर्व प्रमुख, आईबी
@jagrukjanta.net

जम्मू-कश्मीर हवाई अड्डा परिसर में ड्रोन से किए गए विस्फोट प्रमाण हैं, दुश्मन नहीं चाहते कि किसी किस्म का समझौता हो और भारत में अमन-चैन बहाल हो। पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को हर वक्त सामने रखता है, ऐसा करते हुए वह यह चाहता है कि किसी तरीके से भारत में गड़बड़ी पैदा करे, उपद्रव बढ़ाए। चाहे सांप्रदायिक उपद्रव हो या आतंकी उपद्रव, वह तरीके खोजता रहता है कि भारत में हलचल मची रहे। भारत अस्थिर हो। यही उनका मुख्य मकसद है और इसमें कोई शक नहीं कि वहां पाकिस्तानी सेना हुकूमत कर रही है।

ताजा विस्फोट या हमले में ड्रोन का इस्तेमाल हुआ है। पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जहां ड्रोन का सर्वाधिक इस्तेमाल होता रहा है। ड्रोन का इस्तेमाल 2011 से लेकर 2020 तक अमेरिकी सेना ने भी खूब किया है और अमेरिका ड्रोन के लिए पाकिस्तान की हवाई पट्टी का इस्तेमाल करता था। अनुमान यह है कि पांच से सात हजार लोग ड्रोन हमलों में मारे गए। अमेरिका कहता है कि मारे जाने वालों में 80 से 90 प्रतिशत आतंकवादी थे, लेकिन दूसरे संगठनों ने हिसाब लगाया है कि वास्तव में 30 से 40 प्रतिशत से ज्यादा तालिबान या उनकी तंजीमें नहीं मारी गई, हां, बड़ी संख्या में नागरिक जरूर मारे गए हैं, जिनमें बच्चे और औरतें शामिल हैं। हैरानी की बात है कि सार्वजनिक रूप से ड्रोन के इस्तेमाल का खंडन किया जाता रहा है। पाकिस्तान के आदिवासी-कबिलाई क्षेत्रों में ड्रोन का ज्यादा इस्तेमाल हुआ था। एक पहलू यह भी है कि पाकिस्तान ने चीन से बहुत सारे ड्रोन खरीदे हैं, लेकिन ये बड़े ड्रोन हैं। जम्मू में जो इस्तेमाल किया गया है, वह छोटा ड्रोन लगता है, क्योंकि जो नुकसान हुआ है, वह ज्यादा नहीं है। पहले पंजाब में इसका इस्तेमाल हुआ था। पंजाब में आईएसआई ने इस्तेमाल शुरू किया था। देखने वाली बात है कि बहुत सारे ड्रोन हथियार और मादक द्रव्य भारत की सीमा में गिराते रहे हैं। यह भी देखा गया है कि इसी महीने 24 तारीख को दो ड्रोन कठुआ क्षेत्र में आए थे, जिन्हें बीएसएफ ने देखा और फायर किया, तो वे पाकिस्तान लौट गए। गौर करने की बात है, दोनों देशों के बीच फरवरी में समझौता हुआ है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई फायरिंग नहीं होगी। दोनों देशों के बीच एलओसी साढ़े सात सौ किलोमीटर लंबी है और यहां अभी तक शांति रही है।

पाकिस्तान शायद सोचता होगा कि वह घुसपैठ नहीं कर सकता, इसलिए यह नया तरीका उसने इस्तेमाल किया है। अगस्त 2020 में चेतावनी मिल गई थी कि हमला हो सकता है। ड्रोन से हमले के बारे में पहले से ही पता था। स्पष्ट है, पाकिस्तान ने हमले का एक नया ही क्षेत्र खोल दिया है। वे अभी तक ड्रोन के जरिए हथियार, मादक द्रव्य और नकली नोट फेंकते थे, लेकिन अब इन्होंने जैसे हमला किया है, हमें भी जवाब देने के नए तरीके खोजने पड़ेंगे। इस बार भले ही ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन साफ है, वे हमारी सुरक्षा को जांच रहे हैं। यह सच्चाई है, दोनों ड्रोन हमले या विस्फोट के बाद वापस चले गए हैं, इससे पता चलता है कि हमारा एंटी ड्रोन सिस्टम कामयाब नहीं हुआ। यदि हमारा कोई सिस्टम है, तो वह बड़े ड्रोन के लिए बना है और छोटे ड्रोन के लिए हम सुरक्षा तंत्र अभी तक नहीं बना सके हैं, इस पर हमें मुस्तैदी से ध्यान देना पड़ेगा। हमें सोचना पड़ेगा कि पाकिस्तान को इसका जवाब कैसे दिया जाए। हमारी सरकार, प्रशासन और सुरक्षा बलों को आगे की राह सोचनी चाहिए।

हम जानते हैं कि बालाकोट का गंभीर असर पड़ा था। क्या हमें एक और बालाकोट करना चाहिए? क्या हम पाकिस्तान पर सीमित हमला कर सकते हैं? क्या हम भी पाकिस्तान के खिलाफ ड्रोन इस्तेमाल कर सकते हैं? हम ड्रोन के मोर्चे पर सक्षम तो हैं। इसी साल 15 जनवरी को सेना दिवस पर ड्रोन हमले का प्रदर्शन किया गया था। हम ड्रोन की मदद से हवा से जमीन पर हमला कर सकते हैं? थल सेना तो जमीन पर रहती है कि लेकिन ड्रोन की मदद से हवा में रहते हुए भी हमले किए जा सकते हैं। छोटे ड्रोन को रोकना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि वे एक तो रडार की ऊंचाई से नीचे आ जाते हैं और रात के समय आप उन्हें देख नहीं सकते हैं। ये काफी गति से जाते हैं और आवाज भी नहीं करते हैं। इनका कोई संकेत नहीं होता है। एक बात यह जरूर है कि छोटे ड्रोन ज्यादा वजन नहीं उठा सकते। हां, इनका रासायनिक इस्तेमाल हो सकता है, छोटा-मोटा नुकसान भी हो सकता है। पेट्रोलियम टैंक इत्यादि पर यह गिरे, तो नुकसान बहुत होगा।

## जागरूक Selfie विद सन



सौम्य सन दिनेश सैन, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

## जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 7 जुलाई, 2021**

**सूर्योदय :** 05:51 **सूर्यास्त :** 18:50 **चन्द्रोदय :** 03:21 **चन्द्रास्त :** 16:46 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** मिथुन **चन्द्र राशि :** वृषभ **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** त्रयोदशी, 27:19 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **चन्द्रमास :** आषाढ़ - पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **ज्येष्ठ :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **द्रिक ऋतु :** वर्षा **वैदिक त्रतु :** ग्रीष्म

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** रोहिणी, 18:15 तक
**योग :** गांदा, 15:28 तक
**प्रथम करण :** गारा, 14:12 तक
**द्वितिय करण :** वणिजा, 27:19 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:08 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:29 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:45 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:09 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:23 पी एम से |
| अमृत काल | 02:43 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:06 एएम, जुलाई 08 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | पूरे दिन |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
कुम्भ चक्र : कण्ठ
चन्द्र वास : दक्षिण

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| उद्वेग | : 05:49 - 07:27 | शुभ : 18:50 - 20:12 |
| चार | : 07:27 - 09:04 | अमृत : 20:12 - 21:35 |
| लाभ | : 09:04 - 10:42 | चार : 21:35 - 22:57 |
| अमृत वार वेला | : 10:42 - 12:19 | रोग : 22:57 - 24:19 |
| काल काल वेला | : 12:19 - 13:57 | काल : 24:19 - 25:42 |
| शुभ | : 13:57 - 15:35 | लाभ : 25:42 - 27:04 |
| रोग | : 15:35 - 17:12 | उद्वेग : 27:04 - 28:27 |
| उद्वेग | : 17:12 - 18:50 | शुभ : 28:27 - 29:49 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज त्रयोदशी

**आज कौन सा कार्य करें**

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैत्रऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

**आषाढ़, कृष्ण, त्रयोदशी, 2078 बुधवार, 5 जुलाई - 11 जुलाई, 2021**

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**प्रेम-प्रसंग** में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
**पुराना** रोग परेशानी का कारण रह सकता है। दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी।

**वृषभ** (ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
**लाभ** के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, नू,या,यी,यू)
**किसी** अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**मिथुन** (क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह)
**घर** के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)
**दूर** से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा।

**कर्क** (हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
**सुख** के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी।

**मकर** (भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,)
**व्यावसायिक** यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
**किसी** अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ

**कुंभ** (गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा)
**आराम** तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
**कोर्ट** व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मीन** (दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)
**वाणी** नियंत्रित रखे। कानूनी अड़चन आ सकती है। व्यवसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर



## संदीप भारद्वाज को लॉ में पीएचडी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने संदीप भारद्वाज को लॉ में पीएचडी अवार्ड की है। भारद्वाज का विषय अपराधियों के पुनर्वास और उपचार का एक सामाजिक कानूनी अध्ययन रहा। उन्होंने प्रोफेसर डॉ. आराधना परमार के पर्यवेक्षण में उक्त पीएचडी प्राप्त की है।

---

एक ही बोर्ड की एक ही कक्षा के दो कैटेगेरी के छात्रों के लिए रिजल्ट तैयार करने के नियम अलग-अलग

# 19 लाख स्टूडेंट्स का असेसमेंट तैयार करने वाले सीबीएसई के पास एक लाख प्राइवेट छात्रों के मार्क्स का डेटा ही नहीं

**प्रोजेक्ट, ओपन बुक टेस्ट जैसे विकल्प होने के बावजूद केंद्रीय बोर्ड प्राइवेट छात्रों के एग्जाम करवाने के पक्ष में, अभी भी है समय, निकल सकता है रास्ता**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीबीएसई की 10वीं,12वीं बोर्ड परीक्षाओं के रद्द होने के बाद बोर्ड के प्राइवेट, कम्पार्टमेंट व पत्राचार के छात्रों के लिए परीक्षाएं 15 अगस्त से 15 सितंबर के बीच प्रस्तावित हैं। इन परीक्षाओं में लगभग एक से डेढ़ लाख छात्र शामिल होंगे। देश भर में ये छात्र इन परीक्षाओं का विरोध कर रहे हैं। छात्रों का तर्क है कि जब नियमित छात्रों का असेसमेंट हो रहा है तो कोविड के खतरे के बीच इनकी परीक्षाएं क्यों ली जा रही हैं।

हालांकि सीबीएसई 12वीं के प्राइवेट एग्जाम्स को रद्द करने की मांग को लेकर कोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हो चुकी है और यह फैसला बोर्ड पर छोड़ दिया गया है। परीक्षाएं क्यों ली जा रही हैं इसके जवाब में सीबीएसई ने 21 जून को अपने एफिडेविट में बताया कि प्राइवेट छात्रों का कोई भी इंटरनल असेसमेंट, यूनिट टेस्ट, मिड टर्म एग्जाम या प्री बोर्ड परीक्षाएं नहीं ली गई हैं। ऐसे में कोर्ट द्वारा स्वीकृत असेसमेंट स्कीम इन पर लागू नहीं हो सकती इसलिए इन छात्रों का रिजल्ट तैयार करने के लिए इनकी परीक्षाएं लेनी ही होंगी। अप्रैल में सीबीएसई ने परीक्षाएं स्थगित की थीं। एक जून को पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, दसवीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसके बाद सीबीएसई ने भी नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि परीक्षाएं रद्द हो गई हैं। एक जून तक देश भर में यही जानकारी थी कि सारी परीक्षाएं कैंसिल हो गई हैं। 17 जून को यह खुलासा हुआ कि सभी छात्रों में प्राइवेट छात्र शामिल नहीं हैं। ऐसे में प्राइवेट छात्रों के बीच इसे लेकर असंतोष पैदा हो गया।

### रेग्युलर छात्रों का असेसमेंट फॉर्मूला प्राइवेट छात्रों पर इसलिए लागू नहीं हो पाएगा

**बोर्ड** का कहना है कि उसके पास इन छात्रों का डेटा नहीं है। सीबीएसई पत्राचार के कुछ छात्र ऐसे भी होते हैं जिन्होंने सीधा 12वीं में प्रवेश लिया हो। इन छात्रों का 11वीं का रिकॉर्ड नहीं है। प्राइवेट बच्चों के लिए सीबीएसई ने एक सर्कुलर निकाला था जो 2021 के लिए वैलिड था। इसके मुताबिक 10वीं व 12वीं के प्राइवेट बच्चों का इंटरनल असेसमेंट नहीं होगा। उन्हें मार्क्स प्रो डेटा बेसिस पर दिए जाएंगे। लेकिन प्रो डेटा बेसिस के लिए भी परीक्षा का होना जरूरी है। ऐसे में असेसमेंट का फॉर्मूला इन पर लागू नहीं हो सकता।

### उच्च शिक्षा में आएगी दिक्कत, रिजल्ट में देरी से पिछड़ेंगे छात्र

विशेषज्ञों के मुताबिक प्राइवेट स्टूडेंट्स में से आधे भी अगर उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं तो इनमें से कुछ ऐसे होंगे जिनका एडमिशन विदेशी यूनिवर्सिटीज में हो सकता है। विदेशी यूनिवर्सिटीज भारत की टाइमलाइन नहीं मानेंगी। उन्हें सारे डॉक्यूमेंट्स चाहिए। अगर ये नहीं होंगे तो प्रवेश नहीं मिल पाएगा। क्लैट समेत कई कॉम्पिटिशन एग्जाम के लिए भी ये छात्र क्वालिफाय करेंगे। लेकिन डॉक्यूमेंट्स न होने पर ये काउंसलिंग में नहीं बैठ पाएंगे। कई कॉलेजों की मेरिट लिस्ट में भी इन्हें जगह नहीं मिलेगी।

### कम्पार्टमेंट छात्रों के लिए ये समीकरण

मान लीजिए 2018 में किसी ने पहली बार कम्पार्टमेंट दिया और वह फेल हो गया। 2019 में उसने फर्स्ट कम्पार्टमेंट दिया। 2020 में उसे सेकेंड कम्पार्टमेंट देना था। उसका सेकेंड कम्पार्टमेंट 2020 में हुआ तो बोर्ड के पास उसका यही रिकॉर्ड है। सेकेंड कम्पार्टमेंट में प्रैक्टिकल नहीं लिए जाते। इसमें प्रो डेटा बेसिस का इस्तेमाल होता है। 2019 में जो फेल हुआ था 2020 में उसने पहला कम्पार्टमेंट दिया। उसमें भी अगर वह फेल है तो 2021 में उसे सेकंड कम्पार्टमेंट देना था जोकि नहीं हुआ। ये बच्चे दो बार फेल हो चुके हैं। लेकिन इनका 10वीं व11वीं का रिकॉर्ड है। 12वीं के रिकॉर्ड में ये फेल हैं। ऐसे में इनके लिए परीक्षाएं जरूरी हो जाती हैं। विशेषज्ञों की राय में ऐसे में बिहार मॉडल को फॉलो किया जा सकता है। बिहार में ग्रेस मार्किंग हुई है। वहीं असम में सभी को पास कर दिया जाएगा।

**प्राइवेट** एग्जाम्स अगस्त-सितंबर में प्रस्तावित हैं। यह समय कितना सुरक्षित होगा कह नहीं सकते। अच्छा होता कि इस साल सभी को पास कर दिया जाए। इसके साथ ही अगर रेग्युलर छात्रों के लिए बनी पॉलिसी प्राइवेट छात्रों पर नहीं लागू हो सकती तो इनके लिए भी एक अलग पॉलिसी बनाई जानी चाहिए। यह कहना गलत होगा कि इनका डेटा ही नहीं है। आईसीएसई तो 6 साल का डेटा ले रहा है, सीबीएसई भी इस पैटर्न पर जा सकता है। **-अभिषेक चौधरी,** एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट

# 8वीं में ए+ ग्रेड है तो 91-100 नंबर मिलेंगे, डीईओ को निदेशालय ने भेजा 8वीं के नंबरों का फॉर्मेट

**राजस्थान बोर्ड 10वीं**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 11 लाख स्टूडेंट्स का 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम अगस्त में जारी होगा। बोर्ड में इस संबंध में तैयारियां शुरू कर दी है। 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों को अंक तय किए गए फॉर्मूले के मुताबिक 45 : 25 :10 : 20 के अनुपात में मिलेंगे। इसमें आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 2019 के नंबरों का 45प्रतिशत 9वी का 25प्रतिशत और 10वीं के 10प्रतिशत और 20प्रतिशत सत्रांक के आधार पर नंबर तय होंगे। बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। अंक निर्धारण समितियों को 12 जुलाई तक ऑनलाइन 10वीं कक्षा के अंक भेजने होंगे। दरअसल, 8वीं बोर्ड की परीक्षा में विद्यार्थियों को ग्रेड दिया जाता है। लेकिन 10वीं बोर्ड का रिजल्ट अंकों के आधार पर तैयार होगा। अंक निर्धारण समितियों को नंबर भेजने में समस्या ना हो इसलिए बोर्ड ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और डाइट को 2019 में हुई आठवीं बोर्ड परीक्षा के नंबरों का फॉर्मेट भिजवाया है। समस्त जिला शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के स्कूलों में इन नंबरों को ऑनलाइन भेजेंगे। आठवीं कक्षा के इन्हीं नंबरों के आधार पर 10वीं बोर्ड के 45त्न अंकों का निर्धारण किया जाएगा।

### यूं समझे ग्रेडिंग को

माना आठवीं बोर्ड में विद्यार्थी को 'ए प्लस' मिला हैं। इनमें जिस विद्यार्थी ने संबंधित विषय में 99 नंबर हासिल किए हैं। उसके 44.55 अंक और 91 नंबर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के 40.95 नंबर ही 10वीं बोर्ड की मार्कशीट में जुड़ेंगे। जिन तीन विषय में विद्यार्थी ने अधिक अंक प्राप्त किए हैं उनके नंबर 10वीं की मार्कशीट में जोड़े जाएंगे। माना आठवीं बोर्ड में विद्यार्थी को 'ए प्लस' मिला हैं। इनमें जिस विद्यार्थी ने संबंधित विषय में 99 नंबर हासिल किए हैं। उसके 44.55 अंक और 91 नंबर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के 40.95 नंबर ही 10वीं बोर्ड की मार्कशीट में जुड़ेंगे। जिन तीन विषय में विद्यार्थी ने अधिक अंक प्राप्त किए हैं उनके नंबर 10वीं की मार्कशीट में जोड़े जाएंगे।

### ग्रेड नहीं नंबरों के आधार पर ही तैयार होगा रिजल्ट

आठवीं बोर्ड की परीक्षा में विद्यार्थियों को नंबरों की बजाए ग्रेड प्रदान किया जाता है। लेकिन 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 45% अंकों का निर्धारण ग्रेड के आधार पर नहीं बल्कि संबंधित विद्यार्थी की ओर से वर्ष 2019 में हुई आठवीं बोर्ड की परीक्षा में जितने अंक प्राप्त किए हैं उसी के आधार पर 45% अंक 10वीं की मार्कशीट में जोड़े जाएंगे।

### 12वीं का रिजल्ट 31 जुलाई तक देना होगा, 7 तक भेजने होंगे नंबर

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बोर्ड को 31 जुलाई तक जारी करना होगा। इसी डेट लाइन के मुताबिक बोर्ड अपनी तैयारी कर रहा है। 12वीं कक्षा के अंक निर्धारण समितियों को 7 जुलाई तक भेजने होंगे। वहीं 10वीं-12वीं के स्टूडेंट्स के ऑनलाइन सत्रांक संस्था प्रधानों को एक जुलाई तक भेजने होंगे। पूर्व में सत्रांक भेजने की अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित थी।

भारत विकास परिषद राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत

# वित्तीय प्रबंधन पर कार्यशाला संपन्न

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारत विकास परिषद राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत ने आभासी पटल (वर्चुअल मोड) पर वित्तीय प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में 25 शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव व वित्त सचिव ने भाग लिया। कार्यशाला का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत के साथ किया गया। प्रांतीय महासचिव रणवीर सिंह त्यागी ने सभी का स्वागत किया तथा शाखाओ द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए अगामी कार्यक्रमो मे भी सहभागिता बनाये रखने तथा समय से रिपोर्ट भेजने का आग्रह भी किया।

प्रांतीय अध्यक्ष आर एस सक्सेना ने कोरोना महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों का जिक्र करते हुए मोक्ष वाहिनी एवं एंबुलेंस सेवायें आरंभ करने का सुझाव दिया। परिषद के कार्य विस्तार के संबंध में कहा कि इस वर्ष। नई शाखाएं खोली जा चुकी है परंतु लक्ष्य 26 नई शाखाओं का है। उन्होंने शाखाओं के रिकॉर्ड का उचित रखरखाव करने तथा इसकी एक प्रति प्रांत को उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। मनीष अग्रवाल प्रांतीय वित्त सचिव ने शाखाओं के वित्तीय प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

उन्होने ए.ओ.पी., डीड तथा पैन कार्ड बनवाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर प्रांतीय मीडिया प्रकल्प प्रमुख नगेन्द्र वशिष्ठ ने प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मंत्री वित्त राकेश कुमार गुप्ता ने वित्तिय प्रबंधन की महत्ता को समझाते हुए सभी उपस्थित सदस्यो की शंकाओ एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। राष्ट्रीय मंत्री अशोक कुमार मित्तल ने कोरोना काल में माता पिता की मृत्यु के कारण अनाथ हुए बच्चो की सहायता के लिए परिषद की योजना के बारे में जनकारी दी। प्रांतीय संरक्षक डॉ कुमकुम कपूर ने सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।

## अनु चौधरी ने 80 बच्चों को पाठ्य सामग्री भेंट की

**जयपुर @ जागरूक जनता।** देश में कोरोना के चलतेउच्च और मध्यम वर्ग घर में रहकर ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में निम्न एवं वंचित वर्ग के अधिकांश बच्चों की आर्थिक संकट की वजह से शिक्षा प्रभावित हो रही है। इसलिए वंचित वर्ग के बच्चों के लिए शिल्प सृजन संस्था के माध्यम से अनु चौधरी एवं उनके मित्रों ने सहयोग कर 80 बच्चों को विभिन्न पाठ्य सामग्री, किताबें, स्लेट, कॉपी, पैंसिल, लंच बाक्स, पेन, बॉटल, रबर, खिलौने, चाकलेट एवं केक आदि सामग्री उपलब्ध कराई।

## ग्रेटर निगम के निलंबित पार्षदों की याचिकाओं पर 12 तक टली सुनवाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** हाईकोर्ट ने ग्रेटर नगर निगम की निलंबित मेयर व निगम कमिश्नर के बीच हुए विवाद मामले में निलंबित किए तीन पार्षदों पारस जैन, अजय सिंह व शंकर शर्मा की याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई 12 जुलाई तक टाल दी। जस्टिस प्रकाश गुप्ता व एमके व्यास की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया। साथ ही प्रार्थियों को याचिका में रही कमियों को दूर करने के लिए कहा है। याचिकाओं में नगर पालिका अधिनियम की धारा 39 के प्रावधानों को चुनौती देकर निलंबन को गलत बताते हुए उन्हें बहाल करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि निगम कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह देव ने दुर्व्यवहार पर ज्योति नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था। कमिश्नर की शिकायत पर राज्य सरकार ने ग्रेटर नगर निगम मेयर सौम्या गुर्जर, पार्षद अजय सिंह, पारस जैन और शंकर शर्मा को निलंबित कर न्यायिक जांच के लिए भेज दिया था।

पंचायत सहायक संघ पीपाड़ शहर ब्लॉक

# नवीन कार्यकारिणी गठित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** राजस्थान पंचायत सहायक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें पीपाड़ शहर ब्लॉक पंचायत सहायक संघ की नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चौधरी,उपाध्यक्ष मांगीलाल, कोषाध्यक्ष सहीराम चौधरी, सचिव महिपाल चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक प्रमुख सुमन देवड़ा, प्रवक्ता राकेश मेहरा, संरक्षक रामदेव सारण, संगठन मंत्री धर्मपाल पूनिया, प्रचार मंत्री सुभान खां को बनाया गया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने मूंदड़ा सर्किल के अन्दर लघु कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत के साथ पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान अपने संबोधन में अध्यक्ष चौधरी ने बताया की राज्य के 27 हजार ग्राम पंचायत सहायकों ने एक बार फिर ट्विटर पर सरकार को घेरा और नियमितीकरण की मांग की। ट्विटर पर पंचायत सहायकों ने अपनी एकता दिखाई जो गुरुवार को देश में चौथे नंबर पर और राजस्थान में पहले नंबर पर ट्रेंड हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, शिक्षामंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, अजय माकन और बीडी कल्ला के साथ सालेह मोहम्मद, ममता भूपेश और अशोक चांदना को घेरा। इन पंचायत सहायकों का कहना है कि उन्होंने 8 साल तक सरकार को अपनी सेवाएं दी हैं और पिछले चार साल से नियमित किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### वादा भूली सरकार

महिला प्रकोष्ठ की पीपाड़ शहर प्रमुख सुमन देवड़ा ने बताया कि गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में ग्राम पंचायत सहायकों को नियमित करने का वादा किया था सरकार ने अब तक अपना वादा पूरा नहीं किया। 18 पंचायक सहायकों की मौत प्रवक्ता मेहरा ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायत सहायक बीते 3 महीनों से बिना मानदेय प्राप्त किए पंचायत और स्कूलों में कोरोना वॉरियर्स के रूप में कार्य कर रहे हैं, वह भी मात्र छह हजार रुपए में। उन्हें ना कोई अतिरिक्त यात्रा भत्ता मिलता है ना ही कोई सुरक्षा सामग्री। प्रदेश के पंचायत सहायक इस महामारी में चेक पोस्ट सर्वे आइसोलेशन कक्ष के बाहर निगरानी दल के रूप में कंट्रोल रूम में सर्वे दल के रूप में और वैक्सीनेशन की कार्य में अपनी पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अब तक 18 ग्राम पंचायत सहायक ड्यूटी देते वक्त इस महामारी की चपेट में आकर अपनी जिंदगी को चुके हैं। यदि राज्य सरकार जल्द ग्राम पंचायत सहायकों के नियमितीकरण को लेकर फैसला नहीं करती है तो लॉकडाउन के हटते ही प्रदेश के 27000 ग्राम पंचायत सहायक जयपुर में एक महाआंदोलन के साथ राज्य सरकार से आमना सामना करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

बुध ग्रह आज करेंगे राशि परिवर्तन

# इस माह चार बड़े ग्रह बदलेंगे राशि



**बुध ग्रह वृष राशि से अपनी स्वराशि मिथुन में करेंगे प्रवेश**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जुलाई का महिना खास रहेगा। इस माह चार बड़े ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा। ऐसे में कई राशि के जातकों के लिए ये सफलता लेकर आएंगे। इसकी शुरुआत 7 जुलाई को होगी, इस दिन सुबह 11 बजकर 04 मिनट पर ग्रहों के युवराज बुध ग्रह वृष राशि को छोड़कर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। जो करीब 19 दिन तक मिथुन राशि में रहेंगे, इसके बाद 25 जुलाई को ये चन्द्र ग्रह की राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 16 जुलाई को सूर्य शाम 4.52 बजे कर्क राशि में आएंगे। 17 जुलाई को शुक्र सुबह 9.26 बजे सिंह राशि में आएंगे और 20 जुलाई को मंगल भी सिंह राशि में आएंगे। वहीं 20 जुलाई को ही गुरु सुबह 10.28 बजे धनिष्ठा नक्षत्र में आएंगे। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि नवग्रहों के युवराज बुध ग्रह आज राशि परिवर्तन कर अपनी स्वराशि मिथुन में आएंगे। बुध ग्रह का स्वराशि में आना सफलता लेकर आएगा। ग्रह अपनी स्वराशि में मजबूत स्थिति में होता है। बुध ग्रह के बाद ग्रहों के राजा सूर्य देव अपनी राशि बदलेंगे। वे कर्क संक्रांति के दिन यानि 16 जुलाई 2021 को शाम 4.52 बजे चंद्रमा की राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। जहां पर इस राशि में वे एक माह तक विराजमान रहेंगे। सूर्य के बाद सुख और वैभव के कारक ग्रह शुक्र 17 जुलाई को सुबह 9.26 बजे सिंह राशि में अएंगे और 20 जुलाई ग्रहों के सेनापति मंगल शाम 5.54 बजे सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इन चारों ग्रहों का राशि परिवर्तन चार राशियों के लिए बेहद शुभ होने जा रहा है।

### बुध ग्रह मिथुन राशि का स्वामी

बुध ग्रह बुद्धि, धन व व्यापार का कारक होता है। बुध ग्रह मिथुन राशि का स्वामी है, ऐसे में वह अपनी स्वराशि में प्रवेश कर रहा है, जिससे मिथुन राशि के साथ तुला व वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सफलता और उन्नति दायक होगा। बाकि के लिए यह सामान्य रहेगा।

### कब किसका राशि परिवर्तन

- बुध ग्रह 7 जुलाई को करेंगे राशि परिवर्तन
- सूर्य 16 जुलाई को आएंगे कर्क राशि में
- शुक्र 17 को सिंह में करेंगे राशि परिवर्तन
- मंगल 20 जुलाई को सिंह राशि में आएंगे
- 20 जुलाई को गुरु सुबह 10.28 बजे धनिष्ठा नक्षत्र में आएंगे

ANCHOR पर्यटन विभाग

# आरटीडीसी के होटलों में फिर गूंजेगा पधारो म्हारे देश

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सीकर।** पर्यटन विभाग के लिए सफेद हाथी बन चुकी होटल, मोटल व यात्रिका के दिन अब जल्द फिरने वाले हैं। घाटे की वजह से बंद होने वाली 50 से अधिक इकाइयों को अब पर्यटन विभाग ने लीज पर देने की तैयारी कर ली है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो अगले कुछ महीनों में बंद पड़े इन होटल, मोटल व यात्रिका में पधारो म्हारे देश की धुन सुनाई देगी। पर्यटन राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने इस संबंध में विभाग के अधिकारियों की दो बैठक भी ले चुके हैं। सभी जिलों में पर्यटन विभाग की संपतियों की कुंडली बनाने का काम भी शुरू हो गया है।

संपत्तियों की लीज राशि में पारदर्शिता रखने के लिए सभी जिलों में संबंधित जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। इधर, कोरोनाकाल की वजह से बेहद कठिन दौर से गुजरने वाले पर्यटन सेक्टर को 300 करोड़ रुपए से बूस्टर डोज भी मिलेगा। विभाग की ओर से लगभग 300 करोड़ रुपए

RAJASTHAN
The Incredible State of India !

विभाग की इकाईयों के संस्थागत ढांचे को मजबूत करने सहित अन्य कार्यों पर खर्च होंगे। इसके अलावा 200 करोड़ रुपए की लागत से राजस्थान के पर्यटक स्थलों की ब्रॉडिंग की जाएगी, जिससे राजस्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या में और इजाफा किया जा सके।

### पहले चरण में इनको दिया जाएगा लीज पर

पहले चरण में घाटे की वजह से बंद इकाइयों को लीज पर दिया जाएगा। इसमें चित्तौडगढ़ की जनता आवास, सिरोही की होटल पुर्जन, भीलवाड़ा की होटल भीलवाड़ा, हनुमानगढ़ होटल, नागौर की होटल कुरजा, बाड़मेर की होटल खड़ताल, अजमेर की होटल रॉयल ट्यूरिस्ट विजेल पुष्कर, चूरू की चिरमी, उदयपुर की होटल गवरी ऋषभदेव, बूंदी की होटल वृंदावती, अजमेर की होटल पर्यटक गांव पुष्कर, झालावाड़ की होटल चंद्रावती, होटल झुंझुनूं, जयपुर की होटल झील रामगढ़ शामिल है। इसके अलावा सीकर, दौसा, नागौर, जोधपुर, टोंक, धौलपुर, भरतपुर, भीलवाड़ा, जोधपुर, जयपुर, चूरू, राजसमंद व जैसलमेर के मिडवे को भी किराए पर देने की योजना है। वहीं झुझुनूं जिले के कैफेटेरिया महेनसर, मंडावा, तालवृक्ष अलवर, मेनाल चित्तौडग्गढ़, यात्रिका करौली, सालासर व नाथद्वारा को भी लीज पर दिए जाने की तैयारी है।

**अगले चरण में इनको भी दिया जाएगा लीज पर**

**योजना** के दूसरे चरण में इस तरह की इकाइयों को लीज पर दिया जाएगा जिनका संचालन तो हो रहा है, लेकिन विभाग का घाटा बढ़ रहा है। इसमें होटल स्वागतम जयपुर, होटल तीज, होटल शिल्पी रणकपुर पाली, होटल पन्ना चित्तौडग़ढ़, होटल टाईगर डेन सरिस्का अलवर, होटल मीनल अलवर, होटल विनायक सवाईमाधोपुर, होटल पणिहारी पाली, होटल गबड़ी तालाब झालावाड़, होटल सारस भरतपुर, मोटल महवा, मिडवे बालोतरा बाड़मेर, मोटल रतनपुर डूंगरपुर शामिल है।

### हर जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी

**बंद** इकाइयों को लीज पद देने के लिए हर जिले में 7 सदस्यीय कमेटी गठित होगी। इसमें संबंधित जिले के कलेक्टर अध्यक्ष, राजस्थान पर्यटन विभाग के उच्चतम अधिकारी सदस्य, कोषाधिकारी की ओर से नामित अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी स्थानीय निकाय, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिकारी व पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय से नियुक्त अधिकारी कमेटी में सदस्य होगा।

### अन्य विभागों के गेस्ट हाउस के लिए भी अब होगी पर्यटकों की बुकिंग

देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों को पर्यटन विभाग की ओर से जल्द नई सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत वन विभाग, बिजली निगम, सार्वजनिक निर्माण सहित अन्य विभागों के गेस्ट हाउसों के लिए भी अब पर्यटक बुकिंग करा सकेंगे।

**यदि** कोरोनाकाल को छोड़ दें तो हर साल राजस्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पर्यटन विभाग के पास लगभग 100 होटल, मोटल, कैफेटेरिया व यात्रिका है। इनका बेहतर उपयोग करने के लिए अब पहले चरण में बंद इकाइयों को लीज पर देने की तैयारी की जा रही है। इससे इन संसाधनों का अच्छा उपयोग हो सकेगा और पर्यटकों को भी राहत मिलेगी। **-गोविंद सिंह डोटासरा,** पर्यटन राज्य मंत्री

## जागरूक खबरें

### साँवरिया गोशाला में गायों के लिए घुंघरू लगे बेल्ट किए भेंट



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** मददगार सोसायटी के तत्वाधान में रेलवे फाटक के पास स्थित साँवरिया गोशाला में गायों के लिए घुंघरू लगे 51 बेल्ट भेंट कर गायों के गले मे पहनाए गए व गायों को हरा रचका खिलाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद व गोभक्त बंशीलाल,मददगार सोसायटी के अध्यक्ष शाकिर खान पेंटर,पूर्व पार्षद फिरोज मेव,कृति संस्थान सचिव सिराज अहमद,भोपाल सिंह बोड़ाना,अम्मार हुसैन बोहरा,जफर उस्ताद आदि मौजूद थे।

### सरिता मोहनपुरिया महिला कांग्रेस में प्रदेश सचिव मनोनीत



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सुष्मिता देव के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय महासचिव नितू वर्मा सोईन की सहमति पर राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रिहाना रियाज चिश्ती ने सरिता मोहनपुरिया को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। सरिता मोहनपुरिया वर्तमान में फ्लोरेंस ह्यूमैनिटी वेलफेयर सोसायटी की प्रदेशाध्यक्ष होने के साथ कई संगठनों में विभिन्न पदों पर रह चुकी है। मोहनपुरिया के प्रदेश सचिव बनने पर स्थानीय विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर में खुशी की लहर दौड़ गई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह मिठा कराकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूरे दिन मोहनपुरिया को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन 'साहित्यिक प्रतियोगिता' आयोजित




**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन "साहित्यिक प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'गृहिणी' रखा गया। इस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक 'गृहिणी' विषय पर आधारित अपनी उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर प्रतियोगिता के स्तर को काफी ऊंचा उठा दिया। इस प्रतियोगिता में समूह द्वारा सहयोग हेतु पुष्पा कर्ण (धनबाद, झारखंड) का चयन किया गया था। जिन्होंने अपने विशेष सहयोग से ऑनलाइन 'साहित्यिक प्रतियोगिता' को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समूह के निर्णायकों द्वारा रचनाओं की उत्कृष्टता और रचनाकारों द्वारा रचनाओं में प्रस्तुत की गई हृदयस्पर्शी भावनाओं के आधार पर विशिष्ट सहयोगी पुष्पा कर्णसहित डॉ. सरला सिंह स्निग्धा (दिल्ली), संध्या शर्मा (मोहाली, पंजाब), संगीता सिंघल विभु (पीलीभीत, उत्तर प्रदेश), मीना दत्ता (पटना, बिहार), कुसुम अशोक सुराणा (मुंबई, महाराष्ट्र), महेन्द्र जोशी (नोएडा, उत्तर प्रदेश) को "पुनीत सर्वश्रेष्ठ रचनाकार" सम्मान देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य प्रतिभागी रचनाकारों को "पुनीत श्रेष्ठ रचनाकार" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने? सभी सम्मानित रचनाकारों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी और कहा कि पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह इसी तरह आगे भी ऑनलाइन 'साहित्यिक प्रतियोगिताओं' के माध्यम से रचनाकारों को अपनी साहित्यिक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता रहेगा तथा नए रचनाकारों को साहित्यिक मंच उपलब्ध करवा के साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

### नशा मुक्ति को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के संदिग्ध मे हरमाड़ा थाना क्षेत्र मे नशा मुक्ति अभियान को लेकर जगह जगह पर आम जनता को जागरूक किया गया नशा त्याग कर स्वच्छ जीवन जीने के लोगों को जागरूक किया गया एवं आम जनता से अपील की गयी कि वो नशा मुक्त राजस्थान मे प्रशासन का साथ दे जिसमें हरमाड़ा थाना सव इंस्पेक्टर राकेश कुमार हेड कांस्टेबल सूरज मल कांस्टेबल धर्मेंद्र एव भगवा रक्षा दल राष्ट्रीय प्रचारक एव राजस्थान प्रभारी गोविन्द ठाकुर योगेश पराशर नरेंद्र सिंह सुरेन्द्र सिंह कुंडोली वीर गुर्जर धीरज गोयल एव स्थानीय लोग शामिल रहे।

### एनआईए ने किया घड़साना क्षेत्र मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**घड़साना /श्रीगंगानगर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि जयपुर के तत्वाधान मे घनसाड़ा क्षेत्र के गॉव एमडी 11 में नि:शुल्क चल चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमे उपस्थित ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार के रोगो मे स्वास्थ्य लाभ पाया। इस दौरान एम.डी स्कॉलर डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने लोगो को कोरोना से बचने के लिए मास्क का प्रयोग, सामाजिक दूरी की पालना व हाथो को बार बार साबुन/सेनीटाइजर से साफ रखने के महत्व को विस्तार से समझाया। डॉ शर्मा ने आमजन को कोविड गाइडलाइन की जानकारी भी दी। चिकित्सा शिविर प्रभारी डॉ घनश्याम भरनावा व एम.डी स्कॉलर डॉ पंकज छिम्पा ने बताया कि शिविर मे लोगो को इम्युनिटि वर्धक दवाइयां, पेट रोग, सन्धिशूल, अजीर्ण, अम्लपित,त्वचा रोग, केश विकार, कटिशूल, कास, श्वास-दमा रोग, अर्श,श्वेत प्रदर, पत्थरी,मूत्र रोग, दौर्बल्य, शिर:शूल, कर्णशूल, आमवात, कण्डू-खुजली, प्रतिशाय इत्यादि के मरीजो को सामाजिक दूरी की पालना करते हुए नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के लिए ग्रामवासियो ने संस्थान कुलपति प्रो. संजीव शर्मा व शिविर समन्वयक प्रभारी डॉ मोहरपाल मीना का आभार व्यक्त किया। चिकित्सा शिविर मे फार्मासिस्ट मुकेश कुमार लाटा,सुरक्षा प्रहरी श्याम सिंह सुन्दर व योगेश शर्मा ने सेवाएं दी।

---

**विवाह स्थलों और बैंक्वेट हॉल संचालकों को प्रदूषण नियंत्रण के 8 बिन्दु की करनी होगी पालना**

# 12 हजार से ज्यादा विवाह स्थल-बैंक्वेट हॉल पर अब प्रदूषण 'नियंत्रण'

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य के 12 हजार से ज्यादा विवाह स्थल और बैंक्वेट हॉल (पंजीकृत व अपंजीकृत दोनों) संचालकों को प्रदूषण नियंत्रण का पूरा इंतजाम करना ही होगा। स्थानीय निकायों दायरे में आने वाले ऐसे विवाह स्थलों पर अब प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने भी शिकंजा कस दिया है। होटल, रेस्टोरेंट के लिए प्रभावी गाइडलाइन में विवाह स्थल और बैंक्वेट हॉल को भी शामिल कर लिया गया है। संचालकों को वेस्ट वाटर, ठोस अपशिष्ट, ध्वनि व वायु प्रदूषण, ऊर्जा संरक्षण के मानकों की सख्ती से पालना करना अनिवार्य कर दिया है। पालना नहीं करने पर भी संचालन की अनुमति निरस्त हो सकेगी। इसमें जयपुर, जोधपुर, अलवर, कोटा व उदयपुर पर ज्यादा फोकस रहेगा।

#### प्रदूषण नियंत्रण के इन 8 चरण की करनी होगी पालना..

- **अपशिष्ट-** अपशिष्ट में से तेल एवं ग्रीस (चिकनाई) को अलग करने के लिए वैज्ञानिक तरीके से ऑयल व ग्रीस ट्रेप का निर्माण करना होगा।
- **वायु प्रदूषण-** खाना बनाने, पकाने में स्वच्छ ईंधन (पीएनजी, सीएनजी, एलपीजी) का ही उपयोग। जनरेटर सेट और बॉयलर में केवल क्लीनर फ्यूल का ही इस्तेमाल की अनुमति होगी। परिसर में केवल एकॉस्टिक एनक्लोजर एवं पर्याप्त ऊंचाई की चिमनी के जनरेट सेट लगाए जाएंगे।
- **ध्वनि प्रदूषण-** लाउडस्पीकर, डीजे, आतिशबाजी पर नियंत्रण ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2020 के प्रावधान की पालना।
- **भूजल दोहन-** बोरवेल पर वाटर मीटर लगाकर लॉगबुक की व्यवस्था। जहां भूजल दोहन 10 किलोलीटर प्रतिदिन या इससे अधिक है, वहां केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण से स्वीकृति लेनी ही होगी।
- **जल संरक्षण-** जहां भूजल दोहन कर रहे हैं वहां अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना। वेस्ट वाटर को परिशोधित कर पुनः उपयोग में लेना।
- **ऊर्जा संरक्षण-** डीजल जनरेटर सेट की बजाय इनवर्टर उपयोग को प्रोत्साहन करना। एलईडी ब्लब,ट्यूबलाइट का ही उपयोग हो।
- **ठोस कचरा प्रबंधन-** 100 किलो प्रतिदिन से अधिक कचरा उत्पन्न करने पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम की पालना अनिवार्य। बायोडीग्रेडेबल कचरे से जैविक खाद बनाना।
- **प्लास्टिक वेस्ट-** प्लास्टिक वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था प्लास्टिक वेस्ट (प्रबंधन) नियम कर पालना।

#### नए और मौजूदा विवाह स्थलों के लिए

नए विवाह स्थल- अनुमति आवेदन में प्रदूषण स्त्रोत व उसके निवारण की फिजिबिलिटी रिपोर्ट, जमीन आवंटन–रूपांतरण या स्वामित्व का स्थानीय निकाय का अनापत्ति प्रमाण पत्र, भूजल दोहन का अनुमति पत्र सहित अन्य दस्तावेज देने होंगे। लगातार संचालन के लिए- ऑनलाइन आवेदन के साथ ही प्रोजेक्ट में हुए निवेश का सीए से प्रमाणित पत्र, पूर्व में जारी अनुमति पत्र की प्रति के अलावा संबंधित विभागों से आवश्यक एनओसी।

#### ग्रीन व ऑरेंज श्रेणी में बांटा

1. ग्रीन श्रेणी-
   - 2500 वर्गमीटर तक क्षेत्रफल पर बने विवाह स्थल, बैंक्वेट हॉल
   - लागत 5 करोड़ से कम है
   - 15 साल तक संचालन की अनुमति
2. ऑरेंज श्रेणी-
   - 2500 वर्गमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल पर संचालित विवाह स्थल, बैंक्वेट हॉल
   - लागत 5 करोड़ से ज्यादा है
   - 10 साल तक संचालन की अनुमति


*(प्रति वर्ष नवीनीकरण कराना होगा)*

प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विवाह स्थल और बैंक्वेट हॉल को भी गाइडलाइन के दायरे में लाया गया है। मकसद केवल प्रदूषण नियंत्रण है। संचालकों को अनुमति के साथ पालना करनी होगी।

**-वी.के. सिंघल,** मुख्य अभियंता, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

# जयपुर हवाई अड्डा फिसड्डी, टॉप 15 से भी बाहर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जयपुर अतंरराष्ट्रीय हवाईअड्डा यात्रियों के लिहाज से पिछले दो महीने से फिसड्डी साबित हो रहा है। हालत यह है कि भारतीय विमानपत्तना प्राधिकरण की सूची में लगातार दूसरे माह टॉप 15 से बाहर हो गया। कोरोना की दूसरी लहर के कारण हवाईअडडे पर न केवल यात्रियों की आवाजाही कम हुई बल्कि कई रूटों पर अभी भी विमानों का संचालन नहीं हो पा रहा है। फिर बात चाहे प्रदेश के आंतरिक हवाई परिवहन की बात हो या फिर अंतरराज्यीय की। कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने देश भर में हवाई यात्रा पर बुरा असर डाला है। इसमें जयपुर हवाईअडडे को ज्यादा ही नुकसान हुआ है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की मई में आई रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर हवाईअडडे से विमान संचालन और यात्री भार देश के कई छोटे हवाईअडडों से भी कम रही है। कभी टॉप 15 में न आने वाले रांची और श्रीनगर जैसे छोटे एयरपोर्ट जयपुर एयरपोर्ट से आगे निकल गए। सामान्य दिनों की बात करें तो जयपुर हवाईअडडे की रैकिंग 12वीं या फिर 13वीं रहती है लेकिन दो माह से यह रैकिंग 16वें स्थान पर जा रही है। अप्रैल में भी जयपुर हवाईअडडे की यही रैकिंग थी। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण पर्यटन को बंद होना माना जा रहा है। दूसरा गर्मी के कारण लोग अब वादियों की तरफ ज्यादा ही रूख कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री के नाम बीते दिनों दिया ज्ञापन**

# नर्सेज को मेरिट से स्थाई पदस्थापन देने की मांग

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** नर्सिंग भर्ती 2018 में नवनियुक्त नर्स ग्रेड द्वितीय की नियुक्ति तिथि 28 अप्रेल 2020 मानने और ऑनलाइन च्वॉइस भरवाने के बाद नर्सेज को मेरिट से स्थाई पदस्थापन जल्द देने को लेकर सोम सिंह मीणा अध्यक्ष नर्सेज संघर्ष समिति भर्ती 2018 के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन दिया गया। मीणा ने बताया कि जॉइनिंग के 1 वर्ष गुजर जाने के बावजूद भी नियुक्ति तिथि का समाधान नहीं होने से हजारों नवनियुक्त (चयनित संविदा) नर्सेज चिंतित है। नर्सेज की पदस्थापन सूची जल्द जारी की जाए। साथ ही ज्वाइनिंग तिथि 29 अप्रैल 2020 नेशनल लाभ हेतु विभागीय दिशा निर्देश जल्द जारी किए जाए। इससे पहले राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक मनोज दुब्बी के नेतृत्व में सचिवालय के मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय में ज्ञापन दिया गया। वहीं महामंत्री पवन भढ़िया, महेश सेवदा व प्रदीप चौधरी ने चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा से मुलाकात की और जल्द पदस्थापन नियुक्ति के साथ दोनों मांगे पूरी करने की अपील की। इस पर मंत्री ने जुलाई माह में इन मांगों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

#### नर्सेज एसोसिएशन ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम के नेतृत्व में नर्सेज के पद नाम परिवर्तन का गजट नोटिफिकेशन जारी करने की मांग को लेकर मुख्य सचिव निरंजन आर्य से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। नर्सेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सोम सिंह मीणा ने बताया कि 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्स ग्रेड द्वितीय को नर्सिंग ऑफिसर एवं नर्स ग्रेड प्रथम को सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नर्सेज पदनाम परिवर्तन का फैसला कैबिनेट में लिया गया था। अब तक इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। नर्सेज ने इसे जारी करने की मांग की। मुख्य सचिव से मुलाकात में जिलाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा और संयोजक मनोज दुब्बी मौजूद रहे।

# बकाया नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) जमा करवाएँ एवं छूट का लाभ उठाएं-सभापति महेन्द्र मेवाडा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सिरोही।** नगर परिषद् सभापति महेन्द्र कुमार मेवाडा ने समस्त बकाया नगरीय विकास कर दाताओं से अपील की है कि सिरोही शहर के विकास को मध्यनजर रखते हुए बकाया नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) वर्ष 2007-08 से वर्ष 2020-21 तक का भुगतान तत्काल जमा करावें। ताकि जमा राशि से शहर का विकास हो सके। नगर परिषद् क्षैत्र में निवासरत 2700 वर्गफीट से अधिक आवासीय निर्मित/भूखण्डधारी एवं 900 वर्गफीट से अधिक व्यवसायिक निर्मित/भूखण्ड धारक जो नगरीय विकास कर के दायरे में आते है।

नगर परिषद् आयुक्त महेन्द्र सिंह चैधरी मुताबिक स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर की अधिसूचना अनुसार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 107 के तहत बकाया नगरीय विकास कर आगामी 31 जुलाई 2021 तक एक मुश्त यूडी टैक्स की राशि जमा करवाकर ब्याज एवं पेनल्टी में छुट का लाभ ले सकेंगे। नगर परिषद् के राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार जीनगर ने बताया कि भूखण्ड या निर्मित भवन आवासीय/ व्यवसायिक/ संस्थागत का वर्ष 2007-08 से वर्ष 2011-12 तक सम्पूर्ण बकाया नगरीय विकास कर एक मुश्त जमा करवाये जाने पर बकाया मूल राशि में 50 प्रतिशत की छूट एवं शास्ती/ब्याज में शतप्रतिशत छूट दी जावेगी। साथ ही वर्ष 2012-13 से वर्ष 2019-20 तक सम्पूर्ण बकाया नगरीय विकास कर एक मुश्त जमा करवाये जाने पर शास्ती/ब्याज में शतप्रतिशत छूट दी जावेगी। अतः समस्त बकायादार नगरीय विकास कर की राशि नगर परिषद् कोष में जमा करा कर छुट का लाभ प्राप्त करें।

**विधानसभा कमेटियों में पायलट समर्थकों को तवज्जो**

# हेमाराम का इस्तीफा ना-मंजूर, राजकीय उपक्रम समिति का सभापति बनाया

### तीन पायलट समर्थक कमेटियों के सभापति, सदाचार कमेटी में खुद पायलट भी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में जारी सियासी खींचतान के बीच विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी ने विधानसभा की 19 कमेटियों का पुनर्गठन किया है। विधानसभा की समितियों के पुनर्गठन में कई सियासी संकेत भी छिपे हैं, सचिन पायलट और उनके समर्थकों को समितियों में तवज्जो दी गई है। सचिन पायलट समर्थक विधायक हेमाराम चौधरी का इस्तीफा मंजूर होने के अब कोई आसार नहीं है। हेमाराम को विधानसभा की राजकीय उपक्रम समिति का सभापति बनाया गया है। बताया जा रहा है कि अगर स्पीकर उनका इस्तीफा मंजूर करते तो विधानसभा समिति का सभापति नहीं बनाते।

हेमाराम ने 18 मई को ई-मेल और डाक से इस्तीफा भेजा था। स्पीकर ने लॉकडाउन खत्म होने के बाद उन्हें सात दिन में समय लेकर पेश होने को कहा था। पिछले दिनों हेमाराम जयुपर आए, लेकिन विधानसभा सचिवालय ने अभी मोडिफाइड लॉकडाउन होने का तर्क देकर लॉकडाउन पूरी तरह खत्म होने के बाद ही आने को कहा था। इसी बीच हेमाराम को विधानसभा की राजकीय उपक्रम समिति का सभापति बना दिया है।

#### सदाचार कमेटी की सबसे ज्यादा चर्चा

**विधानसभा** की कमेटियों में सचिन पायलट समर्थकों पर्याप्त तव्वजो मिली है। विधानसभा की सदाचार समिति एथिक्स कमेटी और राजकीय उपर म समिति सबसे ज्यादा चर्चा में है। विधानसभा की 9 सदस्यों की सदाचार समिति एथिक्स कमेटी में पायलट समर्थक दीपेंद्र सिंह सभापति हैं। इस कमेटी में सचिन पायलट, रमेश मीणा और विश्वेंद्र सिंह सदस्य हैं, विश्वेंद्र सिंह हांलाकि खेमा बदल चुके हैं।

#### तीन पायलट समर्थक विधायक विधानसभा कमेटियों के सभापति

**पायलट** समर्थक तीन विधायकों को विधानसभा की तीन कमेटियों का सभापति बनाया है। हेमाराम चौधरी को राजकीय उपक्रम समिति, दीपेंद्र सिंह शेखावत को सदाचार समिति और बृजेंद्र सिंह ओला को प्रश्न व संदर्भ समिति का सभापति बनाया है।

#### 5 पायलट समर्थक विधायक दो-दो समितियों में मेंबर

**मुरारीलाल** मीणा को जनलेखा समिति और सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति सदस्य बनाया है। वेद प्रकाश सोलंकी को विशेषाधिकार समिति और अधीनस्थ विधान समिति, राकेश पारीक को नियम समिति, पर्यावरण संबंधी समिति में सदस्य बनाया। रामनिवास गावड़िया को पुस्तकालय समिति और पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति में लिया है। जीआर खटाणा को याचिका समिति और पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति में लिया है।

#### इन 4 पायलट समर्थक विधायकों को भी कमेटियों में जगह

**हरीश** मीणा को एस्टीमेट कमेटी ए में, इंद्राज सिंह गुर्जर को सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति में सदस्य बनाया है। अमर सिंह जाटव को एससी कल्याण समिति का सदस्य बनाया है। वीरेंद्र सिंह को राजकीय उपक्रम समिति का सदस्य बनाया है।

**नई शिक्षा नीति: शिक्षा विभाग में होगा बड़ा बदलाव**

# सरकारी स्कूलों में प्री-प्राइमरी का प्रावधान, बाल वाटिका होगा नाम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नई शिक्षा नीति में शिक्षा विभाग के ढांचे में बड़ा बदलाव होगा। सरकारी स्कूलों में भी प्री प्राइमरी कक्षाएं प्रारंभ करने की तैयारी है। नई शिक्षा नीति में इसका प्रावधान किया जा रहा है। इस कक्षा को बालवाटिका नाम दिया जाएगा। नई शिक्षा नीति में 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 का प्रावधान किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने भी नए प्रावधानों के आधार पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। नए प्रावधानों के अनुसार 3 से 8 साल तक के बच्चों के लिए फाउंडेशन स्टेज की बात कही गई है। इसमें दो साल आंगनबाड़ी के होंगे। इसके बाद एक साल बालवाटिका का और फिर पहली और दूसरी कक्षा होगी। यह तीनों कक्षाएं स्कूल में संचालित होगी। बाल वाटिका के लिए महिला बाल विकास विभाग की ओर से प्रशिक्षण देकर शिक्षा विभाग की मांग के अनुसार शिक्षक उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान रखा जाएगा। इससे सरकारी स्कूलों में भी प्री प्राइमरी कक्षाएं प्रारंभ हो सकेंगी। हालांकि शिक्षा विभाग के सामने प्री प्राइमरी के लिए योग्य शिक्षकों की कमी रहेगी। इसके लिए उसे महिला बाल विकास विभाग के भरोसे रहना पड़ेगा। इसके बाद तीन साल तीसरी से पांचवीं तक, तीन साल छठी से आठवीं तक और 4 साल नवीं से बारहवीं तक का प्रावधान रहेगा। प्रदेश में वर्तमान में 61613 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनमें से 18565 आंगनबाड़ी केंद्र पहले से ही स्कूलों में चल रहे हैं। अन्य में 25810 विभागीय भवन में और 10553 किराए के भवनों में चल रहे हैं।

**बालवाटिका** स्कूल में चलेगी। इससे सरकारी स्कूलों में भी प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित हो सकेंगी। इसके लिए शिक्षकों की व्यवस्था का काम पूर्व प्राथमिक शिक्षक भर्ती के जरिए महिला बाल विकास विभाग का रहेगा।

**-सौरभ स्वामी,** निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

# प्रेस क्लब में वैक्सीनेशन कैम्प आज

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर ।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से पत्रकारों को द्वितीय डोज के लिए वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन आज किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि पत्रकारों को 45 प्लस की द्वितीय डोज लगाई जाएगी। 45 प्लस सदस्यों को अपना आधार कार्ड पूर्व डोज का सर्टिफिकेट एवं जिस मोबाइल नम्बर से पहली डोज लगाई है, उस पर पूर्व में द्वितीय डोज का रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। उन्होनें बताया कि शिविर में उन्हीं सदस्यों को प्रवेश दिया जाएगा। जिन सदस्यों को पूर्व में पहली डोज 9 अप्रैल 2021 को ''प्रेस क्लब परिसर'' लगी थी। शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में सदस्यों को समस्या का सामना नही करना पड़े इसके लिए पहले आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले।

ANCHOR

**रियायती दर पर जमीन आवंटन**

# 'पॉवर' अब यूडीएच मंत्री के हाथ में

**निवेश के लिए भूमि आवंटन नीति में किया बड़ा बदलाव**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य में निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार ने भूमि आवंटन नीति में बड़े स्तर पर बदलाव किया है। प्रीमियर संस्थाओं (स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में निवेश करने वाली संस्थाएं) को रियायती दर पर जमीन आवंटन के सभी मामले में कैबिनेट में नहीं भेजे जाएंगे। इन संस्थाओं को अब 50 प्रतिशत की दर पर नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग अपने स्तर पर ही आवंटन कर सकेंगे। साथ ही 30 प्रतिशत दर पर आवंटन का फैसला भी कैबिनेट की बजाय कैबिनेट एम्पावर्ड कमेटी ही ले सकेगी। डीएलसी या आरक्षित दर के तीस प्रतिशत से भी कम दर पर जमीन आवंटन ही कैबिनेट में भेजे जाएंगे। इन संस्थाओं को भूमि के क्षेत्रफल के संबंध में विभागीय सचिव स्तर पर गठित कमेटी सिफारिश करेगी। नगरीय विकास विभाग ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किए। आवंटन के कई अन्य मामलों के लिए भी आवंटन नीति में संशोधन किया गया है। खास यह है कि कैबिनेट एम्पावर्ड कमेटी का फैसला अंतिम माना जाएगा। कमेटी के फैसले को किसी दूसरी कमेटी या किसी अन्य अधिकारी के पास परीक्षण के लिए नहीं भेजा जाएगा।

#### बेशकीमती जमीन का भी होगा आवंटन

**शहर** की बेशकीमती भूमि आवंटित की जा सकेगी। बेशकीमती भूमि का मतलब ऐसी भूमि से है जिसकी आरक्षित या डीएलसी दर निकाय क्षेत्र में सबसे अधिक है। बेशकीमती भूमि आवंटित नहीं करने वाले प्रावधान खत्म किया है।लेकिन निकाय ऐसे भूमि खुद के स्तर पर रियायती दर पर नहीं दे सकेंगे।

#### रियायती दर पर दूसरी बार जमीन आवंटन

**एक** संस्था को एक से ज्यादा रियायती दर पर जमीन आवंटन मामले में भी सरलीकरण किया गया है। संस्था यदि आवंटित जमीन से लगती हुई भूमि भी चाहती है तो राज्य सरकार स्तर पर छूट दी जा सकेगी। इसमें भी कैबिनेट एम्पावर्ड कमेटी स्तर पर फैसला हो सकेगा।

#### निकाय कर सकेंगे नि:शुल्क भूमि

**सरकारी** विभागों को अब निकाय अपने स्तर पर ही निर्धारित क्षेत्रफल तक नि:शुल्क भूमि आवंटन कर सकेंगे। जबकि, अब तक राज्य सरकार से मंजूरी लेनी होती थी। इनमें सरकारी स्कूल, कॉलेज, सरकारी विभाग, पुलिस थाना, पुलिस चौकी,ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यालय, पंचायत समिति स्तरीय कार्यालय और उपखंड व जिला स्तरीय कार्यालयों को भूमि आवंटन कर सकेंगे। केन्द्र सरकार के विभागों और उनके पोषित उपक्रमों को भी भूमि निर्धारित दर पर दी जा सकेगी।

#### आवंटन से पहले जनता से लेंगे आपत्ति-सुझाव

**कोई** भी संस्था भूमि आवंटन के लिए निकाय में आवेदन करेगी तो अब उस पर जनता से आपत्ति-सुझाव मांगे जाएंगे। निकाय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। आपत्ति प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 15 दिन का समय दिया जाएगा। लेकिन यह प्रावधान सरकारी विभाग के आवंटन पर लागू नहीं होगा।

#### यह भी होगा

**अविकसित** भूमि का आवंटन पहले की तरह निकाय करेंगे, लेकिन आवंटन पत्र जारी करने के लिए सरकार से स्वीकृति लेनी होगी। निजी कंपनी, पार्टनरशिप फर्म व व्यक्तिगत भूमि आवंटन के अलावा औद्योगिक, सार्वजनिक या अन्य प्रयोजन के लिए आवंटन निर्धारित दर पर होगा।लीज से जुड़े किसी भी मामले में आवंटन नीति के प्रावधान, आवंटन दर आवंटन की शर्तों में शिथिलता भी कैबिनेट एम्पावर्ड कमेटी दे सकेगी।

## जागरूक खबरें

### फसल बीमा जागरूकता रथ ने ग्रामीण क्षेत्रो का किया भ्रमण



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए किसानो को प्रेरित करने वाले राजस्थान सरकार द्वार संचालित फसल बीमा जागरूक रथ ने विभिन्न गांवो का भ्रमण कर किसानो को फसल बीमा योजना की जानकारियां देते हुए इससे होने वालो लाभो को रेखांकित करते हुए आगामी 31 जुलाई तक फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया। निम्बाहेड़ा शेखावत सर्कल के पास स्थित कृषि विभाग कार्यालय के सामने सहायक कृषि अधिकारी प्रियंका कटारा ने रथ को हरी झंडी दिखाकर गांवो के लिए रवाना किया। रानीखेडा, सापलिया, मंडड़ा गुलफरोशन, चांदखेडा, साकरिया आदि गांवो में रथ पहुंचा जहां पर कृषि अधिकारी शांतिलाल खटीक किसानो को बीमा फसल के संबंध में विस्तार से जानकारियां देते हुए बताया कि फसल बीमा कराकर अपनी जोखिम को कम किया जा सकता है। गांवो में रथ के पहुंचने पर कई महिला किसानों ने भी फसल बीमा के संबंध में जानकारियां ग्रहण की। यूनिवर्सल सांपो कम्पनी के तहसील अधिकारी दलवीरसिंह योगी ने बताया कि जागरूकता रथ निम्बाहेड़ा तहसील क्षेत्र के सभी पटवार सर्कलो पर आगामी 25 जुलाई तक भ्रमण कर किसानों को जानकारियां प्रदान की जाएगी। उन्होने किसानो से प्रधानमंत्री फसल बीमा को सुगम क्राप इंशोरेंस एप डाउंलोड करने का भी आव्हान किया। किसानो को फसल बीमा योजना से संबंधित पाम्पलेर्ट्स का वितरण भी किया गया।

### तेजस्वनी क्लब की नई कार्यकारणी घोषित



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगर निंबाहेड़ा की जानी मानी सेवाभावी संस्था जिसने हमेशा अपनी सेवाओं से एक नई पहचान बनाई हे लायनेस तेजस्वनी क्लब जुलाई में नई कार्यकारणी की घोषणा की जाती है क्लब की अध्यक्षा भगवती शर्मा का कार्यकाल कोरोना काल में निकला मगर फिर भी उन्होंने हिम्मत नही हारी पूरी टीम को साथ लेकर और संस्थापिका वर्षा कृपलानी के साथ मिलकर बहुत सी सेवाए दी और क्लब का नाम सेवाओं में निरंतर बनाए रखा। सरक्षक सरोज शारदा और संस्थापिका वर्षा कृपलानी ने पूरी टीम की सहमति से क्लब सचिव रही आशू माहेश्वरी को 2021/22 के लिए अध्यक्ष बनाया गया।सचिव शालिनी गोयल को बनाया गया।कोषाध्यक्ष प्रेम बाल्दी को बनाया गया।सुनीता राजोरा,श्वेता राजोरा,हर्षा केवलानी ,पलक दासानी को उपाध्यक्ष बनाया गया।इस अवसर पर सचिव आशू माहेश्वरी ने पूरे साल की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई।भगवती शर्मा ने कहा कि ये सब सेवाए हमारी टीम भावना से ही संभव हो पाती है सभी सदस्यों का सहयोग मुझमें एक नई ऊर्जा व कार्य करने की शक्ति प्रदान करता हे इसलिए भगवती शर्मा की तरफ से सभी सदस्यों का आभार प्रकट करने के लिए उनको उनके कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया विवेकानंद जी का प्रतीक चिन्ह देकर, जो विवेकानंद जी स्वय सेवा भाव की प्रतिमूर्ति रहे है। इस अवसर पर पूजा जीवनानी,हर्षा केवलानी,कमला रायपुरिया, मंजू अग्रवाल, कविता चौधरी, विजया आमेटा,पलक दासानी,प्रेम बाल्दी,कविता केवलानी, शालिनी गोयल, आशू माहेश्वरी, वेलनटीना जैन, मधु नरेडी, वर्षा कृपलानी, सरोज शारदा,भगवती शर्मा इत्यादि सदस्याएं उपस्थित थी।

### फीड द स्ट्रेस संस्था कर रही जानवर व पक्षियों के लिए दाना-पानी, चारे की व्यवस्था



**भीलवाड़ा @ जागरूक जनता।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में बेजूबान पक्षी और पशु भूखा न रहे इसके लिए फीड द स्ट्रेस भीलवाड़ा संस्था के युवाओं ने जिम्मा उठाया है। संस्था के युवा पशु और पक्षीयों के लिए दाना-पानी और चारा के साथ ही अन्य व्यवस्थाऐं भी करवा रही है। इसके साथ ही घायल पशु या पक्षी का भी संस्था द्वारा उपचार करवाया जाता है। संस्था सॉशल मिडियों के माध्यम से अन्य युवाओं को बेजूबान पशु और पक्षी के सेवा के लिए प्रेरित भी कर रही है। संस्था अध्यक्ष लुभानी बाबेल ने कहा कि मैं जब एक बार कहीं जा रही थी तो एक प्रेगेनेन्ट श्वान को देखा जो भोजन की तलाश में इधर-उधर घुम रही थी। जिसके बाद मेरे मन में ख्याल आया कि ऐसी संस्था बनायी जो इन्हे खाना खिला सकें। इस पर मैने सॉशल मिडियां पर फीड द स्ट्रेस भीलवाड़ा के नाम संस्था बनायी। जिसमें धीरे-धीरे युवा जुढते गये और आज हम शहर के कई हिस्सों में जाकर पशु और पक्षीयों को चारा, पानी और दाने की व्यवस्था करते है।

### बैंकर्स ने डॉक्टर्स व सीए बंधुओ को दिया सम्मान



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मियों द्वारा डॉक्टर्स दिवस व सीए दिवस मनाया गया। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के चित्तौड़गढ़ क्षेत्रीय कार्यालय में डॉक्टर्स व सीए दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांवरियाजी राजकीय चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. दिनेश वैष्णव, एमपी बिरला अस्पताल से डॉ. संदीप चंदोलिया, चार्टेड एकाउंटेंट अर्जुन मूँदडा, निलेश जैन, नीरव दोशी, प्रवेश अग्रवाल को बैंक परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय प्रबन्धक के. पी. गुप्ता द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक वर्तमान में चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत 66 शाखाएँ, एक मुद्रा रथ एवं 320 बैंक मित्रों के माध्यम से अपनी बैंकिंग सेवाये दे रहा है । मार्च 2021 में बैंक का कुल व्यवसाय रु 36 हजार करोड़ से अधिक व शुद्ध लाभ रु 310 करोड़ रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय द्वारा कोरोना के इस विषम काल में डॉक्टर्स द्वारा प्रदान की गयी अथक सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया साथ ही सीए बंधुओं को भी देश व समाज के वित्तीय अनुशासन को इस विकट काल में सुचारु बनाये रखने में किये योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। चित्तौड़गढ़ प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश वैष्णव द्वारा बैंक का आभार प्रकट करते हुये स्वस्थ जीवन हेतु उपयोगी मंत्र एवं कोविड बचाव हेतु दैनिक जीवन में अपनायी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया । सीए मूँदडा ने इस विषम काल में बैंकर्स द्वारा निर्बाध रूप से प्रदान की गयी सेवाओं हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### वैक्सीन की एक डोज लगाने वाले वकील भी जा सकेंगे हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालत में

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान हाईकोर्ट के फुल कोर्ट की मीटिंग गुरुवार को चीफ जस्टिस इंद्रजीत महांति की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बनी सहमति के बाद अब कोरोना वैक्सीन की एक डोज लगाने वाले वकीलों को भी हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालतों में प्रवेश की अनुमति दी गई है। हालांकि जो लोग मेडिकल कारणों के चलते डोज नहीं लगवा पाए हैं, उन्हें प्रवेश की छूट रहेगी। यह व्यवस्था 5 जुलाई से लागू होगी। वैक्सीन की दो डोज व उसके बाद 14 दिन की अवधि पूरी करने वाले वकीलों को ही प्रवेश की अनुमति अनिवार्य की गई थी। इसे वकीलों में आक्रोश था और बार काउंसिल व बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधि मंडल ने चीफ जस्टिस से मिलकर विरोध भी जताया था। इस पर चीफ जस्टिस ने शर्त को स्थगित कर दिया था और 2 व 3 जुलाई तक वर्चुअली सुनवाई जारी रखने के निर्देश दिए थे। इसके बाद चीफ जस्टिस ने गुरुवार को फुल कोर्ट की मीटिंग बुलाई। मीटिंग में दो डोज की शर्त पर विचार-विमर्श किया और एक डोज लगाने वाले वकीलों को कोर्ट में प्रवेश की अनुमति देने पर सहमति बनी। इसके बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने नोटिफिकेशन जारी कर पूर्व में निर्धारित व्यवस्था में संशोधन कर एक डोज लगाने वाले वकीलों को हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालतों में प्रवेश की अनुमति दी गई। हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ व जयपुर पीठ में प्रवेश के लिए हाईकोर्ट की वेबसाइट पर वकीलों व पक्षकारों को वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा।

# जिले में 18 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनेंगे, काउंसलिंग सुविधा मिलेगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत भरतपुर जिले के 18 आयुर्वेदिक औषधालयों को आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (एएचडब्ल्यूसी) के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां से रोगियों की जांच, उपचार के साथ ही योग, खानपान, वैक्सीनेशन और काउंसलिंग की सुविधा भी मिलेगी। वैलनेस सेंटरों पर रोगियों की जांच, उपचार के साथ ही योगा की भी सुविधा रहेगी। आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सेंटर को इस तरह तैयार किया जाएगा कि मरीजों को अस्पताल में ही जानकारी हो जाए कि वो बीमारी से ग्रसित हैं या नहीं। अगर ग्रसित हैं तो कौन सी बीमारी से परेशान है। इसके लिए इन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर ही शुगर, ब्लड प्रेशर, हाइपर टेंशन, कैंसर आदि रोगों की स्क्रीनिंग होगी। इससे आयुष्मान भारत के तहत बीमित मरीजों का प्राइमरी इलाज इन्हीं अस्पतालों में हो जाएगा तो आगे के इलाज के लिए उन्हें उससे ऊपर के अस्पतालों में रेफर करने में आसानी भी होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुर्वेद औषधालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत 18 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में विकसित किए जाने हैं। निदेशालय आयुर्वेद विभाग ने आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर( एएचडब्ल्यूसी) पर योग प्रशिक्षक पुरुष/ महिला पद पर पार्ट टाइम आधार पर आवेदन मांगे हैं। उप निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि जिले में 18 सेंटरों का चयन हुआ है। योग प्रशिक्षकों का चयन 5 से 7 जुलाई तक उपखंड स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थी सत्यापन हेतु अपने मूल दस्तावेज व एक सेट छाया प्रति के साथ कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि आयुर्वेद, होम्योपैथिक और यूनानी चिकित्सा पद्धति की लोकप्रियता बढ़ाने और मेडिको टूरिज्म से जोड़ने के लिए प्रदेश में 500 आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर प्रारंभ किए जा रहे हैं।

#### वैलनेस सेंटर में तैनात महिला स्टाफ घर-घर जाकर लोगों की जांच करेगा

**हेल्थ** एंड वैलनेस सेंटरों पर मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैंसर, अंधत्व, श्रवण बाधित रोग, संचारी रोग प्रबंधन एवं उपचार, गैर संचारी रोग प्रबंधन एवं उपचार, ओरल हेल्थ, मेंटल हेल्थ, योगा और एक्सरसाइज, काउंसलिंग, स्कूल हेल्थ एजुकेशन, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वैलनेस सेंटर में तैनात महिला स्टाफ क्षेत्र में घर-घर जाकर परिवार के हर सदस्य की जांच करवाएगा। इनका डिजिटल और फिजिकल रिकॉर्ड भी रखेगा। कुल मिलाकर स्वस्थ रहने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं खाएं इसकी जानकारी के साथ ही रोगों से बचाव को लेकर इन सेंटर के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। वैलनेस सेंटर पर दो चिकित्सा अधिकारी, दो स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, लेडी हेल्थ विजिटर्स और आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर की भी नियुक्ति की जाएगी।

रेल्वे लाईन के नीचे से पाईन लाईन डालने का कार्य हुआ प्रांरभ

## रामदेव जी का चन्देरिया वासियो को मिलेगा भेरड़ा माइंस से जल



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चितौड़गढ़।** रामदेवजी का चन्देरिया में अमृत योजना के तहत पानी की पाईप बिछाई जाने के कार्य का शुभारम्भ पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाड़ावत, सभापति संदीप शर्मा, शहर काग्रेंस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मूंदड़ा एवं उपसभापति कैलाश पंवार की उपस्थित मे हुआ। उपसभापति कैलाश पंवार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, रामदेवजी का चन्देरिया मे पेयजल की काफी समस्या थी। इसको लेकर पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाडावत ने भेरडा माइंस से रामदेव जी का चन्देरिया तक पाईप लाईन बिछाये जाने की स्वीकृति पूर्व मे राज्य सरकार से दिलवाई एवं उसके तहत आईएचएसडीपी योजना के तहत रामदेव जी का चन्देरिया मे पानी की टंकी का निर्माण भी पूर्व काग्रेंस शासनकाल के दौरान पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाडावत के अथक प्रयासो से हुआ था। लेकिन इसके बाद भी रामदेव जी चन्देरिया वासियो को नियमित जलापूर्ति नही हो पा रही थी, इसमे प्रमुख समस्या पानी की पाईन लाईन को रेल्वे लाईन से क्रोस करवाने की आ रही थी, अभी एक माह पूर्व रेल्वे द्वारा लाईन क्रोसिंग की स्वीकृति पीएचईडी को दी गई, जिसके तहत लगभग 60 लाख रू. की लागत से पाईप लाईन को रेल्वे लाईन से क्रांसिग करवाये जाने पर व्यय किया जावेगा एवं नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त होने के पष्चात शनिवार को पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाडावत, सभापति संदीप षर्मा, शहर काग्रेंस अध्यक्ष प्रेमप्रकाष मूंदडा, क्षैत्रीय पार्षद रमेषनाथ योगी, सावित्री पंवार की उपस्थिति मे पाईप लाईन को रेल्वे लाईन के नीचे से निकवाये जाने के कार्य का शुभारम्भ किया गया। आज उद्धाटन के मौके पर पूर्व विधायक जाडावत को पीएचईडी एवं संवेदक को अतिषीघ्र इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देष दिये ताकि क्षैत्रवासियो को इसका लाभ समय पर मिल सके

इस दौरान पार्षद विजय चौधरी, सुशील जटिया, राजेश सरगरा पीएचईडी के अधिशासी अभियन्ता सुरेश सेठी, सहायक अभियन्ता सी.वी.सिंह सहित बड़ी संख्या में रामदेवजी का चन्देरिया के क्षैत्रवासी उपस्थित थे।

### कच्ची बस्तियों में जनसेवा करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य - पंकज परिहार

**भीनमाल @ जागरूक जनता।** सोशल मीडिया पर इन दिनों बहुत तेजी से हो रहा वायरल पेज जालोर द गोल्डन माउंट लोगो की सेवा करने के लिए आगे आ रहा है। इसी के तहत भीनमाल मे स्थित गणेश नाड़ी में कच्ची बस्तियों के बच्चों को मास्क एवं सेनेटाइजर वितरण किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अमृतलाल जी प्रजापत एवं कपूराम राम जी दर्जी का मार्गदर्शन मिला। कपूराम राम जी ने बच्चों को मास्क एवं सेनेटाइजर का उपयोग करना बताया, साथ ही बच्चों को कोरोना की तीसरी लहर से सतर्क होने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजक पंकज परिहार ने बताया कि हमारे पेज का मुख्य उद्देश्य कच्ची बस्तियों के लोगों की सेवा करना एवं वहाँ के बच्चों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढना है। साथ ही उन्होंने बताया कि हम जनसेवा के साथ साथ यहां के लोगो की मूलभूत आवश्यकता एवं समस्याओं को प्रशासन तक पहुचाने की पूरी कोशिश करेंगे। इस दौरान चिराग सोनी, जगदीश चौहान, पुरण सोनी, साहिल सिंह, युनुस खान, राकेश प्रजापत, फोजाराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांप सीढ़ी के खेल से बच्चो में कोरोना जागरूकता का प्रयास



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भीनमाल।** कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर के संबंध में लगातार समाचार माध्यमों पर अंदेशा जताया जा रहा है। एक आशंका यह भी हैं कि वह संभावित लहर बच्चों को ज्यादा प्रभावित करेगी। ऐसे में बच्चों में कोरोना के संबंध में जागरूकता बढ़े, उन्हें क्या क्या सावधानियां रखनी चाहिए, क्या-क्या काम नहीं करने, इनको जोड़ कर जालोर के शिक्षक संदीप जोशी ने एक खेल का निर्माण किया है। सांप सीढ़ी का खेल सबका सुपरिचित और लोकप्रिय खेल है। शिक्षक जोशी ने इस खेल को कोरोना जागरूकता के साथ जोड़ दिया है और छपवा कर शिक्षक मित्रो के माध्यम से अपने स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों वितरित करवा रहे है। इसमे सीढ़ी और सांप का प्रभाव कोरोना प्रोटोकॉल का पालन से जुड़ा हुआ है। कोरोना से बचाव का उपाय अपनाने पर ही सीढ़ी का उपयोग किया जा सकता है जैसे मास्क लगाने पर सीढ़ी, बार बार हाथ धोने पर सीढ़ी, दो गज की दूरी का पालन करने पर सीढ़ी इत्यादि। कोरोना के नियमो का पालन नहीं करने पर ही खेल में सांप काटेगा जैसे मास्क नही लगाया तो सांप, हाथ मिलाकर अभिवादन करने पर सांप, दो गज दूरी नही रखने पर सांप, बार बार हाथ नही धोने पर साप आदि की सीख दी गई है

#### मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया विमोचन

इस नवाचार का विमोचन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय वासु, नवाचार करने वाले व्याख्याता संदीप जोशी, रक्त कोष फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल विश्नोई, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानचार्य शांतिलाल दवे, महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष ठाकुर द्वारा किया गया। संदीप जोशी वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई के सदस्य हैं। उपरोक्त जानकारी वचनाराम विद्यार्थी ने दी।

सांसद जोशी की प्रेरणा से मित्र सीए खटोड ने किए भेंट

## चित्तौडगढ सेवा संस्थान को 5 ऑक्सीजन कन्सीट्रेटर भेंट



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** कोरोना महामारी की द्वितीय लहर में कोरोना संक्रमितों को ऑक्सीजन की आपूर्ति को लेकर अतिरिक्त प्रयास करने पडे थे। इसी क्रम में चित्तौडगढ सेवा संस्थान ने भी ऑक्सीजन सिलेण्डर, ऑक्सीजन कन्सीट्रेटर की व्यवस्था करके मरीजो को राहत पहुंचाने का काम किया था। चित्तौडगढ सेवा संस्थान अध्यक्ष गोविंद गोपाल ईनाणी ने बताया कि सांसद सी.पी.जोशी की प्रेरणा से संस्थान ने कोरोना काल में सहयोग से ऑक्सीजन कन्सीट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेण्डर, वेपोराइजर, प्लस ऑक्सीमीटर सहित वार्ड गोद लेकर अल्पाहार और भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई थी। कोरोना की द्वितीय लहर के कम होने पर संस्थान ने अपने पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध ऑक्सीजन कन्सीट्रेटर और अन्त उपकरण कोरोना मरीज के उपयोग के लिए घर पर भी उपयोग हेतु उपलब्ध करवाये है ।

अध्यक्ष ईनाणी ने बताया कि सांसद सी.पी.जोशी की पहल से उनके मित्र चित्तौडगढ निवासी वर्तमान में दुबई निवासी सीए मनोज खटोड एवं मित्रगणों ने पांच ऑक्सीजन कन्सीट्रेटर मशीन 10 लीटर की क्षमता वाली चित्तौडगढ सेवा संस्थान को भेंट करी ही है। लगभग एक लाख प्रत्येक मशीन की लागत वाली इन मशीनों से ऑक्सीजन की कमी के गंभीर रोगियों को घर पर उपचार के लिए आवश्यकता होने पर संस्थान की प्रकिया पूर्ण करने पर उपलब्ध होगी। उक्त मशीन आने से संस्थान के ऑक्सीजन बैंक की क्षमता में विस्तार होगी। वर्तमान में भी संस्थान यह सुविधा उपलब्ध करवा रहा था। सांसद जोशी की प्रेरणा से पहले भी संस्थान को ऐसे उपकरण उपलब्ध हुए है।

जयपुर को मिल गई स्टेडियम की भूमि

## उदयपुर में अगले दो सप्ताह में जमीन होगी आरसीए की

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** आरसीए को जयपुर में स्टेडियम के लिए जेडीए से भूमि मिल गई है, तो अब आरसीए का पूरा फोकस उदयपुर पर है। आरसीए को उदयपुर में स्टेडियम के लिए अगले दो सप्ताह में खेड़ा कानपुर में अलोट की गई जमीन की लीज डीड मिल जाएगी। इसके लिए आरसीए ने वर्ष 2011 से अलग-अलग राशि देते हुए कुल करीब छह करोड़ रुपए नगर विकास प्रन्यास उदयपुर को जमा करवा दिए हैं। जैसे ही ये पट्टा मिलता है तो यहां समतलीकरण का कार्य शुरू करवाया जाएगा।

**खेड़ा कानपुर में 51 बीघा भूमि पर तैयार होना है स्टेडियम**

**10.61 हैक्टेयर में बनेगा, बाहरी हिस्से पर बनेगी सड़कें**

**आरसीए के छह करोड़ जमा है नगर विकास प्रन्यास के पास**

#### तैयार होगा अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

**उदयपुर** का अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का सपना अब मूर्त रूप में आने वाला है। कुछ समय पहले राज्य सरकार ने वर्ल्ड क्लास स्टेडियम तैयार करने के लिए शहर से 10 किलोमीटर दूर खेड़ा कानपुर में 11.50 हैक्टेयर यानी 51.02 बीघा जमीन यूआईटी के माध्यम से आवंटित की है।

#### 200 करोड की राशि होगी खर्च

**आरसीए** ने यूआईटी से 22 हैक्टेयर जमीन मांगी थी, लेकिन उसे 11.50 हैक्टेयर जमीन आवंटित की गई। स्टेडियम के निर्माण में 200 करोड़ से अधिक का खर्च आएगा। स्टेडियम का मेप तैयार कर दिया गया है। 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाला यह स्टेडियम अन्तरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। स्टेडियम 10.61 हैक्टेयर में बनेगा, अन्य बची हुई बाहरी जमीन पर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। स्टेडियम में क्लब हाउस, एकेडमी, मुख्य मैदान व चार टॉवर तैयार किए जाएंगे।

**हमें** स्टेडियम की भूमि का अलोटमेंट मिल गया है, लेकिन लीज डीड बाकी है, जैसे ही वह काम अगले दो सप्ताह में पूरा होगा, हम समतलीकरण शुरू कर देंगे। 51 बीघा भूमि पर यह अन्तरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम तैयार होगा, इसे पीपीपी मोड पर बनवाने का विचार है, जिस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

**महेन्द्र शर्मा,** सचिव राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन

11 दिवसीय विप्र फाउंडेशन व महिला मोर्चा वीसीसीआई के संयुक्त तत्वावधान सम्पूर्ण जांच शिविर का आयोजन

## सम्पूर्ण जांच शिविर सराहनीय कदम-जाड़ावत



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** नगर परिषद फाउंडेशनसभापति संदीप शर्मा पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन महिला मोर्चा वीसीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में ऋतुराज वाटिका में चल रहे 11 दिवसीय संपूर्ण जांच शिविर में पहुँचे। जानकारी के अनुसार नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा और पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने जिला मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन महिला मोर्चा युवा मंच वीसीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 11 दिवसीय संपूर्ण जांच शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे । जिसमें अपने संबोधन में पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने कहा, कि ब्राह्मण समाज शुरू से ही अग्रणी समाजों में से एक रहा है। विप्र समाज की ओर से संपूर्ण जांच शिविर का आयोजन इस कोरोना महामारी के बीच में किया जा रहा है, जब हर व्यक्ति को जांच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कि यह एक सराहनीय और स्वागत योग्य कदम है। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा ने कहा, कि विप्र समाज की ओर से कोरोना काल में जरूरतमंदों के लिए मदद पहुंचाई गई है संपूर्ण जांच शिविर लगाकर एक बार फिर से आमजन हितार्थ कार्य किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की,कि आने वाले समय में भी आमजन हितार्थ कार्यों के लिए इसी तरह से अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर विप्र समाज के गिरीश त्रिपाठी, महेंद्र जोशी,अरविंद व्यास, विकास शर्मा,गोपाल शर्मा,सावन श्रीमाली, सुरेश शर्मा सहित विप्र समाज के कई सदस्य मौजूद रहे।

ANCHOR | उदासीनता

# नोटिस के बाद भी सडक सीमा में नहीं रूक रहा है अवैध निर्माण

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**पिण्डवाड़ा।** समीपवर्ती ग्राम अजारी के नेशनल हाईवे सडक सीमा में नोटिस के बाद भी लगातार अतिक्रमण बढ रहे है, लेकिन स्थानीय प्रशासन कार्रवाही करने के बजाय अपनी आंखे मूंद रखी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव झाडोली में से नेशनल हाईवे गुजरता है, जिसके समीप झाडोली के खसरा नम्बर 1696/3 रकबा 0.08 बीघा मोहनलाल पुत्र कुन्दनमल जैन निवासी झाडोली के नाम से दर्ज है। खातेदार जैन ने संपरिवर्तन के बाद में सडक सीमा हाईवे के मध्य से 75 फीट की दुरी वाली भूमि को भी बेचान कर दिया। बेचान के बाद क्रेता प्रकाश कुमार पुत्र बाबुलाल मेघवाल निवासी अजारी ने सडक सीमा में आबादी भूमि पर वाणिज्य दुकानों का अवैध निर्माण कर दिया था। जिसको लेकर तत्कालीन तहसीलदार कल्पेश जैन द्वारा 7 जुलाई 2020 को इण्डियन रोड कांग्रेस एक्ट का हवाला देजे हुए संपरिवर्तन आदेश निरस्त करनें एवं भूमि को बिलानाम राजकीय भूमि में परिवर्तन करवाने को लेकर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण कार्य नहीं रूका और न ही कार्यवाही हुई। जबकि इसी के लाईन में सडक सीमा में और नियमों के विरूध अवैध रूप से चार वाणिज्य दुकानों का निर्माण हो रहा है।



#### तहसील कार्यालय से यह जारी हुआ था नोटिस

तत्कालीन तहसीलदार कल्पेश जैन ने सडक सीमा में अवैध पक्का निर्माण होने पर 7 जुलाई 2020 को नोटिस देकर बताया था कि झाडोली के खसरा नम्बर 1696/3 रकबा 0.08 बीघा भूमि नम्बर एक पर दर्ज मोहनलाल पुत्र कुन्दनमल जैन निवासी झाडोली के नाम से दर्ज है, जोकि सडक सीमा हाईवे के मध्य से 75 फीट की दुरी पर आप द्वारा वाणिज्य उपयोग किया जा रहा था तथा आपने इस सडक सीमा की भूमि, जिसका संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं था, उसका बेचान भी 19 फरवरी 2019 को कर दिया था। जिससे उक्त पंजीकृत दस्तावेज व संपरिवर्तन आदेश खारिज योग्य है। इसी प्रकार प्रकाश कुमार पुत्र बाबुलाल मेघवाल निवासी अजारी द्वारा आवासीय संपरिवर्तन की भूमि पर अवैध वाणिज्य उपयोग किया जाना पाया गया है जो कि राज्य सरकार के परिपत्र ₹ मांक प.9(227) राज-6/7/35 जयपुर 08.11.2007 के अनुसार अवैध उपयोग की श्रेणी में आता है। आवासीय संपरिवर्तन आदेश 8 नम्बर 2007 के परिपत्र अनुसार एवं भूमि इण्डियन रोड कांग्रेस के अनुसार सडक सीमा में आने से बिलानाम दर्ज करके राज कब्जे ले ली जावें। लेकिन न तो अवैध निर्माण रूका और न ही कार्यवाही हुई।

**सडक** सीमा में अवैध निर्माण हो रहा है, तो गलत है पूर्व में कार्यालय से नोटिस जारी हुआ है, तो कार्यवाही क्या हुई और कहां लम्बित है। फाईल देखकर बता पाउंगा।

**विकास विश्नोई,** तहसीलदार पिण्डवाडा

**सड़क** सीमा में अवैध निर्माण को लेकर पूर्व में भी ग्रामीणों ने तहसीलदार को लिखा गया था, लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं होने के कारण दिनों-दिन अवैध निर्माण कार्य बढ रहे है।

**सरूपराम गर्ग,** निवासी झाडोली

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

## मंत्रिमंडल की बैठक आज: सरकारी स्कूलों में 15 जुलाई से शुरू हो सकती हैं 9 वीं से 12 वीं की कक्षाएं

# राजस्थान में 15 से शुरू हो सकते हैं स्कूल!

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के चलते बंद किए गए सरकारी स्कूलों में एक बार फिर रौनक लौट सकती है। शिक्षा विभाग 15 जुलाई से सरकारी स्कूलों को खोल सकता है। बुधवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। इधर, शिक्षा विभाग ने आला अधिकारियों के साथ मंथन कर स्कूल खोलने की कवायद शुरू कर दी है। पहले चरण में 9 वीं से 12 वीं तक की कक्षाओं को शुरू किया जाएगा। 9 वीं, 10 वीं और 12 वीं कक्षा में छात्र पिछली कक्षाओं से प्रमोट होकर आ गए हैं। लेकिन अभी 10 वीं बोर्ड का परिणाम जारी नहीं किया गया है। लेकिन 11 वीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई शिक्षा विभाग ने अस्थाई रूप से शुरू कर दी है। उनकी कक्षाएं भी चलाई जाएंगी। बाद में परिणाम दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश में कोरोना केस की संख्या में लगातार कमी आ रही है। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर के चलते अप्रैल माह के प्रारंभ में ही सभी सरकारी स्कूल बंद कर दिया गया था। इसके बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया था। इसके बाद सात जून से पुनः सभी सरकारी स्कूलें खोल दी थी, लेकिन विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू नहीं की गई थी। इस मामले में शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि स्कूलों में छात्रों को बुलाने पर विचार किया जा रहा है, लेकिन गृह विभाग की अनुमति के बाद ही फैसला होगा।

## सीमित दायरे में पुरी जगन्नाथ मंदिर से निकले रथ यात्रा-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** ओडिशा स्थित जगन्नाथ पुरी मंदिर से रथ यात्रा निकाले जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोरोना संकट के बीच जगन्नाथ पुरी मंदिर को छोड़कर किसी भी मंदिर में रथ यात्रा पर रोक लगाने के ओडिशा सरकार के आदेश में हस्तक्षेप करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। यही नहीं पुरी मंदिर को भी बेहद प्रतिबंधित यात्रा करने का आदेश दिया गया है। ओडिशा सरकार के आदेश में हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर वकील जितेंद्र महापात्र ने कहा कि पुरी के अलावा केंद्रपाड़ा यात्रा की अनुमति दी जानी चाहिए, कई याचिकाकर्ताओं का कहना है कि अन्य मंदिरों को भी जगन्नाथ पुरी मंदिर की तरह ही रथ यात्रा करने की अनुमति दी जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के फैसले में दखल देने से इनकार करते हुए मंजूरी नहीं दी।

### कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक सत्रपर्यंत होंगे प्रवेश

## 9वीं और 12वीं क्लास में 31 जुलाई तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कोविड के कारण बच्चों को अभी स्कूल बुलाया नहीं जा रहा है लेकिन 7 जून से ही नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है और सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में अब पहली से आठवीं तक सत्रपर्यंत प्रवेश होंगे जबकि 9वीं से 12वीं तक के स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 जुलाई की दी गई है। इतना ही नहीं नामांकन बढ़ाने के लिए विभाग विभिन्न कार्यक्रम चला रहा है।

### नामांकन बढ़ाने के लिए 10 फीसदी टारगेट

शिक्षा विभाग नए सत्र में नए एडमिशन के साथ साथ ड्रॉपआउट, अनामांकित बच्चों को स्कूल से जोडने के लिए प्रयास में भी जुट गया है। इस बार स्कूलों में नामांकन बढ़ाने का 10 प्रतिशत टारगेट निर्धारित किया गया है और इसके लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बार कोविड के कारण रैली, बैठक आदि का आयोजन नहीं किया जा सकता ऐसे में शिक्षक अब घर घर जाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर रहे हैं।

### तबादले पोस्टिंग से हटा बैन

## शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए अलग से जारी होगा कैलेंडर

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net


**जयपुर।** राज्य सरकार ने लंबे समय बाद ट्रांसफर पोस्टिंग पर लगाए बैन को हटा दिया है। तबादलों के लिए कर्मचारियों से अब ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग ने राजकीय कर्मचारियों, निगम, मंडलों और स्वायत्तशासी संस्थाओं का उल्लेख तो आदेश में किया है, लेकिन शिक्षकों को लेकर इसमें कोई उल्लेख नहीं है। ऐसे में थर्ड ग्रेडए सेकंड ग्रेड टीचरों के तबादले कब से होंगे, इसको लेकर शिक्षा विभाग अलग से कैलेंडर जारी करेगा। शिक्षा निदेशालय के शिक्षा निदेशक सौरभ स्वामी ने बताया कि जल्द ही विभाग की ओर से कैलेंडर जारी किया जाएगा। उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने हाल ही बूंदी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समक्ष एक कार्यक्रम में नायब तहसीलदार को लेकर बयान दिया और कहा कि देश में कोई भी तहसीलदार–नायब तहसीलदार ईमानदार नहीं है। मीणा के इस बयान से तहसीलदार सेवा परिषद ने रोष जताया है।

**सभी विभाग 14 जुलाई से 14 अगस्त तक कर्मचारियों का कर सकेंगे तबादला**

**ऑनलाइन करना होगा आवेदन**

since 2005
विनायक ज्वैलर्स
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

QSI
Reliable, Professional & Genuine ISO Certification
Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc
Services since 2001
ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training On site - PUBLIC
CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards ISO 4427 Assistance & Certifications
HBO Oxygen Treatment
Franchise Available
SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare
-: Contact :-
R. C. Agrawal, Director
Call. 9829017133, 0141- 2236895
QSI (India) Certifications P.L.
SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39
Email: qsicert@gmail.com
www.qsi-india.com
ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC




कार्यालय ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड निम्बाऊ
तह.-चितलवाना, जिला-जालौर
हरनाथराम चौधरी
व्यवस्थापक
चतरसिंह
अध्यक्ष
एवं समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण
कोरोना महामारी के इस संकट की घड़ी में सरकारी गाइडलाइन की पालना करें। घरों से आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। मास्क और सैनेटाइजर का उपयोग करें। दो गज दूरी का पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाके में नहीं जाए।

कार्यालय ग्राम पंचायत भड़वल
पंचायत समिति
सांचौर जिला जालोर

रावताराम चौधरी
सरपंच
गफूर खां
ग्राम वि. अधिकारी
एवं समस्त ग्रामवासी
कोरोना महामारी के इस संकट की घड़ी में सरकारी गाइडलाइन की पालना करें। घरों से आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। मास्क और सैनेटाइजर का उपयोग करें। दो गज दूरी का पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाके में नहीं जाए।

कार्यालय ग्राम पंचायत
बिजरोल पंचायत समिति
सांचौर, जिला जालोर

राणाराम सियाग
सरपंच
पूनमाराम विश्नोई
ग्राम वि. अधिकारी
एवं समस्त ग्रामवासी
कोरोना महामारी के इस संकट की घड़ी में सरकारी गाइडलाइन की पालना करें। घरों से आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। मास्क और सैनेटाइजर का उपयोग करें। दो गज दूरी का पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाके में नहीं जाए।

कार्यालय ग्राम पंचायत
जेलातरा पंचायत समिति
सांचौर जिला जालोर

मोहनी देवी मफाराम भल
सरपंच
एवं समस्त ग्रामवासी
कोरोना महामारी के इस संकट की घड़ी में सरकारी गाइडलाइन की पालना करें। घरों से आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। मास्क और सैनेटाइजर का उपयोग करें। दो गज दूरी का पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाके में नहीं जाए।





संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 63, राजीव नगर, मदनबाड़ी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

/jagrukjantanews jagruk_janta /jagrukjanta
Jagruk Janta
जागरूक जनता
Digital Edition
Reliable Weekly News Paper
jagrukjanta.net
जयपुर, बुधवार, 7 जुलाई, 2021

## जागरूक खबरें

### सामूहिक विवाह सम्मेलनों में अब मौके पर बनेंगे मैरिज सर्टिफिकेट



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह बंधनों में बंधने वालों को अब मैरिज सर्टिफिकेट के लिए नगर निगमों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। हेरिटेज और जयपुर ग्रेटर नगर निगम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन स्थल पर ही नवविवाहिताओं के मैरिज सर्टिफिकेट बनाएगा। इसके लिए दोनों नगर निगमों के रजिस्ट्रार ने आदेश जारी कर दिए है, हालांकि सामूहिक विवाह सम्मेलनों आयोजन करने वालों को इसकी सूचना पहले नगर निगम को देनी होगी। सामूहिक विवाह सम्मेलनों में ऑन द स्पॉट विवाह स्थल पर ही विवाह पंजीकरण करने की तैयारी को लेकर दोनों नगर निगमों के रजिस्ट्रारों ने सभी जोनों के उप रजिस्ट्रारो को आदेश जारी किए हैं। ग्रेटर निगम रजिस्ट्रार प्रदीप पारीक ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों की सूचना पर निगम की टीम विवाह स्थल पहुंचकर पंजीकरण करेंगे। इसके लिए आयोजन कर्ताओं की ओर से निगम को सूचना उपलब्ध करानी होगी। हेरिटेज नगर निगम रजिस्ट्रार विक्रम सिंह ने बताया की निगम क्षेत्र में सामूहिक विवाह सम्मेलन में निगम की टीम पहुंचेगी और वहीं पर नवविवाहितओं का विवाह पंजीकरण किया जाएगा जिससे आमजन को राहत मिलेगी और लोगों को निगम के चक्कर नहीं काटने पड़ेगे।

### मंत्रिमंडल विस्तार-राजनीतिक नियुक्ति पर बोले माकन

# सब चीजें वर्क इन प्रोग्रेस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस के दो खेमों में चल रही सियासी खींचतान के बीच कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन का बड़ा बयान सामने आया है। मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर अजय माकन ने कहा कि सभी की राय लेकर मंत्रिमंडल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियां और संगठनात्मक नियुक्तियां की जाएंगी। यह सब चीजें वर्क इन प्रोग्रेस हैं। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अजय माकन ने कहा कि सभी की राय लेकर मंत्रिमंडल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियां औ जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों की की नियुक्तियां जल्द से जल्द की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में कई पद रिक्त हैं और राजनीतिक नियुक्तियों के साथ ही जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी है। उन सब पर काम चल रहा है। माकन ने ने कहा कि सब चीजों का एक समय होता है और समय पर ही सारी चीजें होती हैं। केंद्र की मोदी सरकार भी 2 साल के बाद और अब मंत्रिमंडल विस्तार कर रही है, जबकि मोदी सरकार ने कांग्रेस और दूसरी पार्टियों के नेताओं को ले जाकर अपनी पार्टी में शामिल कर उन्हें अधरझूल में लटका दिया था।

#### मीडिया को केवल कांग्रेस की गुटबाजी दिखती है

**प्रदेश** में गहलोत-पायलट के बीच गुटबाजी के सवाल पर अजय माकन ने कहा कि मीडिया को केवल कांग्रेस की गुटबाजी दिखती है, जबकि भाजपा और अन्य दलों की गुटबाजी नहीं दिखती, भाजपा शासित राज्यों कर्नाटक, उत्तराखंड, यूपी में भाजपा में गुटबाजी चरम पर है।

#### राजस्थान के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है मोदी सरकार

**प्रदेश** प्रभारी अजय माकन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार राजस्थान के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रही है, चाहे वो वैक्सीन का मामला हो, कोरोना काल के दौरान ऑक्सीजन और जीवन रक्षक दवाइयों का मामला। सभी में राजस्थान के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। राजस्थान को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे बार-बार वैक्सीनेशन का काम प्रभावित हो रहा है। माकन ने कहा कि केंद्र के इस सौतेले व्यवहार के चलते कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर पम्पलेट बांटेगा, पम्पलेट तैयार करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इधर माकन ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मेंसंगठनात्मक मुद्दों को लेकर भी पदाधिकारियों से उनकी राय ली गई है।

### मोदी कैबिनेट के विस्तार का मुहूर्त तय

# नए मंत्री आज शाम 5:30 से 6:30 बजे के बीच शपथ लेंगे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**नई दिल्ली।** तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई यानी आज बुधवार को अपनी कैबिनेट का विस्तार करेंगे। लगभग हर बड़ा काम शुभ मुहूर्त पर करने वाली मोदी सरकार ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाने का भी मुहूर्त तय कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री शाम 5:30 से 6:30 बजे के बीच शपथ लेंगे। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसमें किया गया कोई भी काम सफल होता है। सरकार के सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कैबिनेट के लिए ज्यादातर दलित, आदिवासी, OBC वर्ग के और पिछड़े क्षेत्रों के जमीन से जुड़े नेताओं को चुना है। काफी संशोधन और सोच विचार के बाद नए मंत्रियों के नाम तय हुए हैं। मोदी सरकार के लिए ये विस्तार अभी बेहद जरूरी है। संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हो रहा है और नए मंत्रियों को अपने मंत्रालयों में घुलने-मिलने के लिए वक्त चाहिए होगा।

#### पहली वजह: गवर्नेंस की क्वालिटी सुधारना

कोरोना की दूसरी लहर में केंद्र सरकार के मिस मैनेजमेंट की हर ओर आलोचना हुई। गवर्नेंस में क्वालिटी की कमी नजर आई। स्मार्ट सिटी हो या फिर कैशलेस इकोनॉमी, मोदी का कोई भी पसंदीदा प्रोजेक्ट ट्रैक पर नहीं है। मोदी को टॉप लेवल पर ज्यादा काबिलियत वाली टीम की जरूरत है।

#### दूसरी वजह: जनता की निराशा दूर करना

इकोनॉमी में ऐसी गिरावट कभी नहीं आई, जैसी अभी है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल के दामों पर जनता के गुस्से को शांत करना जरूरी है। रोजगार के मौके कम हो रहे हैं और खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं, इससे भी लोग निराश हैं। ऐसे में दिशाहीन हो चुकी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सरकार के भीतर उच्च स्तर पर बेहद ज्यादा क्षमता की जरूरत होगी।

#### तीसरी वजह: जातीय और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के साथ काबिलियत संतुलन

मोदी को कैबिनेट में जातीय और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के साथ काबिल मंत्रियों का संतुलन बैठाना है। कैबिनेट में फील गुड फैक्टर को बढ़ाने के लिए भी नए चेहरों को शामिल करना जरूरी हो गया है।

#### चौथी वजह: राज्यों में पार्टी और नेताओं का मनोबल ऊंचा करना

2014 से मोदी सरकार ने कई जीत और हार का सामना किया। हाल में बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा और समर्थकों के उत्साह पर बुरा असर पड़ा है। अगर सांसदों में से काबिल लोगों को कैबिनेट में शामिल किया जाता है तो जिस राज्य से मंत्री शामिल किए गए हैं, वहां पार्टी और उसके नेताओं का मनोबल बढ़ेगा।

#### पांचवीं वजह: मोदी और भाजपा की ताकत बढ़ेगी

पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में अभी सियासी खींचतान चल रही। क्षेत्रीय और जातीय गणित के आधार पर नेताओं को कैबिनेट में शामिल कर सत्ता का मौका देने से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की राजनीतिक ताकत बढ़ेगी।

#### थावरचंद के गवर्नर बनने से 5 पद खाली हुए

विस्तार के लिए मोदी सरकार ने पहले ही पासा फेंक दिया है। मंत्रियों की शपथ से एक दिन पहले ही 8 राज्यपालों की नियुक्ति कर कैबिनेट विस्तार का रास्ता खोल दिया। कैबिनेट मिनिस्टर थावरचंद गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल बनाए जाने से ही मंत्रिमंडल में 5 पोस्ट खाली हो गईं। थावरचंद सोशल जस्टिस मिनिस्टर थे, राज्यसभा सदस्य थे और इसी सदन में भाजपा के लीडर भी थे। इसके अलावा वे भाजपा की सबसे ताकतवर संसदीय समिति और केंद्रीय चुनाव समिति के भी सदस्य थे।

### कैबिनेट विस्तार से पहले नया मंत्रालय

## मोदी सरकार ने मिनिस्ट्री ऑफ को-ऑपरेशन बनाई

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को होने वाले अपने कैबिनेट विस्तार से पहले एक नया मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ को-ऑपरेशन बनाया है। मोदी सरकार इस मंत्रालय के जरिए अपने 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करेगी। यह मंत्रालय देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए अलग से प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा उपलब्ध कराएगा। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, इस ऐतिहासिक कदम का उद्देश्य देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करना है। सरकार इस मंत्रालय के जरिए सहकारी समितियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम करेगी। सूत्रों ने कहा कि अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की गई बजट घोषणा को भी पूरा करता है। मंत्रालय सहकारी समितियों के लिए व्यापार सुगमता यानी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की प्रक्रियाओं को आसान बनाएगा। साथ ही मल्टी-स्टेट को-ऑपरेटिव्ज के विकास को बेहतर करने के लिए काम करेगा। केंद्र सरकार ने कम्यूनिटी आधारित डेवलपमेंटल पार्टनरशिप अपनी गहरी प्रतिबद्धता का संकेत दिया है। सहकारिता के लिए अलग मंत्रालय का गठन भी वित्त मंत्री की ओर से की गई बजट घोषणा को पूरा करता है।

#### सर्वार्थ सिद्धि योग में मंत्रियों का शपथ ग्रहण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 7 जुलाई यानी बुधवार को अपनी कैबिनेट का विस्तार करेंगे। लगभग हर बड़ा काम शुभ मुहूर्त पर करने वाली मोदी सरकार ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाने का भी मुहूर्त तय कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री शाम 5:30 से 6:30 बजे के बीच शपथ लेंगे। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसमें किया गया कोई भी काम सफल होता है।

#### 25 से ज्यादा दलित, आदिवासी, OBC को मौका

**प्रधानमंत्री** मोदी ने अपनी कैबिनेट के लिए 25 से ज्यादा दलित, आदिवासी, OBC वर्ग के और पिछड़े क्षेत्रों के जमीनी नेताओ को चुना है। काफी सोच विचार के बाद नए मंत्रियों के नाम तय हुए हैं। मोदी सरकार के लिए ये विस्तार बेहद जरूरी है। संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हो रहा है और नए मंत्रियों को मंत्रालयों में घुलने-मिलने हेतु वक्त चाहिए होगा।

### पूनियां का बयान

## गहलोत मंत्रिमंडल विस्तार के साथ होगा विस्फोट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच कांग्रेस प्रभारी अजय माकन के दौरे पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि जिस दिन मंत्रिमंडल विस्तार होगा, उसी दिन विस्फोट होगा जो सरकार की स्थिरता पर भी संकट ला सकता है। पूनियां ने कहा कि पार्टी में तय फॉर्मूला माकन अभी तक लागू नहीं करा सके हैं। इससे सत्ताधारी पार्टी में असंतोष साफ दिखाई दे रहा है। ये कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, लेकिन इस विवाद से प्रदेश में गवर्नेन्स पर भी बुरा असर पड़ रहा है। प्रदेश का विकास भी अटक गया है। उन्होंने कहा कि विस्तार में यदि भौगोलिक-सामाजिक परिस्थितियों का ध्यान रखा तो कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस की आंतरिक कलह के चलते विस्तार अटका पड़ा है। गहलोत सरकार का आधा कार्यकाल गुजर चुका है। जो सरकार अपने आपको लोक कल्याणकारी होने का दावा करती है, उससे अपेक्षा की जाती है कि वो अपने कार्यकर्ताओं के साथ न्याय करें। साथ ही कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता को न्याय दें।

#### कार्यकर्ताओं और जनता में निराशा

पूनियां ने कहा कि प्रदेश में अपराध बेलगाम हैं। बेरोजगार लगातार धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस तरीके से प्रदेश में अराजकता फैली है, कानून व्यवस्था बिगड़ रही है वो सबके सामने है। कुल मिलाकर कांग्रेस के भीतर जो विग्रह चल रहा है उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता में भी निराशा है। पार्टी को समय रहते इसका समाधान करना चाहिए।

## जयपुर को मिलेगा बीसलपुर से 5.5 टीएमसी अतिरिक्त पानी, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कोरोना की दूसरी लहर के प्रभाव से आहत जयपुर शहर के लोगों के लिए सुखद खबर आई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीसलपुर बांध से जयपुर शहर और जिले की 2050 की आबादी की पेयजल जरूरतों को पूरा करने लिए बांध से पानी का 5.5 टीएमसी अतिरिक्त पानी का कोटा आरक्षित करने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री की इस मंजूरी से बीसलपुर से जयपुर तक इस अतिरिक्त पानी को लाने के लिए 95 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने की राह आसान हो गई है। बांध से पानी का कोटा तय होने से अब जलदाय विभाग को जायका संस्था की शर्तों के मुताबिक 1100 करोड़ रुपए का ऋण मिलने में आसानी होगी।

#### टोंक व अजमेर के लिए 2.59 टीएमसी कोटा आरक्षित

मुख्यमंत्री गहलोत ने जयपुर के साथ ही अजमेर और टोंक की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए बांध से 2.59 टीएमसी अतिरिक्त कोटा आरक्षण को भी मंजूरी दे दी है।


#### अभी यह बीसलपुर से जयपुर के पानी का लेखा-जोखा

बांध में कुल पानी 33.1 टीएमसी
वर्तमान में जयपुर के लिए आरक्षित 11.2 टीएमसी
अतिरिक्त कोटा तय होने के बाद कुल कोटा 16.7
बांध से जयपुर, अजमेर और टोंक के लिए कुल आरक्षित कोटा 16.2 टीएमसी
टोंक-अजमेर के लिए अतिरिक्त कोटा 2.59 टीएमसी।

### राजस्थान के मुख्य सचिव निरंजन आर्य हुए सक्रिय

## गाँव की आबादी 25 हजार से ज्यादा तो बनेगा मास्टर प्लान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गांवों का मास्टर प्लान बनाने का काम जल्द शुरू होगा। पहले फेज में 25 हजार से अधिक आाबदी वाले गांवों में जमीन चिन्हित की जाएगी। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में गांवों की बढ़ी हुई आबादी के अनुरूप आधारभूत सुविधाएं व्यवस्थित रूप से विकसित हो सके। उन्होंने कहा है कि मास्टर प्लान बनाने से पहले तहसीलदारों, नगर नियोजकों, अभियंताओं, कनिष्ट तकनीकी अधिकारियों और पटवारियों को गहन प्रशिक्षण दिया जाए। आर्य सोमवार को बजट घोषणा की पालना के लिए पंचायती राज, राजस्व विभाग, वित्त व नगर नियोजन से जुड़े हुए विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। आर्य ने पंचायत राज विभाग को निर्देश दिए कि मास्टर प्लान के लिए भूमि चिन्हित करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मंथन करें। मास्टर प्लान बनाने में भूमि चिन्हीकरण संबंधी जो अंतराल रह गया है उसे पूरा किया जाए।

#### इस तरह होगा काम

- पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग के साथ जमीन संबंधी मामलों पर मंथन होगा। साथ ही नगर नियोजन विभाग से साथ नियोजन संबंधी तकनीकी मामलों में समन्वय किया जाएगा।
- मास्टर प्लान के जरिए गांवों में भविष्य के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आबादी विस्तार, खेल सुविधाएं, सरकारी भवनों, सड़क, गौशाला, पशुपालन, आवारा पशुओं के लिए बाड़ा, मनोरंजन एवं अन्य विकास की आवश्यकताओं का आकलन किया जाएगा। इसके लिए वहां भूमि का चिन्हिकरण पटवारियों के सहयोग से किया जाएगा।
- हर गांव का नक्शा एक क्लिक के साथ स्क्रीन पर आएगा।

#### ये रहे मौजूद

**वर्चुअल** बैठक में प्रमुख शासन सचिव राजस्व आनंद कुमार, पंचायत राज विभाग की शासन सचिव मंजु राजपाल, विशिष्ट शासन सचिव वित्त नरेश ठकराल, भू प्रबंध आयुक्त महेन्द्र पारख, निदेशक, पंचायती राज, डॉ. घनश्याम और मुख्य नगर नियोजक राजस्थान आर के विजयवर्गीय, संयुक्त शासन सचिव विधि मगन लाल योगी शामिल हुए।

ANCHOR पर्यटन स्थल

# फोटोग्राफी, प्री-वेडिंग शूटिंग का लगेगा पैसा, गांधी ग्राउंड के कमरे भी जाएंगें ठेके पर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** शहर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों पर फोटोग्राफी व प्री-वेडिंग शूटिंग के साथ ही दीनदयाल पार्क पर प्रवेश शुल्क व केन्टीन के लिए नगरनिगम की ओर से निविदा निकाली जाएगी। इसके अलावा भंडारी दर्शक मंडप के कमरों व एसी तथा शहर के कुछ पार्किंग स्थल ठेके पर दिए जाएंगें।

यह निर्णय नगर निगम की राजस्व समिति में लिया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण रहे लॉकडाउन में कई प्रकार से कार्य करने में दिक्कत आई लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एक करोड़ से ज्यादा राजस्व अर्जित किया गया। उपमहापौर नगर निगम की आय बढ़ाने पर जोर दिया।



#### सभी जगह के लिए शीघ्र होगी निविदा आमंत्रित

शहर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों पर फोटोग्राफी एवं प्री-वेडिंग शूटिंग की निविदा के लिए बैठक में प्रस्ताव रखने पर गणगौर घाट, दीनदयाल उपाध्याय, गुरु गोविंद सिंह पार्क एवं अरावली वाटिका में निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में प्रवेश शुल्क व केंटीन संचालन के लिए भी निविदा आमंत्रित निकाली जाएगी। यह पार्क पूर्व में यूआईटी के पास था, उस वक्त भी उसमें प्रवेश शुल्क लिया जाता था। भंडारी दर्शक मंडप से भी आय बढ़ाने के लिए वहां पर आठ कमरे एवं एक वातानुकूलित हाल को एमओटी के आधार पर दिया जाएगा। इससे भवन के रखरखाव के साथ ही आय होगी। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा चांदपोल दरवाजे के पास, नाडा खड़ा एवं पीडब्ल्यूडी मोटर गैरेज के पास स्थित बनाए गए पार्किंग स्थल सुपुर्दगी के बाद शीघ्र ही उन्हे ठेके पर दिए जाएंगें।

#### किराया वृद्धि को लेकर बनेगी उपविधि

नगर निगम क्षेत्र में कियोस्क एवं दुकानों के संबंध में एक समान नीति एवं किराया वृद्धि के लिए उपविधि बनाने का निर्णय लिया गया। इससे प्रतिवर्ष निगम को मिल रहे किराए में वृद्धि की जा सकेगी।

#### यह आए सुझाव

समिति सदस्यों ने अंबापोल पंप हाउस के पास निगम के भूखंड में पार्किंग का निर्माण करवाए जाने की मांग की ताकि पर्यटकों व क्षेत्रीय निवासियों को इसका लाभ मिल सके साथ ही निगम को भी आय अर्जित हो सके। यूडी टैक्स सर्वे को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग पर यूडी टैक्स के अधिकारियों को भी अगली बैठक बुलाने का निर्णय हुआ ताकि अभी तक की स्थिति स्पष्ट हो सके।



## जागरूक खबरें

### जैन सोश्यल ग्रुप नार्थ एवं धर्मचन्द जैन स्मृति ट्रस्ट के तत्वाधान में वेक्सिनेशन शिविर आयोजित, 300 के लगा टीका



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार के सहयोग और जैन सोश्यल ग्रुप 'नार्थ' व धर्मचंद जैन स्मृति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में "कोविशील्ड वेक्सिनेशन शिविर" का आयोजन किया गया। इस शिविर में 18 वर्ष व अधिक आयु वर्ग का टीकाकरण के साथ, जिनकी दूसरी डोज बाकी रह गई थी उन सभी का टीकाकरण किया गया। इस टीकाकरण शिविर का आयोजन न्यू सांगानेर रोड़ स्थित जैन मंदिर के धर्मचन्द जैन स्थानक भवन परिसर, वर्धमान सरोवर सी ब्लॉक में आयोजित किया गया जिसमें 300 नागरिको और युवाओ, महिलाओं ने टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर मुख्य कोर्डिनेटर सुनील सोगानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया, इस शिविर में राज्य सरकार की सभी गाइडलाइन का पालन करते हुए लोगों का टीकाकरण सम्पन्न करवाया। शिविर के दौरान धर्मचन्द जैन स्मृति ट्रस्ट के सदस्य गौरव जैन और गौतम जैन सहित जैन सोश्यल ग्रुप नार्थ अध्यक्ष अभय गंगवाल, मंत्री राहुल जैन सहित अजय जैन, मनीष बिलाला, संजय बोहरा, विशुतोष चाँदवाड़ आदि ने भाग लिया। प्रशासन से अनुमति मिलते ही जल्द ही दूसरा शिविर लगाया जाएगा।

### बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ सम्मेलन आयोजित



**पिलानी @ जागरूक जनता।** आल इंडिया डेमोक्रेटिक युथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में देश में बढ़ती भयंकर बेरोजगारी के खिलाफ आज सम्मेलन किया गया। सर्वप्रथम जुबेर ने कॉमरेड शिवदास घोष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर प्रसाद शर्मा ने की व मुख्य वक्ता कॉमरेड शंकर दहिया थे व डिवाईओ के डॉ.ओजस्वी पाराशर मंच पर उपस्थित थे। सम्मेलन में मुख्य वक्ता ने कहा कि आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन के आह्वान पर बेरोजगारी के खिलाफ झुझारू आंदोलन किये जा रहें है शंकर दहिया ने कहा कि बेरोजगारी की समश्या इस व्यवस्था की समस्या है, इसके लिए नोजवान जिम्मेदार नही है इसलिए सभी नोजवानो को रोजगार देंना होगा और जब तक सरकार रोजगार नही दे पाती है सम्मानजनक जीवन जीने के लिए उचित बेरोजगारी भत्ता देना होगा,अगर सरकार इन मांगों पर गौर नही फरमाती है तो आंदोलन और तीव्र किया जायेगा। यहीं जोश डीवाईओ के कार्यकर्ता में भी देखने को मिला। कार्यक्रम में कृष्ण नायक,दीपक वर्मा,राजा,प्रदीप आलड़िया, संजीव आलड़िया, अमीलाल जी धींधवा, राजू सिहाग, नरेश वर्मा, सचिन, भुवनेश्वर, प्रशांत, डॉ रविकांत पांडे, आदि लोग उपस्थित थे।

### रामपुरा गांव में 222 लोगों ने लगवाया टीका



**पाली @ जागरूक जनता।** रोहट उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती रामपुरा गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को विशेष कैंप आयोजित किया गया जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 222 ग्रामीणों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगाने के लिए ग्रामीण की भीड़ सुबह से लगी हुई दिखाई दी। 18 प्लस एवं 45 प्लस आयु वर्ग में युवाओं के साथ साथ वैक्सीन लगाने के लिए महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। साँय 5 बजे तक 222 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसके पश्चात वैक्सीन खत्म हो जाने के कारण कई लोगों को निराश लौटना पड़ा। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वेलाराम जीएनएम सुरेंद्र सिंह, डॉ. डूंगर राम पटेल, अर्जुन दास वैष्णव, युवा कांग्रेस नेता व वार्ड पंच धन्नाराम लोहार, दिनेश कुमार सैन, सत्यनारायण शर्मा, रमजान खान, देदाराम पटेल, मांगीलाल सरगरा,आशा सहयोगनी राधा पटेल, जमना पटेल,रेखा सैन सहित आदि व्यवस्था में लगे रहे।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चिकित्सक का सम्मान



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** समाज के कल्याण में उनके योगदान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीइंग मानव द्वारा इनरव्हील क्लब ऑफ बीइंग मानव के सहयोग से डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। निम्नलिखित डॉक्टरों को मानवता में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उपर्णा और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया डॉ नरेंद्र बंसल, डॉ मनु बंसल, डॉ मनीषा बाजपेयी, डॉ अरविंदर, डॉ खुशी छाबड़ा, डॉ प्रेरणा, डॉ शोभालाल औदिच्य, डॉ। पल्लव भटनागर, डॉ हरीश माथुर, डॉ देवेंद्र सरीन को सम्मानित किया गया। क्लब सचिव कोमल जैन, बीइंग मानव अध्यक्ष दिव्या बजाज और विस्तार समिति की अध्यक्ष सुनीता सिंघवी आयोजक थीं।

### रालोपा प्रतिनिधि मंडल ने की महाविद्यालय बनाने की मांग



**जयपुर @ जागरूक जनता।** रालोपा प्रतिनिधि मंडल रालोपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विजय पाल राव के नेतृत्व मे रालोपा सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल से मुलाकात कि तथा अपनी मांग का लिखित में ज्ञापन सौपा ज्ञापन में बताया कि रियां बड़ी बायपास रोड़ व अखवास से रोहिसी, भैसडा से लाडवा, बेड़ास खुर्द से अरनियाला, धामणियां से बग्गड़,झिटिया से भैसड़ा व झिटिया से किरो कि ढाणी होते हुए रोहिसा रोड़ का निमार्ण व कही गांव ढाणी मे नलकूप कि मांग कि।रालोपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विजय पाल ने रालोपा सुप्रमो हनुमान बेनिवाल से रियां मे सिविल न्यायालय, राजकीय महाविधालय बनाने कि मांग कि बेनिवाल ने सभी कार्य बहुत जल्दी कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल मे रालोपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विजय पाल राव, रालोपा नेता कुम्माराम चौयल, बिजाथल संरपच सग्राम सिंह बोरानिया, रोहसा संरपच राजु गोड़, सुरेश माकड़, अजुर्न गोदारा, महेंद्र चौधरी, पुखराम ग्वाला आदी मौजूद रहे ।

# दो सत्रों की छात्राओं को मिलेंगी साइकिल

विभाग ने शुरू की तैयारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढने वाली 9वीं कक्षा की बेटियों को कोविड समाप्ति के बाद जब स्कूल खुलेंगे और उन्हें पैदल स्कूल नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें जल्द ही साइकिल का वितरण किया जाएगा। साइकिल के लिए वित्त विभाग ने अपनी स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि गत वर्ष कोविड की पहली लहर के कारण स्कूल नहीं खुल पाए थे। ऐसे में छात्राओं को साइकिल का वितरण नहीं हो सका था। इसके बाद जब कोविड का प्रकोप कुछ कम हुआ तो 18 जनवरी से 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल खोले गए लेकिन कुछ ही समय में कोविड के केस बढने लगे। ऐसे में स्कूलों को फिर से बंद करना पड़ा। जिससे उन्हें उस समय भी साइकिल नहीं मिल सकी। छात्राओं को साइकिल का वितरण् हर साल सितंबर अक्टूबर में हो जाता है।

#### दो सत्रों की साइकिल एक साथ मिलेगी

**माध्यमिक** शिक्षा निदेशालय ने सत्र 2020-21 और 2021-22 के लिए नवीं कक्षा में न्यू एडमिशन लेने वाली छात्राओं को साइकिल देने की तैयारी कर ली है। निदेशालय से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह 10 जुलाई तक शाला दर्पण पोर्टल पर इसकी जानकारी अपडेट करें। गौरतलब है कि गत सत्र 2020-21 में कोविड के कारण स्कूल बंद रहे थे और छात्राओं को साइकिल का वितरण नहीं किया जा सका। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक स्तर इस कार्यालय द्वारा अपने अधीन आने वाले स्कूलों में से नोडल स्कूलों का चयन कर शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध मॉड्यूल में नोडल स्कूलों का सृजन किया जाएगा। पूर्व में मैप में किए गए नोडल विद्यालय शाला दर्पण पर प्रदर्शित हैं, जिनमें वांछित संशोधन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्तर पर बनाए गए नोडल स्कूल द्वारा साइकिल वितरण के लिए निर्धारित स्कूलों की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध करवाई जाएगी। पूर्व में कार्यरत नोडल सकूलों में पहले से मैप किए गए स्कूल यदि प्रदर्शित हो रहे हैं तो उसमें बदलाव किया जा सकता है। नोडल स्कूल को निर्धारित स्कूलों को वितरण के लिए फर्म से साइकिल प्राप्त होने और वितरण की जानकारी देनी होगी। वहीं स्कूल स्तर पर साइकिल के लिए पात्र छात्राओं की सूचना स्कूल से दूरी और दूरी के कारण के आधार पर दी गई सूचना पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। जिसे संस्था प्रधानों को जांच करना होगी। साइकिल वितरण के लिए पात्र छात्राओं के विवरण में किसी भी प्रकार की गलती होने पर संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय लॉगिन से अपडेट कर गलती में सुधार किया जा सकेगा।

#### 2007-08 में शुरू हुई थी योजना

उल्लेखनीय है कि सरकारी स्कूलों की 9वीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल दिए जाने की योजना 2007-08 में शुरू हुई थी । वर्ष 2013-14 में उन्हें साइकिल नहीं मिल उसकी जगह उन्हें नगद भुगतान किया गया।

#### कुमारी द्वारा राजसमंद संसदीय क्षेत्र में किए गए सेवा कार्यों पर आधारित

# 'सेवा ही संगठन' अभियान पर आधारित पुस्तिका का विमोचन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**राजसमन्द।** राजसमंद सांसद दीया कुमारी द्वारा राजसमंद संसदीय क्षेत्र और जयपुर में किए गए सेवा कार्यों की पुस्तिका का विमोचन आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी एवं अशोक परनामी, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेशमंत्री जितेंद्र गोठवाल उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रकाशन की ई-बुक भी बनाई गई है।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# कोरोना वैक्सीन टीका लगाने को लेकर आमजन को किया जागृत

### अफवाओं पर न दे ध्यान कोरोना से बचाव के लिए टिका आवश्यक- ओझा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सिरोही।** कोरोना संक्रमण रोकथाम को लेकर राज्य सरकार व केंद्र सरकार हर मोर्चे पर बेहद गंभीर है। परंतु कुछ लोगों द्वारा कोरोना वैक्सीन को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर विराम देने के लिए आज सिरोही जिले के वालोरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र में मनरेगा कार्यों के निरीक्षण के दरम्यान विभिन्न स्थलों पर पिंडवाड़ा पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी केतन ओझा व वालोरिया ग्रामपंचायत के ग्राम विकास अधिकारी सुरेश पुरोहित द्वारा आमजन को आदिवासियों की भाषा में ही कोरोना वैक्सीन की महत्ता के बारे में गहनता से समझायाऔर कहा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर टीका अवश्य लगाएं। इस टीके को व्यक्ति को लगाने से किसी भी प्रकार की कोई बीमारी नहीं फैलती है और न कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाओं पर ध्यान न दे।

साथ ही कोरोना से बचाव के लिए यह वैक्सीन लगाना भी बेहद आवश्यक है इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देकर निकटतम सीएचसी व पीएचसी में या ग्राम पंचायत क्षेत्र में जहां भी टीकाकरण हो रहा है वहां जाकर कोरोना का टीका अवश्य लगाएं और कोरोना बीमारी से अपने आप को बचाएं

# आईटीआई अतिथि अनुदेशकों को तीन माह से वेतन के पड़े लाले, मंत्री अशोक चांदना से गुहार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर की दस्तक के बाद अप्रैल माह से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बंद है?। ऐसे में इन संस्थानों में कार्यरत अतिथि अनुदेशक घर बैठकर प्रशिक्षणार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अध्ययन करवा रहे हैं लेकिन तीन माह से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी संस्थानों के प्रिंसिपल द्वारा अभी तक उनका वेतन नहीं बनाया गया है। इसके चलते अतिथि अनुदेशकों के आर्थिक हालात खस्ता हो गये हैं तथा भूखे मरने तक की नौबत आ गई है। अतिथि अनुदेशकों द्वारा जब संस्थान के अधिकारियों से वेतन बनवाने की मांग की जा रही है तो वे आगे विभाग से आदेश आने का हवाला देकर टरका रहे हैं। वहीं रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा संविदाकर्मियों को लॉकडाउन अवधि के वेतन देने की घोषणा पर अतिथि अनुदेशकों में एक उम्मीद की किरण जगी है। पिछले कोरोनाकाल में भी मुख्यमंत्री गहलोत ने गेस्ट फैकल्टी को संविदाकर्मी की श्रेणी में मानते हुए लॉकडाउन अवधि के वेतन के लिए बजट जारी किया था। वहीं दूसरी ओर क संस्थानों द्वारा आदेश निकालकर भी अतिथि अनुदेशकों को ऑनलाइन क्लास लेने के लिए निर्देश दिए गए थे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभी तक अनुदेशकों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में इस कोरोनाकाल में संवेदनहीन अधिकारियों द्वारा अमानवीयता दिखाने पर पीड़ित अतिथि अनुदेशकों ने अब खेल मंत्री अशोक चांदना का दरवाजा खटखटाया है और संस्थान के अधिकारियों को पाबंद कर वेतन दिलवाने की गुहार लगाई है। हाल ही में प्रभारी मंत्री होने के नाते खेल मंत्री अशोक चांदना के करौली जिले के दौरे पर भी अनुदेशकों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था।

#### पिछले कोरोनाकाल में अशोक चांदना के प्रयासों से मिल पाया था वेतन

**पिछले** वर्ष कोरोना काल में अतिथि अनुदेशकों को लॉकडाउन अवधि का वेतन नहीं दिया गया था लेकिन अनुदेशकों द्वारा मंत्री अशोक चांदना से गुहार लगाने के बाद अतिथि अनुदेशकों को संविदाकर्मी एवं आऊटसोर्सिंग सोर्सिंग कर्मचारी की श्रेणी में मानते हुए चार करोड़ से भी अधिक का बजट पारित करवाकर चांदना द्वारा अतिथि अनुदेशकों को लॉकडाउन अवधि का भुगतान करवाया गया था।

#### विद्या संबल योजना के तहत अप्रैल माह से अधिकतम 21 हजार वेतन का हो भुगतान

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की विद्या संबल योजना के तहत विभिन्न राजकीय शिक्षण संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी पर लगाये जाने वाले कार्मिकों को पद के अनुसार अलग-अलग प्रकार से अधिकतम वेतन देना निर्धारित किया गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार आईटीआई अनुदेशकों को अधिकतम 21 हजार रूपये मासिक वेतन का भुगतान करना सुनिश्चित किया गया है। इस आधार पर अतिथि अनुदेशकों ने अप्रेल माह से अधिकतम 21 हजार रूपये देने की भी मांग मुख्यमंत्री से की है।

#### पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह के निर्देश पर काईवाई

# अवैध शराब से भरी पिकअप पकड़ी, चालक मौके से फरार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**आबूरोड़।** रीको पुलिस ने मावल चौकी पर नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी पिकअप को पकड़ा है। वही पकड़ी गई पिकअप से करीब 140 पेटी राजस्थान निर्मित शराब बरामद की गई है। आपको बता दे कि पूरी काईवाई रीको थानाधिकारी बलभ्रद सिंह के नेतृत्व में मावल चौकी इंचार्ज देवाराम मीणा मय टीम ने की है। अवैध शराब की तस्करी को लेकर सिरोही जिला खासा सुर्खियों में है उसके बाद भी तस्कर अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहें। जानकारी अनुसार पिकअप का ड्राइवर मौके से रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने आबकारी एक्ट में तहत प्रकरण पंजीकृत करके जांच शुरु कर दी है। देखने वाली महत्वपूर्ण बात यह रहेगी पुलिस कब पता कर पाती है कि पिकअप कहा से भरकर आई थी व इस शराब तस्करी क पीछे मुख्य सरगना कौन है।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# गायों को खिलाया गुड़-चारा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मनसा रामपुरा निवारू जयपुर में स्थित ग्वालिया बाबा गौशाला में गो भक्ति परिवार जयपुर द्वारा आचार्य नर्मदा शंकर गुरुजी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गो भक्तों ने गाय माता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान महेश खूंटेटा, विक्रम पारीक, साहिल पार्क, शंकर लाल पारीक, महेंद्र सिंह निवारू, संदीप पारीक फाउंडर राहत आदिशक्ति फाउंडेशन, प्रमोद चौधरी, मुकेश यादव, दिनेश अग्रवाल, सोनी आदि ने अपनी सेवाएं दी। यह कार्यक्रम आचार्य जी के निर्देशन में प्रत्येक रविवार को प्रातः काल 8:00 से 10:00 तक संपन्न किया जाता है ।

#### कोरोना गाइडलाइन की अवहेलना होने का अंदेशा

# आगामी वर्ष में आयोजित किए जाए आवासीय व्यवसायिक पट्टे वितरण शिविर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मेल एवं ट्विटर के माध्यम से भेजे एक मांग पत्र भेजकर उसमें अनुरोध किया है कि राज सरकार आवासीय व्यवसायिक पट्टा जनसुनवाई शिविर इस वर्ष अक्टूबर माह में आयोजन किया जा रहा है रवि शंकर धाभाई ने बताया कि यह एक अच्छा एवं बहुत जन हित सराहनीय कदम है लेकिन अपने पत्र में रवि शंकर धाभाई ने मुख्यमंत्री से मांग कि है की महामारी आपदा की तीसरी लहर की संभावना को मद्देनजर इस प्रकार के आयोजन का इस वर्ष आयोजित नहीं किए जाएं। क्योंकि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से महामारी का संक्रमण के प्रकोप बढ़ जाने के कारण जनहानि होने का खतरा हो सकता है। इन शिविरों में किसी भी प्रकार की कमी राज सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी गाइड लाइन नियम कायदों की अवहेलना होने की संभावना हो सकती है, इस कारणवश महामारी बढ़ने की आशंका को देखते हुए इन शिविरों को आगामी वर्ष 2022 में स्थाई रूप से स्थिति काबू में हो जाने पर सुरक्षा उपाय पुलिस के पुख्ता इंतजाम कर व्यवस्थित ढंग के साथ एक ठोस कार्यगत योजना बनाकर आयोजित किए जाएं अन्यथा नहीं ।

क्योंकि राज सरकार दिसंबर तक तो लोगों के लिए वैक्सीन शिविर भी आयोजित होंगे और बिना वैक्सीन लगाए लोग इस प्रकार के शिविरों में भाग लेंगे और तीसरी लहर के प्रकोप के कारण महामारी के विकराल रूप में फैलने की संभावना को देखते हुए जान का खतरा हो सकता है । इस प्रकार के शिविरों में काफी संख्या में लोग समूह भीड़ बनाकर इकट्ठे होते हैं इस प्रकार के शिविरों का आयोजन इस वर्ष करना जरूरी एवं आवश्यक नहीं है क्योंकि इस माहमारी आपदा से अभी जंग जारी है जीवन है तो जहां है।

# श्याम प्रसाद मुखर्जी की 120वीं जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 120 वी जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वृक्षारोपण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में अनेक दिग्गजों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की और साथ ही नगर मंडल पीपाड़ द्वारा मेघवाल समाज के मोक्ष धाम परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस दौरान जिला महामंत्री धनराज सोलंकी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष बने 1929 में राजनीति की शुरुआत की पंडित नेहरू के 1947 के कार्यकाल के दौरान कैबिनेट में शामिल हुए और 1950 मे इस्तीफा दे दिया।1951 में संघ की स्थापना के बाद 1952 के चुनाव में संघ के तीन सांसद चुने गए कश्मीर को भारत में विलय के समर्थक रहे धारा 370 का पुरजोर विरोध किया उनका नारा था एक राष्ट्र मे दो निशान,दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे जीवन पर्यंत उन्होंने राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा,पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुलीचंद सोनी,मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह,दिनेश दवे,मनोहर लाल सोनेल, मंडल उपाध्यक्ष बंशीलाल जीनगर, मगराज पुरोहित,मंडल मंत्री गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, पार्षद कैलाश सेन, धर्मेंद्र सोनी,वरिष्ठ नेता जयनारायण जांगिड़, प्रकाशचंद्र सोनेल, सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद सोनेल, सी.पी. मारोटिया, रामकिशोर टाक, मनीष टाक, रवि सोनेल, सुनील, नारायण लाल मेघवाल, भींयाराम, राजुराम, अजय सिंह टाक, जगदीश, चुतरा राम, महेंद्र सोनेल सहित कई पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

#### अग्रणी उपभोक्ता संस्था'केन्स' की 'खाद्य तेल : गुणवत्ता, कीमतें और जनस्वास्थ्य' विषय पर वर्चुअल गोष्ठी आयोजित

# लेबल देखकर खरीदें खाद्य तेल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** यदि आपखाने का तेल खरीदने जा रहे हैं तो 'लेबल' देखकर ही खरीदें क्योंकि आपको तिल्ली, मूंगफली, नारियल के नाम पर उसमें पाम और सोया जैसे सस्ते तेल मिलाकर बेचा जाता है। सरकारी तौरपर इसके लिए नियमों में मिश्रित तेल बेचने की छूट मिली हुई है। लेकिन अधिकांश उपभोक्ता इन नियमों से अनभिज्ञ हैं। यह विचार व्यक्त करते हुए भारतीय उपभोक्ता परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनन्त शर्मा ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से मांग की है कि वे सभी मिश्रित तेलों की बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाएं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने हाल ही में सरसों के तेल के साथ अन्य तेल मिलाने पर रोक लगाई है। लेकिन अन्य तेलों में मिश्रण की अनुमति है।

अग्रणी उपभोक्ता संस्था 'केन्स' की ओर से 'खाद्य तेल गुणवत्ता, कीमतें और जनस्वास्थ्य' विषय पर आयोजित वर्चुअल गोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में बोलतेहुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने बताया कि नए प्रावधानों के अनुसार मिश्रित तेल पर'बहु स्त्रोत्रीय खाद्य वनस्पति तेल' (मल्टीसोर्स एडिबल वेजीटेबल ऑयल) लिखना अनिवार्य किया गया है और उपभोक्ता लेबल पर छपी जानकारी पढ़ कर यह जान सकेगा कि उसमें कौन-कौनसे तेल मिले हुए हैं। गोष्ठी की अध्यक्षता केन्स महिलाप्रकोष्ठ की अध्यक्षा दीक्षिता पापड़ी वाल ने की। उन्होंने विभिन्न खाद्य तेलों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले अलग-अलग प्रभावों की जानकारी दी।

विषय विशेषज्ञ और केन्द्र सरकार के मान्यता प्राप्त कैमिस्ट शिवदयाल सैनी ने कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कानूनन रूप से खुला खाद्य तेल नहीं बेचाजा सकता। राज्य सरकार के पूर्व अधिकारी पशुपतिनाथ भारद्वाज, रॉयल कंज्यूमर क्लब की प्रेसिडेंट निर्मला सेठी, अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ की सचिव शांता जैन एवं केयर कंज्यूमर के मोहित अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।


## जागरूक खबरें

### दु:खी दवे परिवार तक पहुंची नारायण सेवा की मदद, ऑपरेशन में होगी मदद



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** इसी वर्ष जनवरी में मोड़ी ग्राम के एक वाहन चालक की सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कूल्हे के ऑपरेशन का जिम्मा नारायण सेवा संस्थान उठायेगा। यह जानकारी संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने दी। इस सम्बंध में संस्थान के जनसम्पर्क विभाग की टीम मोड़ी ग्राम गई और हादसे की जानकारी ली। टीम ने परिवार को राशन, वस्त्र आदि की तात्कालिक सहायता भी प्रदान की। राहत दल में विष्णु शर्मा हितैषी, भगवान प्रसाद गौड़ व संस्थान के हॉस्पीटल अधीक्षक प्रवीण सिंह शामिल थे। धनंजय दवे की स्थिति और उपचार को लेकर उदयपुर में चिकित्सकों से लाइव सम्पर्क किया गया। जिन्होंने अहमदाबाद व उदयपुर के एक अस्पताल में चले इलाज व एक्सरे रिपोर्ट देखने के बाद बताया कि दवे के फेफड़े काफी कमजोर हैं और बलगम जमा हुआ है। जब तक बलगम नहीं निकल जाता और फेफड़े साफ नहीं हो जाते तब तक एनेस्थिसिया नही दिया जा सकता और ऑपरेशन के लिए एनेस्थिसिया देना आवश्यक है। उन्होंने जमा बलगम को निकालने के लिए परामर्श दिया, ताकि जल्द से जल्द ऑपरेशन कर उन्हें फिर से पांवों पर खड़ा किया जा सके। धनंजय अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था, उनके पिछले 6 माह से बेड पर पड़ जाने से मां, पत्नी, दो बेटियों व एक बेटे वाले परिवार पर संकट का घना कोहरा छा गया। घर में जो भी पैसा था वह अस्पतालों में खर्च हो गया, बावजूद इसके ऑपरेशन होना अभी बाकी है। जबकि दो वक्त की रोटी का जुगाड़ भी मुश्किल हो गया है। नारायण सेवा संस्थान ने ऑपरेशन व बच्चों की शिक्षा में भी मदद का भरोसा दिया है।

### विमल जैन अध्यक्ष व प्रभात गुप्ता को महामंत्री मनोनीत




**जयपुर हार्डवेयर मर्चेन्टस एसोसिएशन रजि के ऑनलाइन वार्षिक चुनाव सम्पन**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर हार्डवेयर मर्चेन्टस एसोसिएशन रजि- के हाल ही में वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। सम्पन हुए चुनावों में विमल जैन को अध्यक्ष नरेश कुमार गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन लोहिया उपाध्यक्ष, प्रभात गुप्ता महामंत्री, राजेश लोहिया मंत्री, पूरण मल कुमावत सह मंत्री, सुभाष जाजू कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अतिरिक्त पवन अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह, विकास खण्डेलवाल, नरेश कुमार शर्मा, अनिल मुखी, अरविंद माहेश्वरी, प्रिंस भाटिया, जगदीश नारायण आलोरिया, प्रशांत काँटेवाला, योगेश खुराना, प्रवीण कुमार, दिनेश परवाल व शिव कुमार अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य हेतु चुने हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल जैन ने बताया नवगठित कार्यकारिणी उमंग और जोश से भरी हुई है और सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया हार्डवेयर क्षेत्र के व्यापारियों और आ रही समस्याओं को तत्परता के साथ उठाकर सरकार के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनका त्वरित समाधान किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्वअध्यक्ष ने उपस्थित नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### राजसमन्द जिले से स्पर्धा में उत्कर्ष प्रदर्शन

**राजसमन्द @ जागरूक जनता।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स, राजस्थान राज्य, राज्य मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में 8 दिवसीय राज्य स्तरीय ऑनलाइन स्पर्धा का समापन समारोह किया गया एवं इस प्रतियोगिता में सम्मिलित संभागियों के परिणाम की घोषणा की गई। डिस्ट्रीक्ट ऑर्गेनाइजर(स्का.) राजसमन्द विनीत दवे ने बताया कि प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देलवाडा राजसमन्द से अक्षरा खान ने नृत्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके जिले के नाम को पूरे प्रदेश में रोशन किया। इस स्पर्धा में बच्चो ने बडे उत्साह के साथ भाग लिया एवं काफी सुन्दर प्रतिभाएं निखर कर सामने आई।

### धरती के भगवान का किया सम्मान



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** क्लब तेजस्वनी की सचिव आशू माहेश्वरी ने बताया कि समाज क्षेत्र में अग्रणी निंबाहेड़ा नगर की पहली महिला संस्था जो समाज सेवा के कार्य 8 वर्ष से करती आई है। उसी कड़ी में लायनेस तेजस्वनी क्लब ने आज धरती के भगवान कहलाने वाले डॉक्टर्स का आज डॉक्टर डे पर चिकत्सालय स्थल पर ही जाकर सम्मान शाल ओढ़ाकर और पौधे भेट कर किया गया। क्लब ने प्रत्येक वर्ष डॉक्टर डे पर नगर के डॉक्टर का सम्मान किया हे, आज भी डॉक्टर डे पर कोरोना महामारी में अपनी जान की परवाह न करते हुए जीवनदाता बनकर आए। हमारे निंबाहेड़ा नगर के चिकित्सकों का संस्थापिका वर्षा कृपलानी और सरक्षक सरोज शारदा के मार्गदर्शन में और क्लब अध्यक्षा भगवती शर्मा की अध्यक्षता में स्वागत किया गया। वर्षा कृपलानी ने सभी डॉक्टर्स का आभार व्यक्त किया कि आप सभी ने इस महामारी में कर्तव्यशील होकर जो मानव धर्म निभाया उस सबके हम आभारी है। भगवती शर्मा के साथ क्लब की सभी सदस्यों ने उन सभी जीवनदाताओ की अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की मंगलकामनाएं की।वहा उपस्थित उन स्टाफ का भी स्वागत किया जिन्होंने अपनी जान की परवाह न कर दिन रात कोरोना पेशेंट के सैंपल लिए और घर घर जाकर दवाइया भी वितरित की। वहा क्लब की कोषाध्यक्ष पूजा जीवनानी, स्वर्णलता जैन, विजया जोशी, पलक दासानी,वेलेंटीना जैन, हर्षा केवलानी, शालिनी गोयल, ज्योत्सना वीरवाल इत्यादि सदस्य उपस्थित थी।

**मुख्यमंत्री सहायता कोष**

### तीन सड़क दुर्घटनाओ के पीड़ितों को तीन लाख की सहायता

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** सड़क दुर्घटनाओं में व्यक्तियों की मृत्यु हो जाने तथा उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राजस्थान मुख्यमंत्री सहायता कोष से तीन व्यक्तियों को कुल तीन लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिला कलक्टर आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा लोक बंधु ने बताया कि पचपदरा तहसील क्षेत्र में केसरपुरा निवासी स्व. भंवरे खां पुत्र जमु खां मुसलमान, धोरीमना तहसील क्षेत्र में आलेटी निवासी स्व. सोहनलाल पुत्र पूनमाराम विश्नोई तथा बायतु तहसील क्षेत्र में चुतराणियों की ढाणी निवासी स्व. अचलाराम पुत्र खेमाराम जाट की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के कारण उनके परिवारजनों को राजस्थान मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक-एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### रिकॉर्ड टीकाकरण के बावजूद टीकों के अभाव में सभी वेक्सीन साईटे बन्द

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** जिले में रिकॉर्ड कोरोना टीकाकरण के बावजूद वेक्सीन के अभाव में सभी साईट बंद हो गई हैं। जिला कलक्टर लोक बंधु ने बताया कि जिले में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को समाप्त करने के लिए तीव्र गति से टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में 22 जून को जहां 38 हजार से अधिक लोगो को कोरोना का टीका लगाया गया, वही 25 जून को यह आंकड़ा 40 हजार के पार कर गया। इसी तरह 3 जुलाई को 48 हजार टीके लगाए गए। लेकिन टीकों की कमी के चलते रविवार से सभी स्थानों पर वैक्सीनेशन साइटे बंद हो गई। उन्होंने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए जिले में तीव्र गति से टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में वार्डवाइज टीकाकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतवार टीकाकरण शिविर आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिक संख्या में टीके उपलबध होने पर टीकाकरण महाअभियान में वर्तमान गति से दुगुना रफ्तार से भी कोरोना वेक्सिनेशन का कार्य किया जा सकता हैं।

**सभापति संदीप शर्मा ने किया निरीक्षण**

# बापूनगर वासियों को मिलेगी नई उद्यान की सौगात

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** बापूनगर सेंती मे रिक्त पड़ी सरकारी भूमि पर ग्रीन चित्तौड़ अभियान के तहत हरित पट्टी व हरियाली युक्त पेड़-पौधे एवं उद्यान विकसित करने हेतु मौका निरीक्षण किया।

आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि, शहर के पंचवटी बापूनगर सेंती क्षैत्र मे हनुमान मंदिर के पास रिक्त पडी सरकारी भूमि पर हरियाली विकसित करने एवं एक सुन्दर उघान विकसित करने को लेकर मंगलवार को सभापति संदीप शर्मा ने मौका निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभापति संदीप शर्मा ने बताया कि, पंचवटी बापूनगर सेंती हनुमान मंदिर के पास रिक्त पडी इस सरकारी भूमि पर हरित पट्टी विकसित करते हुए इसको एक सुन्दर उघान के रूप मे विकसित किया जावेगा, जिसमे आसपास के धार्मिक महत्व को ध्यान मे रखते हुए वर्तमान मे राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे ओषधीय पौधो के तहत बडी संख्या मे इस उघान मे तुलसी एवं गिलोय के पौधे लगाये जावेगे, साथ ही इस उघान मे वॉकिंग ट्रेक का भी निर्माण करवाया जावेगा, जिससे क्षैत्रवासी यहॉ प्रातः एवं सायंकालीन समय भ्रमण कर सके, इसके साथ ही इस उघान मे हवादार एवं छायादार पेड लगाये जायेगे ताकि दिन के समय भी उघान हरितमा रहे। उघान मे रोषनी के लिए डेकोरेटिव पोल लगाये जावेगे तथा एक शानदार फव्वारा भी इस उघान मे लगाया जावेगा। उघान मे बैठने हेतु बेंच लगाई जावेगी। इसके साथ ही नेहरू नगर मे बन रही है सी.सी. सडक का सभापति संदीप शर्मा ने निरीक्षण करते हुए पार्वती गार्डन के पास जलभराव की समस्या के निराकरण के निर्देश तकनीकी अधिकारीयों को दिये तथा क्षैत्रवासियो ने उनकी समस्याओ को सुना एवं निराकरण के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि, बापूनगर सेंती क्षैत्र काफी पुराना क्षैत्र होकर लगभग 1960 से यहाँ आबादी निवास कर रही है तथा इस क्षैत्र में कही भी आसपास ऐसा स्थान नही है, जहॉ क्षैत्र की महिलाये, माताये, बहने, बुर्जुग मनोरंजन, हरियाली एवं प्रातः एवं सायंकालीन भ्रमण कर सके, इसको लेकर सभापति संदीप शर्मा ने मंगलवार को निरीक्षण कर उघान विकसित करने के निर्देश दिये। इस दौरान पार्षद मनोज मेनारिया, अधिशासी अभियन्ता प्रशांत भारद्वाज, सहायक अभियन्ता शुकदेव पटेल, कनिष्ठ अभियन्ता हरिमोहन सहित क्षैत्रवासी उपस्थित थे।



**हरिओम उपवन में कार्यकर्ता स्नेह मिलन और वृक्षारोपण सम्पन्न**

# राष्ट्र विरोधी आसुरी शक्तियों का दलन करें- सांसद दीयाकुमारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**राजसमन्द।** सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र विरोधी आसुरी शक्तियां एक बार फिर से सिर उठाने लगी है, जो राष्ट्रवादी संगठन है, वो उनको आंखों में खटकने लगे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठनो के विरुद्ध साजिश करके बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। संघ जैसे संगठनों को बदनाम करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्वों का उनका दलन करें। हरिओम फेन्स एवं दीया फेन्स के स्नेहमिलन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि पूर्व सांसद स्व हरिओम सिंह राठौड़ हम सभी के प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी मिलनसारिता और सहजता मन को छूने वाली थी, उनकी कमी हम सभी को महसूस होती है। राजनीतिक और सार्वजनिक क्षेत्र में उन जैसा व्यक्तित्व मिलना असम्भव है। हम उनके दिखाए पदचिन्हों पर चलकर समाज की सेवा करें। सांसद ने कहा की इस शुभ अवसर पर यह संकल्प ले कि हम सभी सक्रिय रूप से पौधरोपण करेंगे।

हरिओम उपवन पसुन्द में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान संस्मरण और संगीत सत्र का आयोजन भी किया गया। जिसमें पूर्व सांसद राठौड़ के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद किया गया। इसी दौरान विभिन्न तरह के फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल कृष्ण पालीवाल ने किया। आभार समाजसेवी कर्णवीर सिंह राठौड़ ने किया।

कार्यक्रम में संयोजक धीरज पुरोहित, समाजसेवी महेश पालीवाल, वीरेंद्र पुरोहित, कर्णवीर सिंह राठौड़, मधुप्रकाश लड्ढा, प्रवीण नन्दवाना, सुरेश जोशी, बंशीलाल खटीक, अयन जोशी, लक्ष्मण सिंह सांखला, महेंद्र कोठारी, लीलेश खत्री, गणेश पालीवाल, अशोक रांका, हिम्मत कुमावत, मानसिंह बारहठ, सविता शर्मा, प्रदीप खत्री, दीपक शर्मा, सुरेश माली, कमेलश कोठारी, गिरिराज काबरा, जीतू धनगड़, जवाहर जाट, भेरूलाल जाट, भेरूलाल नन्दवाना, कपिल बड़ोला, जयेश शर्मा, नर्बदा शंकर पालीवाल, विकास पालीवाल, विनोद जोशी, भेरूलाल गायरी, रत्ना गोस्वामी, राखी पालीवाल, गायत्री खत्री, भरत पालीवाल, भगवान लाल जाट, गिरिराज सोनी, दिनेश स्वर्णकार, प्रह्लाद वैष्णव, नीलकंठ सोनी, सत्यदेव सिंह चारण, विजेन्द्र मादरेचा, चेतन धोका, देवेंद्र कुमावत, खुशकमल कुमावत, भेरू कच्छारा, दौलत सिंह शक्तावत, सुरेश कुमावत, चेतन कुमावत, ललित चोरडिया, मुन्ना अग्रवाल, हितेश जोशी, सुरेश सोनी सहित अनेक लोग कोविड़-19 के नियमों की पालना करते हुए उपस्थित थे।

# डाक्टर्स डे पर 40 चिकित्सकों को 'कोरोना योद्धा सम्मान'

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** नेशनल डाक्टर्स डे पर नारायण सेवा संस्थान की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी, कोविड-19 के शहर प्रभारी डॉ. शंकर बामनिया, सेटेलाइट हॉस्पीटल के प्रमुख चिकित्साधिकारी-अधीक्षक डॉ. किशन धानक, राजेश भराड़िया, डॉ.जेपी बडगुर्जर, भुवाणा शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ. महेन्द्र लोहार व डॉ. सोनल गुप्ता सहित कोरोना के उपचार में योगदान देने वाले 40 कोरोना योद्धा चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कोविड प्रोटोकोल की पालना करते हुए संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कोरोना के चुनौती पूर्ण समय में डाक्टरों द्वारा अहर्निश सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि डाक्टर सचमुच धरती पर भगवान का स्वरूप हैं। उन्होंने सरकार के प्रबंधन कौशल को भी प्रणाम किया। निदेशक वंदना अग्रवाल ने कहा कि जान-जोखिम में डालकर और घर-परिवार से लम्बे समय तक दूर रहकर डाक्टर्स द्वारा दी गई सेवाएं वंदनीय हैं। दूसरी लहर पर जीत उन्हीं की देन है। कार्यक्रम में पलक अग्रवाल, विष्णु शर्मा हितैषी, दल्लाराम पटेल, भगवान प्रसाद गौड़ भी मौजूद थे। संयोजन महिम जैन ने किया।



**इनका हुआ सम्मान**

डॉ. किशन धानक, डॉ. राजेश भराड़िया, डॉ. राजेश जैन, डॉ. तरूण व्यास, डॉ. रूचि चांडात, डॉ. दिनेश खराड़ी,डॉ. राघवेन्द्र राय डॉ. अशोक आदित्य, डॉ. शंकर बामनिया, डॉ. अक्षय व्यास, डॉ. इशान शर्मा, डॉ मनु मोदी, डॉ. राजेश भराड़िया, डॉ. जेपी बडगुर्जर, डॉ. नरेन्द्र देवाल, डॉ.शिवपाल चारण, डॉ. ममता राजवंशी, डॉ तरूण व्यास, डॉ. राजेश जैन, डॉ सुनीता आचार्य, डॉ. सीमा जैन, डॉ.बिमला अग्रवाल, डॉ. चेतना वैष्णव, डॉ. पंकज डामोर, डॉ. वैभव गाडोलिया, डॉ. अंकित चैहान, डॉ. बीआर शिन्दे, डॉ. मनोज जारवाल, डॉ. अक्षय कावड़िया, डॉ सोनल गुप्ता, डॉ हेमेन्द्र लोहार, डॉ अनिल जैन, डॉ मितुषी टांक, डॉ. सुनीता गोयल, डॉ. जया शेखावत एवं सोनाली धाकड़ आदि।

### युवा नेता पायला के जन्मदिन पर किया स्वैच्छिक रक्तदान



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के बानसूर रोड़ पर स्थित बड़ाबास मौहल्ला निवासी युवा नेता सतवीर पायला के जन्मदिन के अवसर पर कस्बे के पूतली कट पर स्थित जीवन धारा ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।इस मौके पर टापरी निवासी युवा गिरिराज गुर्जर एवं हवासिंह भरगड़ द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।वहीं इस अवसर पर अभिषेक चौधरी सहित अन्य युवाओं ने पायला को केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अभिषेक चौधरी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है।यह मानव सेवा करने का सर्वोत्तम मार्ग है।वहीं चौधरी ने कहा कि आपके द्वारा किये गये एक यूनिट रक्त की बूंद किसी के घर के चिराग का जीवन बचा सकती है।इस मौके पर युवा नेता सतवीर पायला ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले सभी मित्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान करने से रक्तदाता को आत्मिक प्रसन्नता होती है तथा मन का विश्वास मजबूत होता है।इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रवि यादव,पार्षद तारा पूतली,हिमांशु सैन,संजय यादव,विजय यादव,सचिन,संजय,दीपक रावत,सुभाष जैलदार सहित पल्स हॉस्पिटल नर्सिंग स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।इसी प्रकार चौकी गोरधनपुरा चितोसिया फॉर्म पर राव मोहित एवं पूर्व जिला पार्षद बाबूलाल यादव,पूर्व सरपंच गोरधनपुरा महेश यादव,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रत्याशी जयसिंह गुर्जर,धर्मवीर राठौड़ आदि के द्वारा केक काटकर एवं फूल माला पहनाकर पायला का स्वागत किया गया एवं जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### कोविड जागरूकता पर वीसी आयोजित

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पंचायत समिति बाड़मेर में सोमवार को कोरोना जागरूकता के लिए वीसी का आयोजन किया गया। उक्त वीसी में पंचायत समिति बाड़मेर एवं बाड़मेर ग्रामीण के 54 पीईईओं ने भाग लिया।

इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह महेचा की अध्यक्षता में आयोजित उक्त वीसी में ग्राम स्तर पर शिक्षकों द्वारा कोविड जागरूकता के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होनें मास्क के नियमित उपयोग, दो गज दूरी बनाने, वैक्सीन लगवाने सहित विभिन्न एहतियाती उपायों के संबंध में ग्रामीण अंचलों में जागरूकता के निर्देश दिए। इस दौरान ऑनलाईन स्टडी कार्यक्रम स्माईल-3, शिक्षावाणी, शिक्षादर्शन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वीसी में एसीबीईओ द्वितीय भंवराराम चौधरी, आरपी प्रथम चन्द्रवीरसिंह राव, आरपी द्वितीय संतोष नामा, व्याख्याता शैतानसिंह सहित पीईईओ ने भाग लिया।

ANCHOR | ह्यस्त्रद्धद्धह्यस्त्र

# नेपाल पर क्यों मेहरबान है चीन ?

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**विकास कुमार**
रिसर्च स्कॉलर
@jagrukjanta.net

**भारत** और चीन एशिया की सबसे बड़ी शक्तियां है अगर विश्व परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो लगभग विश्व की एक तिहाई से अधिक जनसंख्या भारत और चीन में निवास करती है ।वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी दोनों का योगदान है। परन्तु दोनों के मध्य सदैव गतिरोध, विरोध और कूटनीतिक राजनय के खेल चलाते रहे है।

चीन की इस समय हकीकत बढ़ती ही जा रही है, कोरोना के नैतिक जिम्मेदारी ना लेने और भड़काऊ बयानों के वजह से कुछ दिनो तक उसकी हालत ठीक नहीं थे इसलिए वह चुप भी रहा, उसका कारण अपनी घरेलू नीतियों में संलिप्तता थी । यूरोप और अमेरिका से नकारे जाने के पश्चात वह अपने कदम एशिया में जमाना चाहता है। क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने उसके कई आयात और निर्यात वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी की और भाई जितने भी चीन के प्रति कड़ा रुख अपना रखा है। एशिया में प्रभुत्व जमाने में उसके मार्ग का बाधक सिर्फ भारत है, क्योंकि अधिकतम अन्य एशियाई देश या उसके कर्ज में है या उनका अधिकतम क्षेत्र पट्टे में लिए या विकास के नाम पर लुभावने सरंचनाओं के निर्मित आधारों को जोड़कर और आज उसने विश्व के 150 देशों में लगभग 375 लाख करोड़ रुपए का क़र्ज़ बांट रखा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वार्षिक रिपोर्ट बिजनेस इकोनॉमिक रिव्यू और जर्मनी कील यूनिवर्सिटी की वर्ल्ड इकोनॉमिक रिव्यू के अनुसार चीन ने इतना पैसा बांट रखा है जितना कि वर्ल्ड बैंक और आई. एम.एफ ने भी नहीं दिया । नेपाल के साथ भी चीन का यही हाल है। आज लगभग 120 टन माल प्रतिदिन चीन से नेपाल जाता है । 2019 में जब 12 अक्टूबर को शी जिनपिंग नेपाल गए उस समय 56 अरब डॉलर की आर्थिक मदद भी दिया। उसी समय नेपाल ने उसके बेल्ट रोड इनिशिएटिव का समर्थन भी कर दिया था। नेपाल के तरफ ज्यादा रुख करने का आशय यह है कि वह भारत का प्राकृतिक मित्र, आपदाकालिक,और वैश्विक राजनय में समर्थक रहा है। उसने अपनी पहली हकीकत भूटान में दिखाई परन्तु नाकाम रहा, क्योंकि उसने खुलकर भारत का समर्थन किया और सदैव उसके पक्ष में अपने को बनाए रखा।



नेपाल और चीन का प्रमुख दो मार्गों से व्यापार होता है, पहला है रासुवगढ़ी और दूसरा है, तातोपाड़े झामरू इन दोनो मार्गों का बखूबी प्रयोग चीन करते हुए अपने सस्ते परन्तु काम टिकाऊ वस्तुओं से, वहां के ना सिर्फ सरकार बल्कि जानता का समर्थन भी खींच रहा है। केपी सरकार पूरी तरह से चीनी निवेश के पक्षधर है, परन्तु यह नहीं देखते कि वर्तमान में प्रत्येक नागरिक पर लगभग 44 रुपए ,498पैसे का क़र्ज़ (उसके नागरिकों पर) है । इसका कारण चीनी निवेश है, क्योंकि उसके निर्मित वस्तुओं के समक्ष उनका स्थानीय माल टीक ही नहीं पा रहा है और वहां के नागरिकों के द्वारा निर्मित वस्तुएं उनके समक्ष टिक ही नहीं पाती है, क्योंकि उसके निर्मित वस्तुओं इसने सस्ते होते है कि स्थानीय लोग भी स्थानीय पसंद नहीं करते और न खरीदते है, सबसे व्यापारिक कूटनीति चीन की यही होती है कि जिस देश में पहुंच बनाया, बेरोजगारी आ जाती है । आज जिबूती जैसे देश का हाल यह है कि उसके जी. डी.पी.का 77 प्रतिशत आर्थिक योगदान केवल चीन का होता है। अफ्रीकन देशों के प्रमुख खानों और अन्य जगहों पर उसका प्रभुत्व है और सबसे अधिक वहीं देश क़र्ज़ में भी है। आज नेपाल के घरेलू नीति और सरकार को लेकर चहल -पहल चल रहा है। इस अवसर का भी चीज बखूबी फायदा उठा रहा है। ओली सरकार को कई बार सियासी संकट का सामना करना पड़ा। केपी शर्मा ओली प्रतिनिधि सभा में विश्वासमत हारने के बाद भी अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। विद्या देवी भंडारी ने उनकी सिफारिश पर 5 महीने में दूसरी बार 22 मई को प्रति सभा को भंग कर दिया था और देश में 12 तथा 19 नवंबर को चुनाव कराने का ऐलान भी किया था। परंतु पुनः खड़क प्रसाद ओली को प्रधानमंत्री बना रहने दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर संज्ञान लेते हुए उसके कई मंत्रियों नियुक्तियों को असंवैधानिक बताया। चीन इस अवसर का बखूबी फायदा उठा रहा है, क्योंकि वर्तमान ओली सरकार का पूरा झुकाव चीन की ओर है। नेपाल चीन के लिए सामरिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि नेपाल तक पहुंच बनाने से उसकी पहुंच भारत तक हो जाएगी।

नेपाल की सरकार को इन तथ्यों से अवगत होना चाहिए । नेपाल से कई नदियां प्रवाहित होकर भारत से गुजर कर अन्य जगह जाती हैं। भविष्य में नेपाल में कई प्रकार के बिजली उत्पादन के निवेश के नाम पर चीन भारत में प्रवाहित होने वाली नदियों में बांध और बिजली उत्पादन के कार्य कर सकता है। नेपाल की अधिकतम सीमाएं भारत से मिलती है । वह भारत का मित्र रहा है। इन आंकलनों को देखकर चीन का रुख उसकी तरफ है। तिब्बत, हांगकांग और पाकिस्तान सभी हिस्सों पर किस तरह अधिकार क्षेत्र जमा रहा है। दूसरा नेपाल एक शांतिप्रिय और मानववादी देश रहा है। 23वर्षों के पश्चात शी जिनपिंग नेपाल गए थे। उसी समय डॉक्टभट्टाचार्य ने इसे ऐतिहासिक दौर बताया ।जो प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार है । चीन के विदेश मंत्री वांग यी का यह कथित बयान है कि अपने 5000 हजार साल के इतिहास में चीन ने आक्रामकता और विस्तारवादी नीति नहीं अपनाई है और नहीं उसके जीन में साम्राज्यवाद है। वहीं नेपाल के प्रधानमंत्री कहते है , चीन से सीखना चाहिए की कैसे इतने कम समय में गरीबी से बाहर लोगों को निकाला। अतः दोनो देशों के सोंच और हित एक से दिख रहे है । दोनो देशों के मध्य 14 सूत्रीय समझौते में तो नेपाल और अधिक निवेश का शिकार हो गया है ।इसमें एक समझौता यह भी है कि तिब्बत से ग्योरोत पोर्ट को और काठमांडू के मध्य सड़क बनेगी और उसका निर्माण चीन द्वारा किया जायेगा। इन अवयवों से नेपाल भारत से अपना रिश्ता ही नहीं बल्कि व्यापारिक सम्बन्ध भी छोड़ना चाहता है, परंतु कुछ आवश्यक वस्तुएं ऐसे है जिनको केवल भारत ही निर्यात कर सकता है। इस कारण से नेपाल पूर्णतया भारत से आयात बंद नहीं कर रहा। कई मामलों में यह भी देखा गया है कि वह 1950 की सभी को ना मानने के लिए भी कहता है। उसका तर्क रहता है कि वह समय और परिस्थिति के अनुसार किया गया था।

भारत के लिए नेपाल बहुत महत्वपूर्ण है और नेपाल के लिए भारत । चीन को सड़क निर्माण करना है और अपने सामान के लिए बाजार सलाशनी है इसलिए वह नेपाल पर मेहरबान है । आज अधिकतम देशों में चीन के वस्तुओं का बहिष्कार हो रहा है। ऐसे में वह अपना बाजार कहीं ना कहीं तो ढूंढेगा, नेपाल उसे सस्ता विकल्प मिल रहा है। जो सीमाई दृष्टि से भी उसके लिए जरूरी है, क्योंकि उसकी पहुंच सीधा भारत के अरुणाचल प्रदेश और अन्य ? जगहों पर भी हो जाएगी। भारत के तराई क्षेत्र पर निवास करने वाले बहुत से नागरिकों के पीने का पानी नेपाल से प्रवाहित होने वाली नदियों से मिलता है। इस तथ्य को भी स्मरण रखना चाहिए। भारत और नेपाल के बीच लोगों से लोगों के बीच संबंध भी पाया जाता है जिसमें आवागमन पर छूट दी गई है। अगर चीन हस्तक्षेप नेपाल में अधिक बढ़ कर रहा है तो इस तथ्य को भी स्मरण में रखना चाहिए। नेपाल की सरकार को इस बात को ध्यान रखना चाहिए कि भारत नेपाल का सनातनी मित्र रहा है और भारत में सदैव नेपाल के हित में कार्य किया है।

*- लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के राजनीतिक विज्ञान विभाग में रिसर्च स्कॉलर हैं*

## जागरूक खबरें

### बेटी के जन्मदिन पर की अनोखी पहल



**खारिया खंगार @ जागरूक जनता।** जहां बेटी जन्म को लेकर समाज में विभिन्न तरह की चर्चाएं चलती है, ऐसे माहौल में एक पिता ने बेटी जन्म को अभिशाप नहीं वरदान मानते हुए उसके प्रथम जन्मदिन पर स्वयं ने रक्तदान कर बेटी के प्रति सम्मान प्रकट किया। समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी नंद किशोर छिपा ब्यावर निवासी और पत्नी ममता ने अपने परिवार में और समाज में एक नया संदेश देने के लिए अनोखी पहल की जन्मदिन पर फिजूल खर्ची नही करके अपनी बेटी गुनगुन के प्रथम जन्मोत्सव पर गौ माता की बेटी के शुभ हाथों से पुजा करवाई और गौ शाला मे हरा चारा डलवाया और बेटी के हाथों से गायो को गुड़ भी खिलाया। और कोरोनाकाल में हुई आक्सीजन की कमी को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति एक नया संदेश दिया। सभी मित्र मण्डल ने सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए बेटी को शुभकामनाए दी। इस दौरान मित्र मेहराम गहलोत, लालचंद नागर, महेंद्र सिंह राजपुरोहित, सुरेश, सरदार बचीत्तर सिंह, सहित कई परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### असिस्टेंट प्रोफेसर विजयपाल मीणा के जन्मदिवस पर विवि में पौधरोपण

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर और गोखले छात्रावास के असिस्टेंट वार्डन डॉ विजयपाल मीणा का जन्मदिवस राजस्थान विश्वविद्यालय में फलदार पौधरोपण करके मनाया। गोखले छात्रावास के एलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष कंवरसेन यादव के पौधारोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ विजयपाल मीणा ने अपने जन्मदिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय में भूगर्भ विभाग और गोखले हॉस्टल परिसर में जामुन, आम, अमरूद, अनार आदि किस्म के फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान आर एन शर्मा, महाराजा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एम के पंडित, असिस्टेंट प्रोफेसर मुकेश बैरवा,जर्मन भाषा के एक्सपर्ट जितेंद्र सैन, पत्रकार अरुण ढाका आदि उपस्थित रहे।

### "श्री सारथी फ़ाउन्डेशन द्वारा राशन वितरण"



**जयपुर @ जागरूक जनता।** देश में वैश्विक महामारी से बिगड़ी आर्थिक हालातों को देखते हुए श्री सारथी फ़ाउन्डेशन की तरफ़ से पद्म श्री गुलाबो सपेरा जी के जरिये कलाकारों को राशन किट वितरित किये गये।राशन वितरण के समय गुलाबो सपेरा जी, संस्था की संरक्षक समाज सेविका पूनम खंगारोत, संस्था की अध्यक्ष अनिता मीणा, उपाध्यक्ष रीना वेदवाल, सचिव अर्चना मीणा, महसचिव रेखा नायक, सरिता सोनी मंच प्रभारी, मौजुद थे। संस्था की अध्यक्ष अनिता मीणा ने बताया, संस्था द्वारा पिछले सप्ताह ब्लड डोनेशन कैंप में भी सहयोग रहा था व सामाजिक सारोकार से जुड़े कार्यों पर संस्था के सदस्यों का हर संभव सहयोग रहता है।राशन वितरण के समय मौजुद सदस्यों व सभी ग़ैर मौजुद सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यर् मों के बारे में चर्चा की गई।

### बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ सम्मेलन आयोजित



**पिलानी @ जागरूक जनता।** पिलानी में आल इंडिया डेमोक्रेटिक युथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में देश मे बढ़ती भयंकर बेरोजगारी के खिलाफ आज सम्मेलन किया गया। सर्वप्रथम जुबेर ने कॉमरेड शिवदास घोष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, कार्यर् म की अध्यक्षता महावीर प्रसाद शर्मा ने की व मुख्य वक्ता कॉमरेड शंकर दहिया थे व डिवाईओ के डॉ.ओजस्वी पाराशर मंच पर उपस्थित थे। सम्मेलन में मुख्य वक्ता ने कहा कि आल इंडिया डेमोर्ेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन के आह्वान पर बेरोजगारी के खिलाफ झुझारू आंदोलन किये जा रहें है शंकर दहिया ने कहा कि बेरोजगारी की समश्या इस व्यवस्था की समस्या है, इसके लिए नोजवान जिम्मेदार नही है इसलिए सभी नोजवानो को रोजगार देंना होगा और जब तक सरकार रोजगार नही दे पाती है सम्मानजनक जीवन जीने के लिए उचित बेरोजगारी भत्ता देना होगा,अगर सरकार इन मांगों पर गौर नही फरमाती है तो आंदोलन और तीव्र किया जायेगा। यहीं जोश डीवाईओ के कार्यकर्तों में भी देखने को मिला, कार्यक्रम में कृष्ण नायक, दीपक वर्मा, राजा, प्रदीप आलड़िया,संजीव आलड़िया, अमीलाल धींधवा, राजू सिहाग, नरेश वर्मा, सचिन, भुवनेश्वर, प्रशांत, डॉ रविकांत पांडे, आदि लोग उपस्थित थे।

### कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को ताउम्र मिलेगा नि:शुल्क इलाज



**पिलानी @ जागरूक जनता।** पिलानी के रहने वाले दिनेश शर्मा कोरोना के चलते जिंदगी की जंग हार गए और कुछ ही दिनों बाद उनकी पत्नी भी कोरोना के कारण चल बसी। इनके तीन बच्चों पर माता पिता का साया उठ जाने के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी अब बच्चों की पढ़ाई लिखाई से लेकर घर चलाने का खर्चा कहां से आएगा फिलहाल बच्चों के चाचा इनकी देखरेख कर रहे हैं सरकार ने 100000 रुपए की त्वरित सहायता के विज्ञापन तो अखबारों में बड़े बड़े अक्षरों में छपवा दिए हैं, लेकिन वास्तविकता कुछ और है। यह बच्चे सरकारी सहायता की आस में है वैसे तो सरकार को ऐसे बच्चों की सभी प्रकार की जिम्मेदारियां लेनी चाहिए थी। इसी बीच ऐसे बच्चों की सहायता करने समाज के संवेदनशील लोग पीछे नहीं हटे। बिरला सार्वजनिक अस्पताल के निदेशक डॉ मधुसूदन मालानी ने एक मुहिम की शुरुआत की है जिसमें 2 बच्चे अपने माता-पिता को कोरोनावायरस देखो चुके हैं उन्हें मालानी स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से गोद लेने की मुहिम चला रहे हैं जिले के ऐसे सभी बच्चों को पिलानी के बिरला सार्वजनिक अस्पताल में ताउम्र नि:शुल्क इलाज मुहैया करवाया जाएगा।

### दिव्यांगजन प्रमाण पत्र के लम्बित आवेदनों के निस्तारण हेतु आयोजित किये जायेंगे विशेष शिविर

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** दिव्यांगजन प्रमाण पत्र के लम्बित आवेदनों को निस्तारित करने हेतु जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष जांच शिविर आयोजित किये जायेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल बिश्नोई ने बताया कि जिला कलक्टर लोक बंधु के निर्देशानुसार विशेष जांच शिविर 4 एवं 5 जुलाई को राजकीय चिकित्सालय बाड़मेर तथा राजकीय चिकित्सालय बालोतरा में एवं सोमवार 5 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बायतु, गिड़ा, पाटौदी, कल्याणपुर, सिवाना, समदडी, सिणधरी, धोरीमन्ना, गुड़ामालानी, चौहटन, धनाऊ, सेड़वा, रामसर, गडरारोड़, शिव में आयोजित होंगे। पूर्व में ऑनलाइन आवेदन कर चुके आवेदक अपने निकटवर्ती जांच शिविर में उपस्थित होकर अपनी चिकित्सकीय जांच करवा सकते है। पूर्व में आवेदन कर चुके व्यक्ति जिनके पास आवेदन पत्र की प्रति नहीं है वे शिविर में अपने आधार कार्ड अथवा भामाशाह कार्ड की सहायता से आवेदन पत्र प्रिंट करवाकर लम्बित आवेदन को निस्तारित करवा सकते है। शिविर में उपस्थित होने वाले आवेदकों के प्रमाण पत्र बनाने हेतु चिकित्सकीय जांच कर आवेदनों को निस्तारित किया जायेगा।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## कई शहरों ने लागू किया विकास का खाका, अब जागी सरकार, जारी किए नियम

# जयपुर में लागू हो सका है जोनल प्लान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य सरकार ने शहरों के जोनल प्लान बनाने के नियम जारी कर दिए हैं। अब शहरी निकायों को इन नियमों के तहत ही जोनल प्लान बनाने होंगे। इसमें संबंधित शहर में भूमि के उपयोग के लिए इलाकेवार विकास का खाका तैयार होगा। राज्य में अभी तक केवल जयपुर में ही जोनल प्लान लागू है। प्रशासन शहरों के संग अभियान से पहले अन्य शहरों में भी इसे लागू करना होगा, ऐसा नहीं होने पर निकाय पट्टा जारी करने से लेकर कई अन्य कार्य नहीं कर पाएंगे। हालांकि, नियम जारी करने से पहले ही ज्यादातर निकायों ने जोनल प्लान बनाने का काम शुरू हो गया है। उदयपुर, जोधपुर सहित अन्य शहरों ने तो लगभग तैयार भी कर लिए हैं।

#### 29 शहरों के ही बनेंगे जोनल प्लान

**प्रदेश** में 213 शहरी निकाय हैं, लेकिन जोनल प्लान 29 शहरों के ही बनेंगे। कारण, - नगर पालिका संशोधन विधेयक, 2020 के तहत ऐसे निकायों के ही जोनल प्लान बनाना अनिवार्य होगा, जिनकी आबादी 1 लाख से ज्यादा होगी।

#### मूलभूत सुविधाओं का खाका है जोनल प्लान..

**मास्टर प्लान :** शहर के विकास का पॉलिसी दस्तावेज है। इसमें पूरे शहर का विकास का वृहद प्लान शामिल है। मसलन, शहर के किस इलाके में भूउपयोग आवासीय, संस्थानिक, कॉमर्शियल होगा। रोड नेटवर्क से लेकर परिवहन, मनोरंजन, आवास से जुड़ा खाका खींचा जाता है। इसमें इलाकेवार विकास का प्लान नहीं होता।

**जोनल प्लान :** भूमि के उपयोग के लिए जोनवार (इलाकेवार) विकास का खाका तैयार होता है। शहर को 4 से 5 जोन में बांटते हैं और हर जोन की अलग से डवलपमेंट योजना बनाई जाती है। इसमें आवास, सार्वजनिक भवन, जनसुविधा केन्द्र, सड़क, मनोरंजन केन्द्र, पार्क, उद्योग, व्यवसाय, बाजार व स्कूल आदि के लिए जगह चिह्नित करते हैं। इसके अलावा बिजली, पानी, अंदरुनी सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी प्लानिंग भी इसी का हिस्सा है। डवलपमेंट फंड कैसे, कहां से आएगा।

#### इस तरह करना होगा काम

» संबंधित निकाय को ड्राफ्ट जोनल प्लान का प्रकाशन करना होगा। इस तिथि से 20 दिन तक जनता से आपत्ति–सुझाव लेने होंगे। यही ड्राफ्ट प्लान को वेबसाइट पर भी अपलोड करना होगा। यदि संबंधित अधिकारी को महसूस होता है कि लोगों के आपत्ति-सुझाव लगातार आ रहे हैं तो इस मियाद को 15 दिन ओर बढ़ा सकेंगे।

» ड्राफ्ट प्लान को फाइनल करन के बाद सरकार से अनुमोदन करना होगा। अनुमोदन के तत्काल बाद गजट नोटिफाइड किया जाएगा।

## समाजसेवी रमेश सैनी ने सामान्य नागरिक अस्पताल को भेंट किया ऐसी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**कनीना।** सामान्य नागरिक अस्पताल में कोविड-19 को देखते हुए समाजसेवी चेयरमैन रमेश सैनी श्री ओम साईं राम स्कूल महेंद्रगढ़ ने विंडो एसी भेंट किया। रमेश सैनी ने कहा कि जहां कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण लगाया जाता है वहां लोगों की अपार भीड़ को देखते हुए वैक्सीन लगाने वाले आमजन गर्मी से बुरा हाल हों जाता है। इस गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया कि हॉस्पिटल के स्टाफ एवं बाहर से आने वाला किसी भी व्यक्ति का भयंकर गर्मी से बुरा हाल न हो।

उन्होंने डॉ अशोक कुमार सीएमओ को यह एसी सौंपा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नई बिल्डिंग बनाई जा रही है। जिससे अस्थाई तौर पर इधर उधर मरीजों के लिए व्यवस्था की गई है जहां पर खुले कमरे न होने की वजह से गर्मी से लोगों का बुरा हाल है उन्होंने आमजन से निवेदन किया है कि सभी को इस तरह के कार्य करने चाहिए। डॉ अशोक कुमार सीएमओ ने समाजसेवी रमेश सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि सामान्य हॉस्पिटल के लिए समय-समय पर आकर सामाजिक कार्य के लिए आप तत्पर रहते हैं, आपको बधाई। रमेश सैनी ने सीएमओ का भी धन्यवाद किया, उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से महेंद्रगढ़ के लोगों को आपने करोना काल में दिन रात मेहनत करके लोगों की सेवा की है। हमारा भी कर्तव्य है कि आप जैसे कोरोना योद्धाओं के लिए हमारे से जो भी कार्य हो हम दिन रात आपकी सेवा में हाजिर रहेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर कंवर सिंह यादव एसएमओ, डॉ प्रदीप यादव आरएमओ, सीनियर डॉक्टर मोनू यादव, उपमंडल काउंसलर रेड क्रॉस सोसाइटी राजेश शर्मा झाड़ली, डॉ मनीष यादव, जसवंत यादव बेरी सीनियर फार्मेसिस्ट ऑफिसर, अजय कक्कड़ सीनियर फार्मेसिस्ट ऑफिसर, कुलदीप यादव बीएएम, रण सिंह एमपीएचडब्ल्यू, रामनिवास यादव सीनियर फार्मेसिस्ट ऑफिसर, सरोज एएनएम ,पुष्पा बाई एएनएम,सुरेश कुमार फार्मेसिस्ट ,संजय सैनी, विक्की कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे ।

## प्रदेश में 8 नए न्यायालयों की स्थापना, 12 थानों के अनुमोदन प्रस्ताव को सीएम की मंजूरी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने बजट भाषण वर्ष 2021-22 के तहत प्रदेश में 8 नए न्यायालयों और 12 नए थानों के क्षेत्राधिकार के प्रस्ताव अनुमोदन कर दिया है। सीएम गहलोत ने टोंक जिले के टोडारायसिंह में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में क्रमोन्नत करने तथा बांसवाड़ा जिले के आनन्दपुरी, सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा और भरतपुर के उच्चैन में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इसी तरह कुचामनसिटी एवं लाडनूं, टोंक के निवाई तथा जयपुर महानगर प्रथम के बस्सी में अपर जिला न्यायाधीश न्यायालय खोलने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।

#### थानों के लिए क्षेत्राधिकार का अनुमोदन

मुख्यमंत्री गहलोत ने 6 जिलों में स्वीकृत 12 नए पुलिस थानों के लिए क्षेत्राधिकार के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। प्रस्ताव के मुताबिक चूरू जिले के सदर सुजानगढ़, डूंगरपुर के चैरासी और ओबरी, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के अधीन जयपुर एयरपोर्ट, एसएमएस अस्पताल, जयपुर-अजमेर हाईवे (दौलतपुरा) तथा जयसिंहपुरा खोर, जयपुर ग्रामीण के मौजमाबाद और रेनवाल-मांजी, हनुमानगढ़ के नोहर में भादरा एवं नोहर विधानसभा क्षेत्र में नहरी पानी सुरक्षा एवं चोरी निरोधक थाना, उदयपुर में कल्याणपुर तथा अलवर में बहतूकलां (देवी धोलागढ़) में नए पुलिस थाने स्थापित किए जाने हैं।

#### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती विशेष

## एकजुट भारत की बुलंद आवाज थे श्यामा प्रसाद



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोरोणा/आहोर।** मानवतावादी संस्कृति के प्रतीक के रूप में भारत की अनुकरणीय यात्रा गाथा इस पवित्र भूमि पर पल्लवित हस्तियों के दूरदर्शी विचारों से ही संभव हो सकी है। जब उत्तर आधुनिक युग में भारत की अवधारणा को सही परिप्रेक्ष्य में रखने के प्रयास किए जा रहे थे, उस समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रयासों, उनकी दृष्टि और कार्यों ने एकीकृत भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय चेतना को सच्चे अर्थों में जगाने का कार्य किया है। आज जब हम उनकी 120वीं जयंती मना रहे हैं, यह उचित होगा कि हम न सिर्फ स्वयं के लिए, बल्कि आगामी पीढ़ी के लिए भी उनके विचारों को प्रेरणा के रूप में ग्रहण करें। इस मौके पर स्थानीय राजकीय माध्यमिक विद्यालय कोरोणा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर पौधरोपण करें उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और विद्यालय एवं स्थानीय नवयुवक मंडल द्वारा पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरशाद खान,अमर सिंह माली, सुनील विश्नोई, मादाराम, रसाल मीना, गुरदीप सिहं,नारायण सिंह, विजेंद्र मीना, रचना विश्नोई, धोकल सिहं, खुशालसिंह, श्याम सिंह, समंदर सिंह, महावीर सिंह, शेराराम चौधरी, भोलाराम देवासी, अचल सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे सभी ने पौधरोपण कर सार संभाल करने का संकल्प लिया।

#### कमलेश प्रजापत एनकाउंटर मामला

## जल्द होंगे सीबीआई जांच के आदेश-राजे

### कुम्हार महासभा प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से की मुलाकात




जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** बाड़मेर के चर्चित कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर मामले में केंद्र सरकार से जल्द सीबीआई जांच के आदेश करवाने की मांग को लेकर कुम्हार महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने नई दिल्ली में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे से मुलाकात की।किशोर दुल्हेपुरा ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को जानकारी देते हुए कहा कि कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर में राजस्थान सरकार की ओर से एक माह पूर्व सीबीआई जांच की सिफारिश करने के बाद भी केंद्र सरकार ने सीबीआई जांच के आदेश नहीं किये हैं जबकि राजस्थान बीजेपी के बीस सांसद केंद्र सरकार को पत्र लिखकर कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच जल्द कराने की मांग कर चुके हैं।वहीं पच्चीस जून को कुम्हार समाज के लोग जयपुर में बीजेपी प्रदेश मुख्यालय का घेराव भी कर चुके हैं।केंद्र सरकार से जल्द सीबीआई जांच के आदेश करवाने की मांग को लेकर राजस्थान में कुम्हार समाज के लोग निरन्तर आंदोलन कर रहे हैं।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर की पूरी जानकारी लेकर कुम्हार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा को ठोस आश्वासन देते हुए राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री से बात करके कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर मामले में जल्द ही सीबीआई जांच के आदेश करवाकर परिवार को न्याय दिलाएंगे।

### आमीन हुई नही वो दुआ



जागरूक जनता
jagrukjanta.net
**कविता**
पावनी पाण्डेय



जो रोज सुबह की पहली कक्षा में आ कर बात करते थे,
कठिन से कठिन सवाल उन बातो में निबटाते थे
ऐसी भी क्या मजबूरी थी ,जो जाना इतना जरुरी था
जो हल्की से चुप्पी से मुस्कुराते थे
मुस्किलो से लड़ना सीखते थे
देश दुनिया के बारे में बताते थे
हर मुश्किल को कुछ नही से निबटाते थे ,
उजाला इल्म का वो फैलते थे ,
दिन अभी पानी में था और शाम किनारे के करीब
खुद लिख गए वो अपना ही अंजाम
यू पीछे छोड़ चले गए ,वो यादों का मेला
जो खुद को महसूस किए इन मेलो में अकेला
उन नन्ही मुस्कानों का था क्या कुसूर
मालवीय की बगिया का एक पेड़ टूट गया
कितनी प्रतिभाओ से वो हाथ यूं छूट गया
हार गया वो मन ,हार गई हर आस
आमीन हुई नही वो दुआ
और ले गया अवसाद ......
काशी हिंदू विश्वविद्यालय साउथ कैंपस के एसिएटेंट प्रोफेसर जावेद आलम शेख़ को भावभिनी श्रद्धांजली।

*(लेखक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की छात्रा है)*

### तिवाड़ी अध्यक्ष नियुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्व युवा ब्राह्मण वाहिनी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष कृष्णदास पांडेय व जिला अध्यक्ष रोहित शर्मा द्वारा जितेन्द्र तिवाड़ी (कुक्कन) को जयपुर नगर अध्यक्ष बनाया गया।

ANCHOR | सम्मान

## कोरोना काल में पुलिसकर्मियों ने अपने जीवन को खतरे में डालकर निभाया फर्ज - राज्यमंत्री यादव

### विभिन्न थानों में कोरोना योद्धा पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** कोरोना काल में अग्रिम मोर्चे पर आकर सेवा दे रहे पुलिसकर्मियों को क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव की ओर से कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसको लेकर कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड, पनियाला व प्रागपुरा पुलिस थानों में कोरोना योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने पुलिसकर्मियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।वहीं विभिन्न स्थानों पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री यादव ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किये बगैर कोरोना काल में अग्रिम मोर्चे पर आकर मानवता की सेवा का अपना फर्ज निभाया है। जबकि उस दौरान कोरोना संक्रमितों के आसपास भी जाने से लोग डरते थे।ऐसे समय में पुलिसकर्मी आगे आकर अपने फर्ज को निभाते नजर आए थे।ऐसे पुलिसकर्मियों को सम्मानित करना गौरव की बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम जगदीश आर्य ने की। इस दौरान एएसपी रामकुमार कस्वां, डीएसपी दिनेश यादव एवं एसडीएम सुनीता मीणा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। पनियाला थाने में एसएचओ इन्द्राज सिंह ने सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान सरपंच लक्ष्मण रावत, गोनेड़ा सरपंच एडवोकेट देवेन्द्र रावत, मोलाहेड़ा सरपंच प्रतिनिधि शीशराम गुर्जर,सांगटेडा सरपंच सोनू चौधरी, रायकरणपुरा सरपंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे।इसी प्रकार सरूण्ड थाने में भी राज्यमंत्री यादव ने थाना स्टाफ को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।उन्होंने लम्बित प्रकरणों में जल्द खुलासा किये जाने की बात कही। इस मौके पर सरूण्ड एसएचओ सवाई सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा, कोटपूतली एसएचओ दिलीप सिंह शेखावत, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष मीणा,उप सरपंच रामप्रताप सैनी,रामनारायण विजय,पूर्व सरपंच जसवंत माठ, संजय जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छता सेवा दल ने किये विभिन्न सेवा कार्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** स्थानीय स्वच्छता सेवा दल द्वारा टीम के कार्यकर्ता मुनेश सैनी के जन्मदिन पर विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। स्वच्छता सेवा दल के संयोजक प्रवीण बंसल ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर बेजुबान पशुओं एवं गायों के लिए पीने के पानी व हरे चारे की व्यवस्था की गई।

श्री ध्यानजी गौशाला चतुर्भुज एवं जयसिंह गौशाला कोटपूतली में गायों के लिए हरे चारे एवं सब्जियों की व्यवस्था की गई। वहीं कस्बे के पुलिस थाने के पीछे स्थित महाराजा इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न तरह के पेड़-पौधे लगाये गये।

इस अवसर पर कमलेश प्रजापति, गिरवर शर्मा,पार्षद हीरालाल पायला, पार्षद प्रमोद सैनी, दयाराम कुमावत, प्रशांत अग्रवाल, सत्यनारायण कौशिक, कमल सैनी, रविन्द्र कुमार, पुरुषोत्तम भारद्वाज, डॉ.राकेश शर्मा सहित अन्य परिजनों ने सैनी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## चाय की चर्चा

**जब** भी ठंडी हवा के झोंकों के साथ बारिश की बूंदे घर के दरवाजों और खिड़कियों पर दस्तक देती है, तो बारिश की सबसे अच्छी सहेली कैसे पीछे रह सकती है। जी हां आप सही समझे, मैं बारिश की सबसे खास साथी यानी 'चाय' की बात कर रही हूं। यहां बारिश हुई नहीं कि वहां से आवाज आने लग जाती है - चाय पकौड़े हो जाए। हमें चाय के पीछे का विज्ञान तो नहीं पता, हमारे लिए तो चाय दिन की शुरुआत है चाहे अदरक, इलायची, काली मिर्ची की या मसाले वाली चाय हो।




नविता मिश्रा
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net


चाय के उद्गम को लेकर वैसे तो बहुत से लोक कथाएं हैं पर उनमें से दो लोक कथाएं प्रसिद्ध है । एक कथा के अनुसार क़रीब 2700 ईसापूर्व शेन नुंग का नमक चीनी शासक थे । उनका हर सुबह गर्म पानी पीने का नियम था। तभी एक दिन गर्म पानी पीते समय एक पौधे से कुछ पत्तियां उस पानी में आ गिरी जिससे उसका रंग बदला और महक भी उठी।राजा ने चखा तो उन्हें इसका स्वाद बड़ा पसंद आया और इस तरह चाय का आविष्कार हुआ।

दूसरी कथा के अनुसार छठवीं शताब्दी में भारतीय बौद्ध भिक्षु बिना सोए ध्यान साधना करते थे।वे अपनी नींद को भगाने के लिए कुछ जंगली पौधे की पत्तियों का सेवन करते थे। जिससे तुमको नींद नहीं आती थी और बिना रुके कई घंटों तक अपनी साथ ध्यान साधना करते रहते थे और बाद में यही पौधा चाय के पौधे के रूप में पहचाना गया।

18 वीं सदी में बर्मा (म्यांमार) और असम की सीमांत पहाड़ियों पर चाय के पौधे पाए गए। अंग्रेज़ों ने चाय उत्पादन की शुरुआत लगभग 1836 में भारत में की। शुरुआत में खेती के लिए बीज चीन से मंगाए जाते थे लेकिन बाद में असम चाय के बीज़ों का उपयोग होने लगा। भारत में चाय का उत्पादन मूल रूप से ब्रिटेन के बाज़ारों में चाय की मांग को पूरा करने के लिए किया गया था। उन्नीसवी शताब्दी के खत्म होने तक भारत में चाय की खपत न के बराबर थी। लेकिन आज भारत के हर चौराहे, नुक्कड़ पर आपको कुछ मिले न मिले चाय ज़रूर मिल जाएगी। नवीनीकरण हर उद्योग का बहुत जरूरी पहलू है चाय के उद्योग में भी इसे अपनाया गया और चाय को पहले तो ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए सिर्फ दूध वाली चाय ही नहीं बल्कि काली चाय, हरी चाय, हर्बल चाय में वर्गीकृत किया गया । इनका बहुत छोटा सा विवरण कुछ इस प्रकार है

**ग्रीन चाय:** इस तरह की चाय में पत्तियों को चुनकर सुखाया जाता है जिसके कारण इसका ऑक्सीकरण होता है।जब हरी चाय बनाई जाती है तो उसे ऑक्सीडाइज़ नहीं होने दिया जाता है, उन्हें जल्दी सुखाकर रखा जाता है। इस प्रक्रिया में पोलीफेनॉल्स कैटेचिन्स और फ्लेवनॉइड्स जो हरी चाय को एक स्वस्थ पेय बनाने में मदद करते है। हरी चाय में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो कैंसर को रोकने में मदद करते है, चयापचय दर बढ़ाते है, वसा को कम करते है और हृदय रोग की संभावना को कम करते है।

**काली चाय:** काली चाय अन्य चाय की तुलना में तेज़ और कड़क होती है।इसमें उच्च कैफीन की मात्रा होती है और इसकी अधिकतम बिक्री होती है। बिना चीनी के सादी काली चाय पीने से एंटीऑक्सीडेंट बनता है और हृदय रोगों को कम करने में फायदेमंद होता है।

**हर्बल चाय:** यह क्वाथ नामक हर्बल अर्क के सूखे और ताजा फूलों, जड़े, बीज या पत्तों के भाग से बनती है।इसको स्वादिष्ट और सुगंधित चाय के तौर पर उपयोग किया जाता है।विभिन्न औषधीय प्रयोजनों के लिए हर्बल चाय का सेवन किया जाता है। तो इस बार जब बारिश हो

चाय पर चर्चा नहीं चाय की चर्चा जरूर कीजिए।

## जागरूक खबरें

### निजी बस से भारी मात्रा में तलवार बरामद



**सिरोही @ जागरूक जनता।** सिरोही जिले के आबूरोड़ रीको पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी काईवाई को अंजाम दिया गया है.. पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में रीको थानाधिकारी बलभ्रद सिंह के नेतृत्व में मावल पुलिस चौकी इंचार्ज देवाराम मीणा मय टीम ने काईवाई को अंजाम दिया है। आपको बता दे कि राजस्थान से निजी बस से गुजरात लेकर जा रहें 255 तलवारों की खेप को पुलिस ने पकड़ लिया है। वही पूरे प्रकरण की पुलिस गम्भीरता से जांच में जुट गई है। आखिर यह तलवारों की खेप गुजरात मे कहा पहुंचानी थी सहित तमाम पहलुओं पर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो पाएगी की आखिर इस तरह से भारी मात्रा में तलवार लेकर जाने के पीछे क्या रहस्य है।

**आबूरोड़ रीको पुलिस की बड़ी काईवाई**

## ट्विटर को कोर्ट की चेतावनी

### आपको सुरक्षा नहीं दे सकते, अगली तारीख तक जवाब के साथ तैयार रहें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे

**नई दिल्ली।** नए IT कानून लागू लागू न करने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को ट्विटर को चेतावनी दी है। अदालत ने कहा कि अगर आप कानून नहीं लागू करते हैं तो हम आपको किसी तरह की सुरक्षा नहीं दे सकते। जस्टिस रेखा पिल्लई ने कहा कि आप साफ जवाब के साथ आइए, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे।

#### हाईकोर्ट ने कहा- आपको नियम लागू करने होंगे

**जस्टिस** पिल्लई ने कहा कि मैं किसी तरह की सुरक्षा नहीं दे सकती हूं। पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी हूं कि आपको नियम लागू करने ही होंगे। ट्विटर के वकील ने और वक्त मांगा है, क्योंकि उन्हें किसी तरह के निर्देश कंपनी की ओर से नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा, 'आपको 8 जुलाई तक का वक्त दिया जाता है। उम्मीद करते हैं कि आप अगली तारीख तक नियम लागू करने को लेकर जानकारी के साथ तैयार रहेंगे। अगर ट्विटर को लगता है कि वो हमारे देश में जितना चाहे टाइम ले सकती है तो मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगी। केंद्र ने कहा है कि ट्विटर ने साफतौर पर इन्न नियमों का उल्लंघन किया है।'

#### केंद्र ने कोर्ट से कहा- ट्विटर और वक्त मांग रहा है

**केंद्र** की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि ट्विटर को 3 महीने का वक्त दिया गया था। इस दौरान उन्हें कानून लागू करने थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। आप भारत में व्यापार करने आएं, आपका स्वागत है पर आपको नियम लागू करने होंगे। वकील ने 31 मई को कहा था कि हम अंतरिम शिकायत अधिकारी नियुक्त किया है और शिकायत अधिकारी की प्रि या जारी है। जब पूछा गया कि कितना वक्त लगेगा तो इस पर ट्विटर के वकील को कोई निर्देश नहीं थे। उन्हें और वक्त चाहिए, क्योंकि कंपनी का दफ्तर अलग टाइम जोन वाले अमेरिका में है।

**सार्वजनिक शौचालयों का लोकार्पण**

# खिलाड़ियों को संसाधन होंगे उपलब्ध-डॉ. गर्ग



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** शहर के चिन्हित 31 पार्कों का जल्द ही सौंदर्य करण होगा यह कहना है तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग का। गर्ग भरतपुर में नगर निगम द्वारा गांधी पार्क महारानी श्री जया कॉलेज परिसर एवं वर्कशॉप योजना में नवनिर्मित आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों का एक जाई रूप से गांधी पार्क में लोकार्पण कर रहे थे। डॉक्टर ने बताया कि प्रत्येक शौचालय वातानुकूलित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त है जिनके प्रत्येक के निर्माण पर 50-50 लाख रुपए तय किए गए हैं।

भरतपुर प्रवास के दौरान डॉ गर्ग ने नटवर सिंह युवा टीम द्वारा प्रथम कबड्डी महाकुंभ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 कबड्डी खिलाडियों इषांत मुरवारा, सुनील खैमरा, गौरव बिलोठी, श्यामवीर बिलोठी, दीपक नगला बिलोठी, किषोर वार्ड 57, साबिर चिकसाना, सुमित मुरवारा, श्रीपाल फुलवारा, ऋषि जाटोली रथभान एवं जघीना के राहुल, कृष्णा, राकेष, भानुप्रताप व कन्हैया एवम 6 कोरोना वॉरियर्स जिला षिक्षा अधिकारी प्रेमसिंह कुंतल, देवेन्द्र चौधरी, अरविन्द, अमन चौधरी, मोहित लवानियां व मनीष अग्रवाल को मथुरा रोड स्थित श्रीराम मैरिज होम में सम्मान किया। इस अवसर पर डा. गर्ग ने कहा कि खिलाडियों को संसाधन उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। इस अवसर पर नगर निगम महापौर अभिजीत कुमार, उपमहापौर गिरीश चौधरी, नगर निगम आयुक्त सहित अनेक गणमान्य नागरिक नगर परिषद अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन स्तर पर लंबित प्रकरणों के समय सीमा में निस्तारण करें-गुप्ता



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** विभिन्न ऑनलाइन स्तर पर लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करे। यह कहना है जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता गुप्ता कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे।

खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिल कोशिश पीड़ितों के लंबित प्रकरणों को सिवनी विस्तारित करें जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बांधों के सुदृढ़ीकरण के लिए आवंटित राशि का कार्य शुरू करने से पहले क्षेत्रवार सर्वे रिपोर्ट तैयार करें निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कार्य करवाया जाए, जल जीवन मिशन परियोजना के तहत सुकृत योजनाओं को शीघ्र शिरू कराने, खराब पड़े आरोप जो कंपनी गारंटी में है निर्धारित समय अवधि में सही कराएं, विद्युत कनेक्शन पत्रावली जैन में डिमांड नोटिस राशि जमा हो चुकी है प्राथमिकता से कनेक्शन दें। ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से विद्युत आपूर्ति पर निगरानी रखें जननी सुरक्षा योजना एवं राजश्री योजना के भुगतान से वंचित महिलाओं की तहसील वार सूची तैयार कर शिविर लगाएं बैंक खातों में हस्तांतरित कर राशि से लाभान्वित करें जिला मुख्यालय पर जनाना अस्पताल के शौचालय कार्य को शीघ्र पूरा कराएं नवग्रह कुंडा सौंदर्य करण की जानकारी, सहित सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन श्रीमती बीना महावर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सिंह चारण नगर निगम आयुक्त राजेश गोयल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर कप्तान सिंह सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना**

# कोरोना मृतकों के आश्रितों को सहायता स्वीकृति आदेश जारी



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के अंतर्गत 3 कोरोना पीडीतो के आश्रितों को स्वीकृति आदेश जारी कर उनके निवास पर पहुंचकर सहायता राशि के आदेशों सौपे।

डीग तहसील के बरौली चौथ निवासी मानसिंह की 14 मई 2021 को कोरोना संक्रमण से मृत्यु हो जाने पर उनकी आश्रित पत्नी श्रीमती प्रेमवती, साद मोहल्ला एवं कुम्हेर तहसील के सेह निवासी बाबू की 16 दिसंबर 2020 को कोरोना संक्रमण से मृत्यु होने पर आश्रित पत्नी बत्तन, को एक लाख रुपए प्रति महिला से एकमुश्त सहायता राशि एवं एक हजार 5 सौ रुपए प्रतिमाह पेंशन राशि के स्वीकृति आदेश उनके निवास स्थान पर जाकर प्रदान किए। इस अवसर पर कुम्हेर पंडित उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा बिग उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने राज्य सरकार द्वारा मनोनित पार्षदों को दिलाई शपथ



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** नगर कस्बे के गांधी पार्क में विधायक वाजिब अली की अध्यक्षता में एसडीम सुरेंद्र प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा मनोनीत पार्षदों को शपथ दिलाई है जिसमें नेक मोहम्मद, बालमुकुंद पलवार, ईश्वरी शर्मा निरंजन मिस्त्री, लता मित्तल, विराज भाया ने नियम अनुसार शपथ ग्रहण की और भारतीय संविधान के नियमों का पूर्ण से पालन करने की शपथ ली इस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष रामअवतार मित्तल नपा अधिशासी अधिकारी नरसी लाल मीणा कनिष्ठ अभियंता सुरेश चंद शर्मा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर गोविंद शर्मा भारत जगपत सोनी राम अवतार शर्मा बबली खान सांवरिया आदि मौजूद रहे सभी मनोनीत पार्षदों ने विधायक वाजिब अली का धन्यवाद देकर आभार जताया तथा सभी पार्षदों ने नव निर्वाचित मनोनीत पार्षदों व विधायक वाजिब अली का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

**विभिन्न विभाग के अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश**

# दिशा कमेटी में सांसद दीया ने प्रदान की विकास की नई दिशा



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**राजसमन्द।** सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि विभिन्न विभागों में स्वीकृत पड़े विकास कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने की ओर अग्रसित होने पर ही जनता को राहत मिलने की संभावना है। साथ ही नए कार्यों की रूप रेखा भी तैयार करनी चाहिए। कोरोना की वजह से पहले से ही विकास कार्य ठप्प पड़े हैं, ऐसे में कार्यो को गति देना ही बैठक का मुख्य एजेंडा है।

वर्चुअल बैठक में सांसद ने प्रधान मंत्री आवास के सम्बंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि शहरी एवं गरमें क्षेत्र में वर्तमान में जिन व्यक्तियों के पास पक्के मकान नहीं है, उन्हें पक्का मकान उपलब्ध कराने की क्या कोई योजना चल रही है ? अगर चल रही है तो शहर और ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करवा कर आगामी कार्यवाही कराई जावे। आयुक्त और सीईओ जिला परिषद ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि योजना अच्छी प्रगति पर है तो सांसद ने कार्य में गति बढ़ाने की बात कही। सदस्य कर्णवीर सिंह राठौड़ ने दिशा कमेटी की शुरुआत में ही कमेटी अध्यक्ष सांसद दीयाकुमारी के माध्यम से राजनगर स्थित पहाड़ी पर राणा राज सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग करते हुए कहा कि पूर्व सांसद हरिओम सिंह राठौड़ ने भी इस कार्य के लिए पूर्व में प्रयास किये थे। यह कार्य हो जाता है तो पर्यटन और रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस पर सांसद ने आयुक्त को त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद ने कुम्भलगढ़ इकोसेंसेटिव जॉन के सीमांकन हेतु कलक्टर को निर्देश दिए ताकि खान मालिकों को राहत मिल सके। सांसद ने नाथद्वारा श्रीनाथ जी मंदिर के आस-पास सड़क रिपेयर जल्द करवाये, सौंदर्यीकरण का कार्य करवाने, खारी फीडर चौड़ीकरण की डीपीआर को डीएमएफटी में स्वीकृत करवाने, राजसमन्द जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के जर्जर भवनों और बालिकाओं के लिए सौचालय डीएमएफटी फंड से बनवाने, जल जीवन मिशन में जिन गांवों में ज्यादा समस्या आ रही है उनको पहले जोड़ने, राजनगर कांकरोली में भूमिगत तारों का प्रस्ताव तैयार करवाया है उसको डीएमएफटी में लेकर स्वीकृत करवाने की बात कही। सांसद ने विभागवार दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास कौशल योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, आजीविका/रोजगार ग्रामीण एवं प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पसून्द में फोरलेन पर फुट ओवर ब्रीज, ग्राम जनावद में अण्डर पास, राजनगर स्थित सनवाड़ अण्डर पास कि चौड़ीकरण निर्माण कार्य के प्रस्ताव के सम्बंध में, सड़क निर्माण और सुधारीकरण, उदयपुर से राजसमंद के बीच पड़ने वाले दुर्घटना संभावित स्थलों के सम्बंध में, देसूरी की नाल पर बनने वाले ऐलिवेटेड रोड़ की प्रगति रिपोर्ट, जिले में दिव्यांग जन चिन्हित करने व उनको आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने, राजसमंद जिले में कोरोना काल में कितने बच्चे अनाथ हुए एवं कितनी महिलाऐं विधवा हुए, अनाथ हुए बच्चों एवं विधवा महिलाओं के संपूर्ण विवरण, जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत राजसमंद जिले में पूर्व में स्वीकृत हुई योजनाओं की प्रगति, खारी फीडर द्वारा नन्दसमंद बांध के अतिरिक्त पानी को राजसमंद झील भरने की डीपीआर बनाने की प्रगति रिपोर्ट, अतिक्रमण के मामले भेजे गये उन पर क्या कार्यवाही हुई, प्रधान मंत्री फसल बीमा के अन्तर्गत कितने किसानों ने लाभ प्राप्त किया एवं कितनी राशि का वितरण किया गया, टीकाकरण की स्थिति जैसे कई विषयों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, सीईओ निमिष गुप्ता, सदस्य कर्णवीर सिंह राठौड़, लीलेश खत्री, नन्दलाल सिंघवी, तिलक सिंह रावत सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के समापन पर सांसद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**ANCHOR** | **कार्यक्रम**

# पर्यावरण असंतुलन व बढ़ती आबादी को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी-खण्डेलवाल

### जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्मदिवस पर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं ने वार्ड स्तर पर पौधारोपण किया

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**सिरोही।** देश की एकता, अखंडता के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले शिक्षाविद, चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर भाजपा नगर मंडल सिरोही के तत्वावधान में शहर में वार्ड स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर सेवा ही संगठन के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 पौधे लगाए गए।

भाजपा नगर अध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती के अवसर पर कहा कि हमारे महापुरुषों ने सामाजिक सरोकारों को राजनीतिक जीवन में विशेष महत्व दिया और इसी क्रम में पर्यावरण असंतुलन व बढ़ती आबादी को बचाने के लिए प्रकृति से रिश्ता जोड़ने और इससे अटूट बनाने की नितांत आवश्यकता है। इस मौके पर कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे क्योंकि वृक्ष से जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिलती है। स्थानीय वार्ड ग्यारह के माताजी मंदिर प्रांगण में जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी ने पौधारोपण के बाद कहा कि पौधे की समुचित देखभाल भी सुनिश्चित हो ताकि वे वृक्ष बन सके। वार्ड पार्षद सुरेश सगरवंशी ने पेड़ों को जीवन का आधार बताया। इस मौके पर नगर महामंत्री जबरसिंह चौहान, सेवानिवृत्त अध्यापक शंकरलाल प्रजापत, नितिन रावल, महिपालसिंह चारण, गांधीभाई पटेल, मेथीबाई, प्रकाश सुराणा, गीता मिस्त्री, रतन प्रजापत, प्रदीप सोनी आदि बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे। इसी प्रकार वार्ड संख्या तीन मे जिला मीडिया प्रभारी चिराग रावल, नगर उपाध्यक्ष प्रकाश पटेल, मन की बात के संयोजक मांगूसिंह बावली, बाबूसिंह मांकरोड़ा, एडवोकेट सूर्यवीर सिंह आढा आदि ने भी पौधारोपण किया। वार्ड एक के आदर्श नगर रोड पर नगर मंत्री भरत माली के नेतृत्व में पौधारोपण हुआ। इसी तरह कलेक्ट्रेट चौराहा स्थित भेरुजी मंदिर प्रांगण में पार्षद अरुण ओझा, नगर मंत्री राहुल रावल आदि कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। इसी क्रम मे खंडेलवाल छात्रावास के बाहर नगर अध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल, हस्तीमल, छगनलाल कूलवाल, मुकेश खुटेटा, हनुमान प्रजापत, मुकेश कुमार आदि ने पौधारोपण किया। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कीया।

#### दिव्यांग संजयसिंह पीथापुरा ने पौधारोपण किया

चलने, फिरने, बोलने में अक्षम दिव्यांग संजयसिंह पीथापुरा ने भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देकर सेंट पॉल स्कूल के समीप अपने निवास के बाहर पौधारोपण किया। इस मौके पर उनकी माताजी ने बताया कि संजयसिंह सामाजिक सरोकारों के कार्यो और जनहित के मुद्दों को लेकर काफी संवेदनशील है। वे निरंतर सोशल प्लेटफॉर्म पर इसके बारे में लिखते रहते हैं।

**मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के आदेश**

# 16 जुलाई से होगा बड़ा बदलाव, जयपुर समेत 60 एयरपोर्ट की ग्राउंड हैंडलिंग एयर इंडिया को

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने 60 एयरपोर्ट के लिए आदेश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक, एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का कार्य या तो संबंधित एयरलाइन संभालेगी या फिर एयर इंडिया। देश में 6 प्रमुख एयरलाइन में एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट अपनी ग्राउंड हैंडलिंग संभालती हैं। गो एयर, विस्तारा और एयर एशिया ग्राउंड हैंडलिंग का कार्य आउट सोर्स करती हैं। जयपुर एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का कार्य इंडो थाई एजेंसी संभालती है। एयरपोर्ट पर इंडो थाई पिछले 10 वर्षो से कार्यरत है। अब 30 जून को नए आदेश से जयपुर एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी इंडो थाई के लिए संकट खड़ा हो गया है। इंडो थाई का करार दिसंबर 2020 में ही समाप्त हो चुका है और पिछले 6 माह से यह एजेंसी एक्सटेंशन पर कार्य कर रही है। नए आदेश से एजेंसी के 350 कर्मचारियों के लिए रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। 16 जुलाई से यह सभी कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे।

#### मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन का आदेश

**देश** के 60 एयरपोर्ट पर यह नए नियम लागू होंगे। 11 प्रमुख एयरपोर्ट जिनमें अमृतसर, कालीकट, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, वाराणसी, पटना, इंदौर, चंडीगढ़, बागडोगरा, श्रीनगर और विशाखापट्टनम शामिल हैं। बी श्रेणी के इन एयरपोर्ट पर एयर इंडिया संभवतया 16 जुलाई से ग्राउंड हैंडलिंग संभालेगी। इसके अलावा देश के 49 छोटे एयरपोर्ट पर भी ग्राउंड हैंडलिंग एयर इंडिया करेगी।

## जागरूक खबरें

### कृषि पर्यवेक्षक के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा की संशोधित विज्ञप्ति जारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने कृषि पर्यवेक्षक के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2021 की संशोधित विज्ञप्ति जारी की है। बोर्ड ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरुष अभ्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष और महिला अभ्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 साल की अतिरिक्त छूट प्रदान की है। साथ ही कार्मिक विभाग के निर्देश के मुताबिक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग के समान आवेदन शुल्क जमा कराने की रियायत प्रदान की गई है। बोर्ड ने कुल 2254 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। गौरतलब है कि कृषि विभाग की ओर से गैर अनुसूचित क्षेत्र के लिए कृषि पर्यवेक्षक के नए 1160 पद और अनुसूचित क्षेत्र के लिए कृषि पर्यवेक्षक के नए 212 पदों यानी कुल 1372 पदों को शामिल कर अब 2254 पदों के लिए संशोधित अभ्यर्थना बोर्ड को भिजवाई गई है।

# भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाने की दिशा में 10 हजार एफपीओ का गठन क्रांतिकारी कदम-कैलाश चौधरी

### 10,000 नए कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के गठन एवं संवर्धन को लेकर हुई प्रगति समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि 10 हजार एफपीओ के क्रियान्वयन से किसानों की सुविधा के साथ ही बढ़ेगी खेती की गुणवत्ता

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**बाड़मेर/जैसलमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कृषि मंत्रालय में 10,000 नए कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के गठन एवं संवर्धन को लेकर हुई प्रगति समीक्षा बैठक में भाग लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एफपीओ के माध्यम से किसानों को संगठित करने को लेकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया गया। इस समीक्षा बैठक में कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए है, इसी के तहत कृषि क्षेत्र को भी आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। 10 हजार नए एफपीओ बनाने की योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय कृषि को पूर्ण रूप से सक्षम एवं लाभवर्धक बनाने में केंद्र सरकार का यह क्रांतिकारी कदम निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा। देश में 10 हजार नए एफपीओ बनने से किसानों की आय बढ़ेगी, इन एफपीओ के बनने से छोटे किसानों को काफी सुविधाएं होगी।

#### देश के करोड़ों किसानों को मिलेगा एफपीओ का लाभ

**केंद्रीय** कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि एफपीओ के गठन के कार्य से जुड़ी सभी एजेंसियां एकजुटता व समन्वय के साथ योजना की कल्पना को साकार करें। हमारा उद्देश्य यहीं होना चाहिए कि देशभर के किसानों को इसका पूरा लाभ मिलें। 10 हजार एफपीओ बनाने पर भारत सरकार 6,865 करोड़ रूपए खर्च करेगी। उन्होंने एफपीओ की ग्रेडिंग किए जाने तथा इनमें अधिकाधिक किसानों को जोड़ने की बात कही, ताकि कृषि क्षेत्र को इसका पूरा फायदा मिल सकें। योजना के लिए कैलाश चौधरी ने कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की मदद लेने को भी कहा, जिनका जिलों में काफी नेटवर्क है। कैलाश चौधरी ने कहा कि देशभर के लगभग 6,600 ब्लाक है और इनमें हरेक में कम से कम एक एफपीओ बनाया जाएगा, जिससे किसानों को सुविधाएं मिलने के साथ खेती की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। चालू वित्तीय वर्ष में लगभग ढाई हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एफपीओ की इस स्कीम को व्यवस्थित और पारदर्शिता से क्रियान्वित करने एवं सुलभ जानकारी के लिए एकीकृत पोर्टल बनाया जाएगा।

### तीन माह में जारी किए 350 कनेक्शन, इस माह जारी होंगे 700 कृषि कनेक्शन

# रबी की सीजन से पूर्व जारी होगे 3 हजार कृषि कनेक्शन

### कोरोना की दूसरी लहर के बावजुद डिस्कॉम ने किसानों को कनेक्शन जारी करने में दिखाई तत्परता

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**बाड़मेर।** वर्ष 2020 एवं 2021 में कोरोना के कहर के उपरांत भी बाड़मेर डिस्कॉम द्वारा किसानों को कृषि कनेक्शन जारी करने में तत्परता दिखाई गई हैं। यही कारण हैं कि जहां वित्तीय वर्ष 2020-21 में करीब 2300 कनेक्शन जारी किए गए, वहीं इस वित्तीय वर्ष में लंबित 3 हजार कृषि कनेक्शन रबी की सीजन से पूर्व करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं।

अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में माह अप्रेल व मई माह में कोरोना की लॉकडाउन होने के कारण कृषि कनेक्शन जारी करने की प्रगति धीमी रही। लेकिन इसके बाद माह जून 2021में कृषि कनेक्शन जारी करने में तेजी लाई गई। जून 2021 तक 275 कनेक्शन जारी किए गए हैं। वहीं माह जुलाई 2021 में एक हजार कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। माथुर ने बताया कि अप्रेल व मई माह में लॉकडाउन के कारण परिवहन के संसाधन बंद होने के कारण लाईन सामग्री प्राप्त होने में कठिनाई आई लेकिन अब इस टॉस्क को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू किया गया हैं। वहीं अब पर्याप्त संख्या में सामग्री भी प्राप्त हो रही हैं। मुख्यालय से पर्याप्त संख्या में सामग्री प्राप्त होने के निर्देशों के उपरांत ही माह जुलाई के पूर्व में 500 कृषि कनेक्शन जारी करने के लक्ष्य को बढ़ाकर एक हजार कर दिया गया हैं। अजय माथुर ने बताया कि रोड़मेप अनुसार रबी की सीजन से पूर्व जिले में लंबित 3 हजार कनेक्शन जारी किए जाएंगे। ताकि अधिक से अधिक किसान रबी की सीजन का लाभ ले सके। इस माह धोरीमन्ना व सेड़वा में होगे सर्वाधिक कनेक्शनः

अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि माह जुलाई में एक हजार कृषि कनेक्शन जारी करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया। उसमें सर्वाधिक कनेक्शन धोरीमन्ना उपखण्ड में जारी होंगे। वहीं दूसरे सर्वाधिक कनेक्शन सेड़वा उपखण्ड में होंगे। इसके अतिरिक्त गुड़ामालानी में 90, चौहटन, शिव, भियाड़ में 70-70, बाड़मेर ग्रामीण, रामसर व शिव में 60-60 कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इसी तरह उपखण्ड शहर प्रथम में 46, पादरू में 44, सिणधरी में 30, शहर द्वितीय बाड़मेर में 28, सिवाना व बालोतरा ग्रामीण में 22 -22 कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस हेतु आवश्यक सामग्री सभी सहायक अभियंताओं को आवंटित की जा रही हैं।

### मोकलसर के युवा ने जोधपुर पहुँच कर किया रक्तदान

# 135 किलोमीटर का सफर तय कर मानव सेवा के लिए आगे आया युवा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**मोकलसर।** जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती मरीज गोरधन लाल गोदावास को एक्ससीडेंट कैश में ऑपरेशन के दौरान ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत होने पर मरीज के परिजनों ने दुरभाष के माध्यम से रामदेव रक्तकोष सेवा संस्थान से सम्पर्क किया। सूचना मिलने पर संस्थापक श्याम डांगी व संस्थान अध्यक्ष सोनू जीनगर ने ए पॉजिटिव ब्लड के लिए आस पास में सम्पर्क किया।

कोरोना के चलते कहि ब्लड की व्यवस्था नही होने पर संस्थान अध्यक्ष जीनगर ने सिवाना के सामाजिक कार्यकर्ता, रामदेव रक्तकोष सेवा संस्थान टीम के सदस्य मोकलसर निवासी कानु सोलंकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही सोलंकी के दिल मे मानव सेवा की अलख जगी और बिना देरी किये अपने दोस्त ओमप्रकाश परिहार को वाहन के लिए सम्पर्क कर अपना निजी वाहन लेकर 135 किलोमीटर का सफर तय कर ब्लड डोनेट करने के लिए जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुँच कर मरीज व उसके परिजनों से मिला और जीवन में तीसरी बार रक्तदान किया। मरीज के परिजनों ने सोलंकी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सच्चे मानव सेवी वही होते है जो बिना किसी स्वार्थ के मानव सेवा में अपना योगदान देते है। साथ ही सोलंकी ने बताया कि मैं धन्यवाद देता हूं रामदेव रक्तकोष सेवा संस्थान की पूरी टीम का जो दिन-रात मानव सेवा के लिए नि स्वार्थ भाव से सेवा में लगी हुई है और मुझे भी 93 दिन बाद एक बार फिर मानव सेवा का मौका मिला। साथ ही संस्थापक श्याम डांगी ने सोलंकी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सोलंकी हमेशा मानव सेवा के लिए आगे रहते है और आये दिन लोगो को टीम में माध्यम से रक्तदान के लिए लोगों की मदद करते है। वही डांगी ने बताया कि 3 महीने पहले 1अप्रेल को भी सोलंकी ने अपने जन्मदिन को यादगार साबित करते हुए जन्मदिन पर बालोतरा के राजकीय नाहटा अस्पताल में रामदेव रक्तकोष सेवा संस्थान के तत्वाधान में स्वेछिक रक्तदान शिविर लगाकर 22 युवाओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की थी। साथ ही संस्थान अध्यक्ष सोनू जीनगर ने बताया की कानु सोलंकी टीम के जिम्मेवार कार्यकर्ता है और सिवाना क्षेत्र में मानव सेवा में टीम के माध्यम से लोगो को रक्तदान करवाकर नया जीवनदान दे रहे है। वही सोलंकी ने रामदेव रक्तकोष सेवा संस्थान टीम का सराहनीय कार्य को देखते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ओम प्रकाश परिहार मवड़ी, सुरेश बारूपाल सिवाना, विष्णु कटारिया उपस्थित रहे।

### ग्राम्यांचलों का दौरा कर जनसुविधाओं की ली जानकारी

# जिला कलेक्टर ने जनसेवाओं की धरातल पर की पड़ताल

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net





**बाड़मेर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवाओ की अदायगी एवं जनसुविधाओ की पड़ताल के लिए जिला कलेक्टर लोक बंधु ने दौरा कर जायजा लिया। जिला कलेक्टर लोक बंधु सर्वप्रथम आंटी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थित सामुदायिक स्वच्छता केंद्र, सीएससी का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की साफ सफाई एवं सुविधाओं का जायजा लिया। यहां उन्होंने सीढ़ियों के अलावा दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाने की हिदायत दी। इसके बाद जिला कलेक्टर आदर्श उण्डखा पंचायत मुख्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने सामुदायिक स्वच्छता केंद्र का निरीक्षण किया एवं इसमें नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने समीप ही जलदाय विभाग द्वारा निर्मित जीएलआर एवं पशु खेली का निरीक्षण किया। उन्होंने इसमें पेयजल की आपूर्ति के अंतराल के बारे में जानकारी ली एवं निर्धारित आवृत्ति से जलापूर्ति करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर लोक बंधु ने सार्वजनिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया एवं राशन वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने राशन डीलर से पोस मशीन के द्वारा बायोमेट्रिक रूप से राशन वितरण करने के बारे में पूछताछ की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से राशन वितरण के बारे में जानकारी ली एवं राशन सामग्री देने के बारे में पूछा। जिला कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निशुल्क पांच किलो गेंहू के वितरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही राशन डीलर के स्टॉक एवं वितरण के बारे में विकास अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान विकास अधिकारी सुरेश कविया एवं अधिशासी अभियंता सत्यवीर सिंह भी साथ रहे।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को जिले भर में ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वच्छता केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उपखंड अधिकारी वीरमा राम चौधरी ने गुडामालानी एवं नगर के सामुदायिक स्वच्छता केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी प्रकार विकास अधिकारी सुखराम बिश्नोई ने बाड़मेर ग्रामीण, शिवकर एवं गालाबेरी, विकास अधिकारी शिवदयाल शर्मा ने बालोतरा एवं पारलू, तहसीलदार शंकरा राम गर्ग ने समदड़ी, तहसीलदार धोरीमन्ना ने मीठड़ा खुर्द, सुदाबेरी, दूदू एवं मांगता में सीएससी का जायजा लेकर साफ सफाई की जानकारी ली।

### बालोतरा में बाइक चोरियो की रोकथाम के लिए पुलिस हुई सक्रिय

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**बालोतरा ।** बैंक परिसर से मोटर साइकिल चोरी करने वाला वाहन चोर को पुलिस ने पकड़ा। बालोतरा में बढ़ती वाहन चोरियो की वारदातो पर अंकुश लगाने, वाहन चोरों की धरपकड़ और पुलिस थाना क्षेत्र में बढ़ती अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस द्वारा अलग अलग टीम गठित कर अभियान चलाया जा रहा है। बालोतरा थाना क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा पुलिस थाना भीनमाल द्वारा गिरफ्तार सुदा मुलजिम ओमप्रकाश को पुलिस पूछताछ में मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया जिस पर मुलजिम ओमप्रकाश को बालोतरा पुलिस द्वारा प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गहनता से पूछताछ करने पर चोरी की गई बाइक को पुलिस द्वारा बरामद की गई साथ ही अन्य हुई चोरियो की पूछताछ अभी जारी है।

# आबकारी निरीक्षक व पुलिस ने आपातकाल में रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**बालोतरा।** राजकीय नाहटा अस्पताल में भर्ती मरीज कैलादेवी देवासी टापरा को अतिदुर्लभ ओ नेगेटिव रक्त व मधुबाला पादरू को बी पॉजिटिव रक्त की जरूरत होने पर मरीज के परिजनों ने स्थानीय ब्लड बैंक से सम्पर्क किया। ब्लड बैंक में रक्त स्टॉक में नही होने पर परिजनों ने जरूरतमन्दों के लिए तत्पर संस्था रक्तकोष मित्र मंडल सेवा संस्थान को सूचना दी।

सूचना के मुताबिक टीम सदस्य मोहम्मद रमजान व नरपतसिंह उमरलाई ने केश को गंभीरता से लेते हुए ओ नेगेटिव रक्तदाता बालोतरा के आबकारी निरीक्षक भंवरलाल चौधरी से बात कर तुरन्त अस्पताल पहुँच रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। वही टीम सदस्य राजुराम गोल की प्रेरणा से बी पॉजिटिव के रक्तदाता बालोतरा यातायात पुलिस के जवान हुकमाराम सरगरा ने ड्यूटी पर तैनात होने के बावजूद अस्पताल पहुँच महिला को नया जीवन दिया। वही रक्तदान करने वाले युवाओ में शकूर खा, जालाराम देवासी, महेंद्र, उकाराम प्रजापत, अनिल दाती, गोपाल ने भी रक्तदान मानवता का परिचय दिया। आबकारी निरीक्षक भंवरलाल चौधरी ने कहा कि रक्तकोष मित्र मंडल सेवा संस्थान के सदस्य हमेशा मानव सेवा के लिए खड़े है। मे मेरे जीवन दूसरी बार रक्तदान कर रहा हु। साथ ही युवाओ से अपील है कि आप भी आगे आकर जरूरतमन्दों को रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश करे। इस दौरान आबकारी जवान चौखाराम जाट उमरलाई, संस्थान के अध्यक्ष दिनेश प्रजापत, बालू दवे, विक्रमसिंह चारण, सलीम खिलेरी धीरज उतरनी जितेंद्रसिंह धवा आदि मौजूद रहे।

ANCHOR

### 1971 में भारत-पाक युद्ध मे दिखाया था जलवा

# फक्र ए हिन्द जनरल हणुत सिंह जसोल की जयंती मनाई गई

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जसोल (बाड़मेर)।**स्थानीय जसोल गांव में लेफ्टिनेंट जनरल महावीर च्रक विजेता हणुत सिंह जसोल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर माजीसा मार्किट,हणुत सिंह मार्किट जसोल में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता भरत अवस्थी ने कहा कि हणुत सिंह जी को भारतीय सेना के बेहतरीन कवच कमांडरों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। उनकी सादगी, विनम्रता उम्र, निर्भीकता, नैतिक मूल्यों और व्यावसायिकता की उच्च भावना हमेशा आने वाली अधिकारियों की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होगी ।

हनुत सिंह राठौर यही है क्षत्रित्व,देश के लिये आजीवन अविवाहित रहे और बिना वेतन फ़ौज की नौकरी की लेफ्टिनेंट जनरल हनुत सिंह राठौड़ (वीर हनूत सिंह इस राजस्थानी संत ने तबाह किए थे 48 पाक टैंक) राजस्थान की मिट्टी ने जहां महाराणा प्रताप और वीर दुर्गादास जैसे वीरों को जन्म दिया है वीर हनूत सिंह में राजस्थानी मिट्टी के सभी गुण थे। इन्हीं की अगुवाई में पूना हॉर्स रेजीमेंट ने वर्ष 1965 तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान के 48 टैंक नष्ट कर दिए थे जिसके बाद पाक सेना के सामने हार स्वीकार करने के अतिरिक्त कोई ऑप्शन नहीं बचा। ले. जनरल हनूत सिंह का जन्म 6 जुलाई 1933 को ले. कर्नल अर्जुन सिंह जी राठौड़ ठिकाना जसोल,राजस्थान के घर हुआ था। वह देश के पूर्व विदेश एवं रक्षामंत्री जसवंत सिंह के चचेरे भाई थे। देहरादून के कर्नन ब्राउन स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद वह 1949 में एनडीए में दाखिल हुए। वहीं से उन्होंने सेना ज्वॉइन की। यहां वह सैकण्ड लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त हुए। इसके बाद वह सीढ़ी दर सीढ़ी तरक्की करते रहे।

#### भारत-पाक युद्ध में दिखाई ताकत-

वर्ष 1965 व 1971 में हनूत सिंह ने भारत-पाक युद्ध में पूना हॉर्स रेजीमेंट की ओर से भाग लिया। इनके नेतृत्व में ए.बी. तारपारे व सैकण्ड लेफ्टिनेंट अरूण क्षेत्रपाल ने युद्ध कौशल का परिचय देते हुए पाकिस्तान सेना के 48 टैंक ध्वस्त कर पाक सेना के छक्के छुड़ा दिए।

#### पाक ने कहा फक्र -ए-हिंद-

युद्ध में हनूत सिंह के कौशल से प्रभावित पाकिस्तान की यूनिट ने भारत की इस रेजीमेंट को फक्र -ए-हिंद के टाइटल से नवाजा जो कि भारतीय सेना के इतिहास में पहली बार किसी विरोधी सेना की ओर से नवाजा गया था। युद्ध में उन्हें बहादुरी दिखाने के लिए महावीर चक्र से भी नवाजा गया था।



#### आजीवन रहे बाल-ब्रहमचारी

रेजीमेंट में हनूत सिंह गुरूदेव के नाम से जाने जाते थे। सभी लोग उन्हें यह कहते हुए सम्मान देते थे। उन्होंने शादी नहीं की। उनसे प्रभावित होकर उनकी यूनिट के अधिकतर अधिकारियों ने भी शादी नहीं की।

#### सिपाही से बन गए साधु

उनका बचपन से ही आध्यात्म व योग की ओर रूझान था। सेना के दौरान उनका परिचय देहरादून के शैव बाल आश्रम से हुआ। सेना से रिटायर्ड होने के बाद उन्होंने वहीं रहना शुरू कर दिया। उन्हें गुरूजी के नाम से जाना जाता था। शराब तथा मांस के वह सख्त खिलाफ थे। देहरादून के बाल शिवयोगी से प्रभावित होकर उन्होंने उनसे दीक्षा ली। इसके बाद वह वहीं बस गए। वह वर्ष में दो महीने के लिए जोधपुर के बालासति आश्रम में आया करते थे। वहां भी वह परिवार से अधिक बात नहीं करते और अपनी आध्यात्मिक साधना में ही लीन रहते। सन् 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में महावीर चक्र विजेता जिन्होने अद्वितीय रणनीती से पाकिस्तान के 48 से अधिक टेंको को नेस्तानाबूद कर दिया था। इस युद्ध के कारण ही भारतीय सेना लाहौर को घेरने में सफल हुई थी जिससे 1971 की लड़ाई में भारत पाकिस्तान के शकरगढ़ क्षेत्र में विजयी हुआ था।

#### जीवन परिचय

हणूत सिंह राठौड़ जसोल रावल मल्लिनाथ वंशज थे,उनका वंश राठौड़ो के वरिष्ठ शाखा महेचा राठौड़ है,उनके पिता lt .col अर्जुन सिंह जी थे। इनका जन्म 6 जुलाई 1933 को हुआ था,ये जीवन भर अविवाहित रहे और सती माता रूपकंवर बाला गांव के परम भक्तों में थे, इन्हे 28 दिसंबर 1952 को भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त हुआ था, आज़ाद भारत के 12 महानतम जनरलों में शामिल और भारतीय फौज में जनरल हनुत के नाम से प्रसिद्ध जनरल साब अभी देहरादून में रह रहे थे।पूर्व केन्द्रीय मंत्री जसवंतसिंहजी के सगे चचेरे भाई जनरल हनुत आध्यात्मिक साधना में लीन रहते थे। सन् 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में इन्हे असाधारण वीरता के लिए महावीर चक्र प्रदान किया गया था,वे FLAG HISTORY OF ARMOURED CORP के अधिकृत लेखक थे। इन्हे परम विशिस्ट सेवा मेडल PVSM भी दिया गया था। 31 जुलाई 1991 में वे रिटायर हो गए।

#### 1971 का भारत पाकिस्तान युद्ध

लेफिनेंट कर्नल(तत्कालीन) हणूत सिंह राठौड़ ने इस युद्ध में 47 इन्फेंट्री ब्रिगेड को कमांड किया था, इस युद्ध में जिन क्षेत्रों में सबसे घमासान युद्ध हुआ था उनमे शकरगढ़ भी एक था। लेफिनेंट कर्नल(तत्कालीन) हणूत सिंह की 47 इन्फेंट्री ब्रिगेड को शकरगढ़ सेक्टर में बसन्तर नदी के पास तैनात किया गया था,पाकिस्तान ने इस नदी में बहुत सी लैंड माइंस लगा रखी थी। 16 दिसंबर 1971 के दिन हणूत सिंह की कमांड में सेना ने नदी को सफलता पूर्वक पार किया,पाकिस्तान ने दो दिन लगातार टैंको से हमले किये। लेफिनेंट कर्नल (तत्कालीन) हणूत सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह किये बिना एक खतरनाक सेक्टर से दूसरे खतरनाक सेक्टर में जाकर सेना का नेतृत्व और मार्गदर्शन किया। इस युद्ध में इनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 48 टैंक ध्वस्त कर दिए,और पाकिस्तान का आक्रमण विफल कर दिया। उन्होंने आश्चर्यजनक वीरता, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और इस विजय के फलस्वरूप हणूत सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। जसोल गांव में जयंती मनाने के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता भरत अवस्थी,दौलतराज सोनी, विनोद अवस्थी, दिनेश गोड़, ओमप्रकाश प्रजापत, अशोक बारासा, उदाराम प्रजापत, सोहन सिंह सोलंकी, जीवराजसिंह, मुकेश बालोदिया, नरेश तीरगर, डायाराम प्रजापत आदि मौजूद रहे